


खबरें जो सोच बदल दे

# शुभ लाभ

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र




Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 | शनिवार, 30 मार्च, 2024 | हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित | epaper.shubhlabhdaily.com | संपादक : गोपाल अग्रवाल | पृष्ठ : 14 | मूल्य-6 रु. | वर्ष-6 | अंक-89

### आदत से मजबूर संयुक्त राष्ट्र : भारत ने लगाई कड़ी फटकार

# कुछ खास 'शक्तियों' का दलाल बन गया है संयुक्त राष्ट्र

## भारत के आंतरिक मामलों में टांगें अड़ाना बंद करो

**नई दिल्ली, 29 मार्च (एजेंसियां)।**

संयुक्त राष्ट्र दिमागी दिवालिएपन का शिकार हो गया है या कुछ खास शक्तियों का दलाल बन चुका है। संयुक्त राष्ट्र की दलाल-गतिविधियों के कारण विश्व पटल पर अब कोई भी देश संयुक्त राष्ट्र की नहीं सुनता और न कोई तवज्जो देता है। इसकी वजह ही यही है कि जिन उद्देश्यों को लेकर संयुक्त राष्ट्र का गठन हुआ था, वह बिल्कुल फेल हो गया है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव ऐसे छुटभैये लोग चुने जाने लगे जो किसी




न किसी ताकतवर देश या लॉबी के एजेंट थे और जिनका अपना कोई व्यक्तित्व नहीं था। संयुक्त राष्ट्र कुछ ताकतवर देशों और लॉबियों का एजेंडा सेट करने में लगा रहता है, इसीलिए आज यह अंतरराष्ट्रीय मंच पूरी तरह बेमानी और अप्रासंगिक होकर रह गया है। संयुक्त राष्ट्र का काम केवल कुछ खास देशों के इशारे पर कुछ खास देशों पर निशाना साधना रह गया है। संयुक्त राष्ट्र किसी छोटे से छोटे देश का भी कुछ बिगाड़ने की क्षमता नहीं रखता, लेकिन यह संस्था अपनी इज्जत प्रतिष्ठा का ख्याल रखे बगैर अनर्गल बयान जारी करने और बेमानी की रपटें प्रकाशित करने में लगी रहती है। किसी देश की अस्मिता का ख्याल रखे बगैर उसके आंतरिक मामलों में दखल देना और पागल प्रलाप करना संयुक्त राष्ट्र का काम रह गया है। इसीलिए इज़राइल ने अभी हाल ही में संयुक्त राष्ट्र को मानसिक दिवालिया और महासचिव को अहमक बता कर इस संस्था को भंग करने की सार्वजनिक सलाह दी थी। भारत भी बार-बार यह कह ▶9 पर

**शुभ-लाभ मत**

### संयुक्त राष्ट्र पूरी तरह अक्षम और पंगु हो चुका है : भारत

**नई दिल्ली, 29 मार्च (एजेंसियां)।**

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संयुक्त राष्ट्र के पूरी तरह अक्षम और नाकारा साबित होने की तरफ भारत लगातार अंतरराष्ट्रीय मंचों पर आवाज उठाता रहा है। जी-20 समूह के देशों के सम्मेलन के दरम्यान भी भारत समेत कई देशों ने संयुक्त राष्ट्र के नाकारेपन का मसला उठाते हुए उसके पुनरगठन की मांग की। ▶9 पर

### पूर्वाग्रहग्रस्त संस्थाएं और देश हमें उपदेश न दें : धनखड़

**नई दिल्ली, 29 मार्च (एजेंसियां)।**

देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र और भारतीय न्यायपालिका निष्पक्ष और स्वतंत्र है। लेकिन दुनिया में कुछ ऐसे लोग हैं जो हमारी न्यायिक और लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर हमें उपदेश (लेक्चर) देने की कोशिश कर रहे हैं।दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की भ्रष्टाचार ▶9 पर

### पीएम नरेंद्र मोदी से मिले माइक्रोसॉफ्ट संस्थापक बिल गेट्स

# भारत प्रौद्योगिकी अपना भी रहा है और नेतृत्व भी कर रहा है

- बिल गेट्स ने भारतवर्ष की डिजिटल प्रगति की सराहना की

**नई दिल्ली, 29 मार्च (एजेंसियां)।**

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स के बीच कई मुद्दों पर चर्चा हुई। इस चर्चा का मुख्य मुद्दा तकनीक रहा। इसके अलावा इस चर्चा में शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि भी मुख्य विषय रहे। भारत में सम्पन्न हुए जी-20 शिखर सम्मेलन को लेकर पीएम मोदी ने कहा कि आयोजन से पहले हमने इस पर व्यापक चर्चा की जिसके सुखद परिणाम रहे। उन्होंने बताया कि शिखर सम्मेलन की कार्यवाही में कई मोड़ आए। प्रधानमंत्री के ▶9 पर



### मोदी ने गेट्स को दिए वोकल फॉर लोकल उत्पादों के गिफ्ट

**नई दिल्ली, 29 मार्च (एजेंसियां)।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स को वोकल फॉर लोकल का गिफ्ट हैम्पर दिया। इस हैम्पर में देसी उत्पाद हैं, जो पूरी दुनिया में अपना धमाल मचा रहे हैं। बिल गेट्स ने पीएम मोदी को पोषण से जुड़ी कुछ किताबें उपहार में दीं। बिल गेट्स ने पीएम मोदी को किताबें देते हुए कहा, ये कुछ पोषण से जुड़ी की किताबें हैं, भारतवर्ष पोषण क्षेत्र में लगातार प्रगति कर रहा है। इस पर प्रधानमंत्री मोदी ने ▶9 पर

### दिल्ली हाईकोर्ट ने खारिज की कांग्रेस की सभी याचिकाएं

# कांग्रेस ने चुराया 1800 करोड़ का आयकर

- आयकर विभाग ने कांग्रेस पार्टी को कर चोरी का नोटिस दिया
- केवल कांग्रेस ही नहीं, भाजपा भी कर चोरी की दोषी : माकन

**नई दिल्ली, 29 मार्च (एजेंसियां)।**

लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। दिल्ली हाईकोर्ट से कांग्रेस की याचिका खारिज होने के बाद इनकम टैक्स विभाग ने करीब 1800 करोड़ रुपए की कर चोरी का नोटिस थमा दिया है। यह नोटिस 2017-18 से 2021-22 तक के लिए ब्याज और जुर्माने के साथ है। यह आंकड़ा अभी और अधिक बढ़ने की संभावना है। क्योंकि आयकर विभाग फिलहाल 2021-22 से लेकर 2024-25 तक के पुनर्मूल्यांकन रिपोर्ट का इंतजार कर रहा है। माना जा रहा है कि इसकी भी कट ऑफ डेट रविवार तक पूरी हो सकती है। वहीं कांग्रेस पार्टी चुनाव से पहले आयकर विभाग के इस एक्शन को गैरकानूनी और अलोकतांत्रिक कह रही ▶9 पर




### हाईकोर्ट ने माना, कांग्रेस के खातों में बेहिसाब लेनदेन

**नई दिल्ली, 29 मार्च (एजेंसियां)।**

दिल्ली हाईकोर्ट की बेंच ने अपने आदेश में माना है कि कांग्रेस के खातों में कई बेहिसाब लेनदेन थे। आयकर अधिकारियों के पास उनके पुनर्मूल्यांकन की कार्रवाई शुरू करने के लिए पर्याप्त और ठोस सबूत मौजूद हैं। इनके आधार पर कार्रवाई शुरू की गई। मौजूदा मामला आकलन वर्ष 2017 से 2021 तक का है।

कांग्रेस पार्टी ने दिल्ली हाईकोर्ट में दाखिल याचिकाओं में साल 2014-15,16 और 17 तक के आयकर विभाग की ओर से पुनर्मूल्यांकन कार्रवाई को भी ▶9 पर

### कार्टून कॉर्नर




### तमिलनाडु के भाजपा कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री मोदी ने कहा

# तमिलनाडु के कार्यकर्ता सुनिश्चित कर रहे हैं भाजपा की जीत

- *राज्य में नशीले पदार्थों की एंट्री रोकने के लिए भाजपा सक्षम*

**नई दिल्ली, 29 मार्च (एजेंसियां)।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नमो ऐप के माध्यम से तमिलनाडु के भाजपा कार्यकर्ताओं से बातचीत की। पीएम मोदी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि तमिलनाडु के सभी भाजपा कार्यकर्ता बहुत लंबे समय से वास्तव में अच्छा काम कर रहे हैं। यह काम तमिलनाडु में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने जा रहा है। पीएम मोदी ने एनाथु बूथ, वलिमैयाना बूथ अभियान का भी जिक्र किया। पीएम ने कहा कि इसका मतलब है कि मेरा बूथ सबसे मजबूत है। यह कार्यक्रम सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को जोड़ेगा और हमें एक-दूसरे से सीखने में मदद करेगा।



पीएम मोदी ने कहा, वैसे तो मैं जब भी तमिलनाडु आता हूं तो अपनी बात वणक्कम से शुरू करता हूं, लेकिन आज का वणक्कम मेरे लिए बहुत खास है, क्योंकि जब एक कार्यकर्ता दूसरे कार्यकर्ता का स्वागत वणक्कम से करता है तो कार्यकर्ताओं में अपनेपन का एहसास होता है। कोई भी व्यक्ति हो जब भी वह अपने स्कूल के दोस्तों से मिलता है, तो 25 या 30 साल बाद भी कोई छोटा या बड़ा नहीं होता, सभी एक-दूसरे से खुशी-खुशी मिलते हैं। इसी तरह जब कार्यकर्ताओं से जुड़ा कोई कार्यक्रम होता है तो मैं भी खुशी से भर जाता हूं। मैंने अपने जीवन का बड़ा हिस्सा आप सभी की तरह एक कार्यकर्ता के रूप में काम किया है और यही कारण है कि आज मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं।

पीएम मोदी ने कहा कि लोकसभा के लिए जैसे-जैसे चुनाव अभियान आगे बढ़ रहा है, उम्मीदवार तय हो गए हैं और मुद्दे स्पष्ट हैं। जब मैं पिछली बार सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए तमिलनाडु गया था, तो मुझे लोगों का आशीर्वाद मिला और इससे मुझे बहुत खुशी हुई। मैं कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत देख रहा हूं और मुझे ऐसे कार्यकर्ताओं पर गर्व है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जैसा कि आप जानते हैं कि भाजपा महिला ▶9 पर

## खानपुरिया समेत चार खालिस्तानी आतंकियों को उम्रकैद

### दिल्ली के कनॉट प्लेस में बम धमाके में भी शामिल था

**नई दिल्ली, 29 मार्च (एजेंसियां)।**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के विशेष न्यायालय ने खालिस्तानी आतंकी कुलविंदरजीत सिंह खानपुरिया सहित चार आतंकियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। इन आतंकियों को देशद्रोह करने व हथियारबंद होकर विद्रोह करने के आरोप में यह सजा सुनाई गई है।



पंजाब के मोहाली में राष्ट्रीय जांच एजेंसी की एक विशेष अदालत ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल के आतंकी कुलविंदरजीत सिंह खानपुरिया और उसके तीन साथियों जगदेव सिंह, रविंदरपाल सिंह मेहना और हरचरन सिंह दिल्ली को उम्रकैद की सजा सुनाई है। आर्थिक दंड भी लगाया गया है। चारों आरोपियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत में पेश किया गया। दोषी खानपुरिया पर 2019 में एनआईए ने मामला दर्ज किया था। उसे 21 नवंबर 2022 को दिल्ली के इंदिरा ▶9 पर




### हिमालय क्षेत्र की 188 झीलों के लिए चेतावनी

# कभी भी भीषण हादसे का सबब बन सकती हैं ये झीलें

## *उत्तराखंड की 13 हिमनद झीलों पर निरंतर निगरानी का निर्देश*

## *एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ को सतर्क रहने को कहा गया*

**देहरादून, 29 मार्च (एजेंसियां)।**

देश के जलवायु और भू-गर्भ विशेषज्ञों ने रिपोर्ट में केंद्र सरकार को बताया है कि जलवायु और भू-गर्भीय हलचलों के कारण हिमालय की 188 झीलों और ग्लेशियरों पर नजर रखने की जरूरत है। यह झीलें कभी भी भीषण हादसे का कारण बन सकती हैं। इस बारे में केंद्रीय आपदा प्रबंधन बल (एनडीआरएफ) को भी जानकारी देकर सचेत किया गया है कि वह इन ग्लेशियरों और झीलों पर बराबर नजर रखे। हिमालय क्षेत्र के ऊपरी इलाकों में स्थित इन हिमनद में से 13 उत्तराखंड में हैं। इन्हें तीन श्रेणियों में बांटा गया है।

उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी और एसडीआरएफ के प्रमुख रंजीत सिंह के साथ अन्य अधिकारियों की वर्चुअल बैठक में केंद्र सरकार की तरफ से एनडीआरएफ और अन्य एजेंसियों ने बैठक कर दूरगामी रणनीति बनाए जाने की बात कही है। उत्तराखंड में चमोली, पिथौरागढ़ को सबसे



अधिक संवेदनशील माना गया है। जानकारी के मुताबिक चमोली की वसुंधरा ताल, धौली गंगा, पिथौरागढ़ की दारमा घाटी की अनाम झील, लसर यांगती, कुंथी यांगति और युंगरू झील को ए श्रेणी में रखा गया है। बी श्रेणी के हिमनद में विष्णुगंगा, टिहरी की भिलंगना, पिथौरागढ़ की गौरगंगा और व्यास घाटी की झील को रखा गया है। सी श्रेणी की झीलों में केदारताल, देवी कुंड और गंगा बेसिन की दो झील हैं।

देश के जलवायु और भू-गर्भ वैज्ञानिकों ने हिमालय श्रृंखला की सेटेलाइट तस्वीरें, बैथमैंट्री सर्वे की रिपोर्ट केंद्र सरकार को दी है। भारत सरकार ने पुणे की सीडेक को इस मामले में आगे तकनीकी नोडल एजेंसी बनाते हुए काम शुरू करने को कहा है, जो वाडिया इंस्टीट्यूट, आईआईआरएस, यूएसडीएमए जैसी शीर्ष संस्थाओं की रिपोर्ट के आधार पर विशेषज्ञ के रूप में काम करेगी।

एनडीआरएफ, एसडीआरएफ इन हिमनदों पर लगातार निगरानी रखेगी और एक एलार्म सिस्टम की तरह काम करेगी। हिमालय क्षेत्र में केदारनाथ, चमोली, उत्तरकाशी जैसी प्राकृतिक आपदाओं के पीछे ग्लेशियरों और बादल का फटना प्रमुख कारण रहा है। बादल फटने जैसी घटनाओं के पीछे बड़ी वजह हिमालय की घाटियों में प्रदूषण का बढ़ना भी है। केंद्र और राज्य सरकारों के ऊपर वाहनों का प्रदूषण कम करने का दबाव भी है। केंद्र ने उत्तराखंड सरकार को 13 हिमनद झीलों पर बराबर निगरानी रखने को कहा है, जिनका स्वरूप बदलने की दशा में प्राकृतिक आपदा आ सकती है।




### शेयर मार्केट



बीएसई : 73,651.35
+655.04 +0.90% ↑
एनएसई :22,326.90
203.25 (0.92%) ↑

### मौसम हैदराबाद

अधिकतम : 39°
न्यूनतम : 27°

### सर्राफ़ा बाज़ार



(24 कैरेट गोल्ड)
सोना : 70,013/-
(प्रति 10 ग्राम)
चाँदी : 77,258/-
(प्रति किलोग्राम)



# एक मंच पर पूर्व-वर्तमान राष्ट्रपतियों की तिकड़ी, इस कार्यक्रम में बाइडन का समर्थन करते दिखे ओबामा-क्लिंटन

**न्यूयॉर्क, 29 मार्च (एजेंसियां)।**

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन, पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और बिल क्लिंटन के साथ एक हाई प्रोफाइल धन इकट्ठा करने वाले कार्यक्रम में शामिल हुए। यह कार्यक्रम मैनहैट्टन के रेडियो सिटी म्यूजिक हॉल में आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति जो बाइडन को फिर से चुने जाने के लिए चलाए गए अभियान के लिए 25 मिलियन धनराशि इकट्ठा की गई है। यह राशि उनके प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप द्वारा जुटाए गए राशि से अधिक है।

**राष्ट्रपतियों की तिकड़ी ने कार्यक्रम में लिया हिस्सा** – कार्यक्रम में कई सितारों में हिस्सा लिया था, जिसमें सिंगर क्वीन लतीफा और लिजो ने परफॉर्म किया। पूर्व और वर्तमान राष्ट्रपतियों की तिकड़ी ने इस कार्यक्रम में कई सवालों के जवाब दिए। इस दौरान कई अहम मुद्दों पर मजाकिया तौर पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में शामिल होने वाले दर्शकों को राष्ट्रपतियों की तिकड़ी के साथ तस्वीर खिंचवाने का मौका भी मिला। इस तस्वीर के लिए उन्हें .100,000 का भुगतान करना था। बाइडन के कार्यक्रम के आयोजन के दौरान फलस्तीनी समर्थकों ने प्रदर्शन भी किया। हॉल के अंदर भी कुछ प्रदर्शनकारियों ने हंगामा किया।

**पुलिस अधिकारी की श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए राष्ट्रपति बाइडन** – इस कार्यक्रम में शामिल होने से पहले राष्ट्रपति बाइडन पुलिस अधिकारी जोनाथन डिलर की श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए, जिनकी सोमवार को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। बाइडन ने पुलिस अधिकारी की मौत को लेकर न्यूयॉर्क के मेयर एरिक एडम्स से संपर्क भी किया था। इस घटना के बाद पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कानून और व्यवस्था की वापसी का आह्वान किया। हालांकि, उन्होंने इस घटना पर राष्ट्रपति बाइडन पर सीधे तौर पर कोई टिप्पणी नहीं की। डोनाल्ड ट्रंप के अभियान का पूरा ध्यान पुलिस व्यवस्था और आप्रवासन पर राष्ट्रपति बाइडन के रुख पर आलोचना करने पर केंद्रित है।

बता दें कि मौजूदा समय में राष्ट्रपति बाइडन के पास पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तुलना में अधिक फंड है। 2016 में अपने पहले राष्ट्रपति अभियान (ट्रंप) के दौरान एक पॉर्न स्टार को कथित तौर पर पैसे का भुगतान करने के मामले में 15 अप्रैल को सुनवाई हो सकती है।


## न्यूज ब्रीफ

### उम्मीद है हर किसी के अधिकारों की रक्षा की जाएगी, केजरीवाल की गिरफ्तारी और आगामी चुनाव पर संयुक्त राष्ट्र



**संयुक्त राष्ट्र।** भारत समेत दुनियाभर के कई देशों में इस साल चुनाव होने हैं। ऐसे में, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस के एक प्रवक्ता ने कहा कि वैश्विक निकाय उम्मीद करता है कि भारत और जिस भी देश में चुनाव हो रहे हैं, वहां के लोगों के राजनीतिक और नागरिक अधिकारों की रक्षा हो। इसके अलावा, हर कोई स्वतंत्र और निष्पक्ष माहौल में मतदान कर सके।
राजनीतिक अशांति पर सवाल संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता महासचिव स्टेफन दुजारिक गुरुवार को सवालों का जवाब दे रहे थे। उनसे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी, कांग्रेस पार्टी के बैंक खाते को फ्रीज करने के मद्देनजर आगामी आम चुनावों से पहले भारत में राजनीतिक अशांति पर सवाल किया गया था।
हर कोई स्वतंत्र और निष्पक्ष माहौल में मतदान कर सके दुजारिक ने कहा, हम भारत या जिस भी देश में चुनाव होने वाले हैं, बस यही उम्मीद कर सकते हैं कि हर किसी के राजनीतिक और नागरिक अधिकार सुरक्षित रहें। इसके अलावा, हर कोई स्वतंत्र और निष्पक्ष माहौल में मतदान कर सके। अमेरिकी राजनयिक को तलब संयुक्त राष्ट्र की यह प्रतिक्रिया अमेरिका द्वारा केजरीवाल की गिरफ्तारी और कांग्रेस पार्टी के बैंक खातों को फ्रीज करने पर इसी तरह के सवाल पर प्रतिक्रिया देने के एक दिन बाद आई है। दरअसल, केजरीवाल की गिरफ्तारी पर टिप्पणी के विरोध में एक वरिष्ठ अमेरिकी राजनयिक को भारत ने तलब किया था, जिसके कुछ घंटों बाद वाशिंगटन ने फिर दोहराया कि यह निष्पक्ष, पारदर्शी, समय पर कानूनी प्रक्रियाओं को प्रोत्साहित करता है। अमेरिका ने फिर दोहराया बयान अमेरिकी राजनयिक को तलब करने पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा था, 'मैं किसी निजी राजनयिक बातचीत के बारे में बात नहीं करूंगा। लेकिन निश्चित रूप से हमने सार्वजनिक रूप से जो कहा है, वही मैं फिर से दोहरा रहा हूं कि हम निष्पक्ष, पारदर्शी, समयबद्ध कानूनी प्रक्रियाओं को प्रोत्साहित करते हैं। हमें नहीं लगता कि किसी को इस पर आपत्ति होनी चाहिए।

### मेरे अंदर का शैतान जाग गया था..., पूछताछ के दौरान आतंकवादी ने कबूली महिला के साथ दुष्कर्म की बात



**यरूशलम।** इजराइली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने इस्लामिक जिहाद आतंकवादी मनार महमूद मोहम्मद कासीम से पूछताछ का एक वीडियो जारी किया है। पिछले साल सात अक्तूबर को इजराइल पर हवाई हमले में उसकी भूमिका को लेकर पूछताछ वाले वीडियों में आतंकवादी ने एक इजराइली महिला के साथ दुष्कर्म करने की बात कबूली। वीडियो में आतंकवादी ने स्वीकार की महिला से दुष्कर्म की बात सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी वीडियो में आतंकवादी ने कहा, मैंने पहले उसे लिटा दिया। फिर उसके कपड़े उतारे और उसके साथ दुष्कर्म किया। कासीम ने इजराइली महिला के साथ उस दिन दुष्कर्म किया, जिस दिन हमास के आतंकियों ने इजराइल में हवाई हमले किए थे। कासीम ने कहा कि वह इस हमले के बारे में ज्यादा कुछ नहीं जानता है। जब वह अपने नियमित स्थान पर पहुंचा, तब उसके एक दोस्त ने उसे इस हमले की जानकारी दी। पूछताछ के अनुसार, खान यूनिस से संबंधिक कासीम को इस्लामिक जिहाद के नौसेना इकाई में प्रशिक्षित किया गया था। वह अपने दोस्त के साथ जमीनी रास्ते से इजराइल में घुसा था। उसने बताया कि उसका साथी घायल हो गया था, इसके बावजूद वह कीबुत्ज की ओर चलता रहा उसके पास दो ग्रेनेड और और एक हैंडगन था। मदद मांग रही महिला के साथ किया दुष्कर्म हमले के दौरान वह एक कमरे में घुसा, जहां एक महिला उससे मदद मांग रही थी। उसने कहा, मेरे अंदर का शैतान मुझ पर हावी हो गया। मैंने उसे लिटा दिया और उसके कपड़े उताड़ दिए। मैंने जो किया वही किया। जब जांचकर्ताओं ने उससे पूछा कि क्या किया, उसने कहा, मैंने महिला के साथ दुष्कर्म किया। उसने मुझे धक्का दिया। यह ज्यादा समय तक नहीं चला। मैंने बाहर चिल्लाने की आवाज सुनी। उसने आगे बताया, दो व्यक्ति, जिनकी वर्दी में नडाल अल अमुदी लिखा हुआ था, घर में घुसे। उन्होंने लड़की की मां को खींचा, उसे अंदर ले गए और दोनों को एक-दूसरे के अगल-बगल बैठा दिया। कासीम ने आगे बताया कि जब दोनों व्यक्ति लड़कियों को ले जा रहे थे तब उसने उनपर गोली चलाई और ग्रेनेड फेंककर वहां से फरार हो गया। पिछले साल सात अक्तूबर को इजराइल में हुए हमले में 1100 से अधिक इजराइली नागरिकों की मौत हो गई थी।

# दारफूर की सड़कों पर पड़े शवों पर पांव रखने से बचकर निकलना पड़ा, सूडानी महिलाओं ने यूएन को बताई आपबीती

**सूडान, 29 मार्च (एजेंसियां)।**

सूडान के दारफूर क्षेत्र में सेवारत रहीं संयुक्त राष्ट्र की एक पूर्व कर्मचारी ने, यूएन न्यूज़ के साथ एक बातचीत में, भीषण लड़ाई के दौरान अपनी जान बचाने के लिए पड़ोसी देश चाड में शरण लेने के अनुभव को बयान किया है। उन्होंने बताया कि सड़कों पर हर तरफ शव बिखरे हुए थे और छतों पर बैठे बंदूकधारी-निशानची, लोगों को निशाना बना रहे थे।

अप्रैल 2023 में सूडानी सशस्त्र बलों और ऋस्त्र नामक अर्द्धसैनिक बलों के बीच लड़ाई भड़क उठी थी, जिसके बाद से सूडान, विशेष रूप से दारफूर क्षेत्र मानवीय और सुरक्षा संकट से जूझ रहा है। दारफूर में जातीय टकराव ने इस क्षेत्र को पिछले दो दशकों से अधिक समय से जकड़ा हुआ है।

**फातिमा** – पश्चिमी दारफूर प्रान्त के अल जिनीना शहर की निवासी हैं और पहले अफ्रीकी संघ व यूएन के साझा मिशन, यूएनएएमआईडी, का हिस्सा रही हैं। इस प्रांत में हजारों लोगों के मारे जाने की खबर है और जब परस्पर विरोधी गुट के लड़ाके शहर पर नियंत्रण की लड़ाई लड़ रहे थे, तभी उन्होंने अपनी जान बचाने के लिए अपने परिवार के साथ देश की सीमा पार की।

उन्होंने कहा, हम 57 दिनों से अधिक समय तक अपने घरों में फंसे हुए थे, जबकि लड़ाके व्यवस्थागत ढंग से जातीय आधार पर लोगों को निशाना बना रहे थे और उनकी हत्या कर रहे थे। उन्होंने महिलाओं, बच्चों और वृद्धजन को भी नहीं बख्शा। छतों पर निशानेबाज़ छिपे हुए थे और किसी भी व्यक्ति के नजर आने पर उसे निशाना बनाया जाता था। जिस तरह से लोगों को जान से मारा गया, उसे बयान नहीं किया जा सकता है।

दारफूर में दो दशकों के हिंसक टकराव की वजह से हजारों लोग विस्थापित हुए हैं और उनमें से अनेक की अब शिविरों और अल जिनीना शहर में आवाजाही रहती है। साल की शुरुआत में या फिर रमदान के महीने के दौरान ऐसा होता है, जब हत्याओं, विस्थापन व विध्वंस का सिलसिला शुरू हो जाता है। इस दौरान लोगों की जिंदगी में व्यवधान आता है और बाजार, स्कूल और सरकारी संस्थान बन्द रहते हैं। फिर जब हमले रुक जाते हैं, तो लोग अपने सामान्य जीवन की ओर लौटने का प्रयास करते हैं। जब पिछले वर्ष अप्रैल महीने में युद्ध भड़का था, तो हमने सोचा कि इस बार भी ऐसा ही होगा, मगर दुर्भाग्यवश, ऐसा हुआ नहीं।



फातिमा ने कहा, मैंने हथियारबंद पुरुषों को देखा, जिनमें से कुछ विदेशी थे और उन्होंने चारों ओर से हमारे शहर को घेर लिया था। मैं एक पत्रकार के तौर पर तस्वीरें लेने कुछ ऊंचाई वाले स्थान पर गई और पड़ोसी भी अपने घरों की खिड़कियों से देख रहे थे। मिलिशिया सदस्य गोलियां चला रहे थे और कयामत के दिन के बारे में चिल्लाते हुए कह रहे थे कि पृथ्वी पर मौत व विध्वंस होगा। हम अपने घरों में फंसे हुए थे और हमें, अपने पलंग के नीचे छिपना पड़ा। गोला-बारुद हर जगह बिखरा हुआ था और मैं सड़कों पर लोगों को चीखते हुए और गोलियों की आवाजें सुन सकती थी।

यह युद्ध अल जिनीना के दक्षिणी हिस्से में 57 दिन तक चला और पूरे के पूरे इलाकों का सफाया हो गया। मिलिशिया के लड़ाकों ने व्यवस्थागत ढंग से काम किया। वे लोगों को मारने के लिए घर-घर गए। छतों पर निशानची भी बैठे हुए थे और किसी के भी दिखने पर उसे निशाना बना रहे थे। ये मौत का जैसा दृश्य था, मैं उसका वर्णन नहीं कर सकती हूं।

**हत्याएं-लूटपाट करने वाली टीमें** – मिलिशिया ने दो टीमों में काम किया। एक टीम का ध्यान लोगों को जान से मारने पर केंद्रित था, जबकि दूसरी उनकी संपत्ति को लूट रही थी। कुछ बंदूकधारी अरबी भाषा में बात नहीं करते थे, और उन्होंने हमें धमकी दी कि यदि हमने सोना व धन नहीं दिया तो हमें जान से मार दिया जाएगा।

नक़ाब पहने हुए व्यक्तियों ने मेरे घर में प्रवेश किया, और ऐसा प्रतीत हुआ कि उनमें से एक व्यक्ति मुझे जानता था। उसने कहा कि तुम एक पत्रकार हो, तुम अतीत में ख़बरें लिखा करती थीं, मगर अब नहीं लिख सकती हो।

**चाड में मिली शरण** – उन्होंने बताया- मैंने अपना घर जल्दबाज़ी में छोड़ा था और अपना सारा धन, सोना और अन्य मूल्यवान सम्पत्ति वहीं छोड़ आई थी। इसलिए मैंने कुछ धन उधार लिया और एक कार किराए पर लेकर अपने बेटे व अन्य परिजन के साथ आद्रे पहुंची, जो कि चाड का एक शहर है। पहले दिन हमें वापस लौटना पड़ा चूँकि यह बेहद ख़तरनाक था और अगले दिन जब हमने फिर यात्रा करने की कोशिश तो हथियारबंद लोगों ने हमारी गाड़ी रोककर हमारा सारा सामान लूट लिया। हम किसी तरह आद्रे में शरणार्थी शिविर तक पहुंच गए, लेकिन कई लोग रास्ते में ही मारे गए। अनेक बच्चों ने अपने माता-पिता को खो दिया। चाड की सेना ने अनेक शरणार्थियों और कुछ घायलों को ऐल जिनीना से शिविरों तक पहुंचाने में मदद की और उन्हें भोजन व जल मुहैया कराया। चाड में भी हालात पीड़ादाई थे, लेकिन जो कुछ हमने पहले अनुभव किया था, ये पीड़ा उससे कम थी। मेरी मनोसामाजिक स्थिति बेहद खराब थी। यदि मुझसे कोई बात करते तो मैं अपना ध्यान केंद्रित नहीं कर पाती थी। मुझे दिन और समय का भी ज्ञान नहीं रहा, मगर अब मेरी स्थिति बेहतर हो रही है। मैं इसके लिए ईश्वर का आभार प्रकट करती हूं।

# रोज एक अरब टन अनाज हो रहा बर्बाद, 80 करोड़ लोग सो रहे भूखे, 20 फीसदी भोजन कूड़े में फेंका जा रहा



**वाशिंगटन, 29 मार्च।**

दुनियाभर में हर दिन एक अरब टन से अधिक भोजन बर्बाद हो जाता है, वहीं करोड़ों लोग भूखे सोने को मजबूर हैं। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) की फूड वेस्ट इंडेक्स 2024 रिपोर्ट के मुताबिक, 2022 में 1.05 अरब टन भोजन बर्बाद हो गया। करीब 20 फीसदी भोजन कूड़े में फेंक दिया जाता है। खेत में उपज से लेकर थाली तक पहुंचने तक 13 फीसदी अनाज बर्बाद हो जाता है। कुल मिलाकर उत्पादन प्रक्रिया के दौरान लगभग एक तिहाई भोजन बर्बाद हो जाता है। इसके चलते रोजाना 80 करोड़ लोग भूखे रह जाते हैं। यूएन पर्यावरण कार्यक्रम की कार्यकारी निदेशक इंगेर एडरसन ने कहा कि बाजार में उपलब्ध खाद्य उत्पादों का लगभग पांचवां हिस्सा बर्बाद हो जाता है। ज्यादातर भोजन परिवारों की ओर से बर्बाद कर दिया जाता है।

**वैश्विक अर्थव्यवस्था पर बुरा असर** – खाने की बर्बादी वैश्विक त्रासदी एंडरसन ने कहा, भोजन की बर्बादी एक वैश्विक त्रासदी है। दुनियाभर में भोजन की बर्बादी के कारण वर्तमान में लाखों लोग भूखे हैं। यह समस्या न केवल वैश्विक अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव डालती है, बल्कि जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता के नुकसान पर भी नकारात्मक प्रभाव डालती है। संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों के तहत दुनिया का लक्ष्य 2030 तक बर्बाद होने वाले भोजन की मात्रा को आधा करना है।

**दुनिया में भोजन की बर्बादी सबसे ज्यादा घरों में हो रही** – रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया में सबसे अधिक भोजन घरों में बर्बाद होता है, इसकी वार्षिक मात्रा 63.1 करोड़ टन है। यह बर्बाद हुए कुल भोजन का लगभग 60 प्रतिशत है। भोजन बर्बादी की मात्रा खाद्य सेवा क्षेत्र में 29 करोड़ टन और फुटकर सेक्टर में 13.1 करोड़ टन है। रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया में हर व्यक्ति सालाना औसतन 79 किलो खाना बर्बाद करता है। यह दुनिया के हर भूखे व्यक्ति को प्रतिदिन 1.3 आहार के बराबर है।

**अमीर और गरीब देशों की स्थिति एक जैसी** – यूएनईपी 2021 से भोजन की बर्बादी की निगरानी कर रहा है। उसका कहना है कि समस्या अमीर देशों तक सीमित नहीं है। अनुमान है कि उच्च, उच्च मध्यम और निम्न मध्यम आय वाले देशों के बीच प्रति व्यक्ति वार्षिक खाद्य अपशिष्ट दर में केवल सात किलोग्राम का अंतर है।

# तबाह घरों में मौज-मस्ती करते दिखे इजराइली सैनिक, तो भड़के यूएन के संगठन, इजराइल की सेना ने दिया जवाब

**गाजा, 29 मार्च।**



इजराइल के सैनिक फलस्तीन के तबाह हो चुके घरों में महिलाओं के अंत: वस्त्रों के साथ खिलवाड़ करते हुए नजर आए हैं। ये तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इजराइली सैनिकों की इस हरकत के बाद संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग की प्रवक्ता रवीना शामदासानी ने इसे अपमानजनक बताया है।

**सोशल मीडिया पर वायरल हुई तस्वीरें** – इजराइली सैनिकों की ऐसी कई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इन तस्वीरों को लेकर दुनियाभर से अलग अलग प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। कोई इन तस्वीरों को शर्मनाक बता रहा है, तो कोई इसे लेकर अलग ही राय रख रहा है।

**संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय की प्रवक्ता का बयान** – संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय की प्रवक्ता रवीना शामदासानी ने ऐसी तस्वीरों को अपमानजनक कहा है। उन्होंने कहा कि ऐसी तस्वीरें पोस्ट करना फलस्तीनी महिलाओं और दुनिया की सभी महिलाओं के लिए अपमानजनक है। इसके बाद इजराइल रक्षा बलों से इस बारे में जवाब मांगा गया है। कानून विशेषज्ञ भी इजराइली सेना की आलोचना की गई है। क्वीन्स यूनिवर्सिटी में कानून के सहायक प्रोफेसर आर्डी इम्सेइस ने कहा कि ये चौथे जिनेवा कन्वेंशन के अनुच्छेद 27 का उल्लंघन है। अनुच्छेद 27 कहता है कि नागरिक अपने सम्मान, पारिवारिक अधिकारों, शिष्टाचार और रीति-रिवाजों के प्रति सम्मान के हकदार हैं। इसके मुताबिक महिलाओं को उनके सम्मान पर किसी भी हमले के खिलाफ विशेष रूप से संरक्षित किया जाना चाहिए।

**इजराइली सेना ने क्या कहा** – इसके जवाब में इजराइली सेना का कहना है कि फोटो और वीडियो की सत्यता की जांच की जा रही है। आगे कहा गया है कि मामले में सैन्य पुलिस जांच में जुट गई है। अगर अपराध पाया गया तो संबंधित व्यक्ति को सजा मिलेगी।

**फलस्तीन इजराइल के बीच जंग** – फलस्तीनी इस्लामी समूह हमास द्वारा इजराइल पर किए गए हमले के बाद 7 अक्टूबर 2023 को इजराइल ने भी जवाबी कार्ररवाई शुरू कर दी। इजराइल के अनुसार, हमास के कार्यकर्ताओं ने लगभग 1,200 लोगों को मार डाला और 253 को बंधक बनाया।

# जहाज के ब्लैक बॉक्स में मिला ऑडियो, हादसे से पहले मच गया था हड़कंप, पायलट ने दी थी यह चेतावनी

**न्यूयॉर्क, 29 मार्च (एजेंसियां)।**

मंगलवार की रात लगभग 1.27 बजे 984 फुट लंबा मालवाहक जहाज डाली फ्रांसिस स्कॉट की पुल से जा टकराया। करीब तीन किलोमीटर लंबा यह पुल कुछ ही सेकंड में पेटाप्सको नदी में समा गया था। पुल के टूट जाने से ब्लाटिमोर बंदरगाह से कई देशों का कनेक्शन कट गया है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि पुल के पुनर्निर्माण में करीब दो साल का समय लग सकता है। अनुमान यह भी है कि इसे फिर से तैयार करने में 350 मिलियन डॉलर की लागत लग सकती है। इस हादसे की जांच कर रही टीम को एक महत्वपूर्ण चीज हाथ लगी है। टीम के जांचकर्ता मार्सेल मुइज का कहना है कि तटरक्षक बल ने मंगलवार को ब्लैक बॉक्स के वीडीआर से ऑडियो बरामद किया है। इस ऑडियो को एनटीएसबी अधिकारियों को सौंपा गया।

**ब्लैक बॉक्स से निकली पल पल की अपडेट**

- 00:30 बजे: डाली को दो बड़ी नावों की सहायता से बंदरगाह से रवाना किया गया। जहाज में भारत के 21 चालक दल के सदस्य थे और सभी श्रीलंका की लंबी यात्रा पर जा रहे थे।
- 01:07 बजे: जहाज फोर्ट मैकहेनरी चैनल में प्रवेश कर चुका था।
- 01:24 बजे: डाली फोर्ट मैकहेनरी चैनल के भीतर लगभग नौ मील प्रति घंटे की रफ्तार से 141 डिग्री की वास्तविक दिशा में नेविगेट कर रही थी।
- 01:26:02 बजे: वीडीआर ने जहाज के सिस्टम डेटा को रिकॉर्ड करना शुरू कर दिया।
- 01:26:39 बजे: जहाज के पायलट ने एक रेडियो कॉल प्रसारित किया, जिसमें डाली के पास टग्स से सहायता मांगी गई।
- 01:27:04 बजे: पायलट ने डाली को पोर्ट एंकर छोड़ने का निर्देश दिया और आगे स्टीयरिंग कमांड जारी किए।
- 01:27:25 बजे: पायलट ने वीएचएफ रेडियो पर बताया कि डाली पूरी तरह से अनियंत्रित हो चुकी है और फ्रांसिस स्कॉट की ब्रिज की तरफ जा रही है।



- 1:29:33 बजे: वीडीआर ऑडियो रिकॉर्ड में डाली के पुल के साथ टकराने की ध्वनियां सुनाई दीं। लगभग इसी समय, एक एमडीटीए डैश कैमरा पुल की लाइटें बुझते हुए दिखाता है।
- 1:29:39 बजे: पायलट ने फ्रांसिस स्कॉट की ब्रिज के गिरने की सूचना दी

**बाल्टीमोर में क्या हादसा हुआ है** – अमेरिकी राज्य मैरीलैंड के अंतर्गत आने वाले बाल्टीमोर शहर में मंगलवार तड़के बड़ा हादसा हो गया। दरअसल, एक बड़ा कंटेनर जहाज डाली शहर के मशहूर फ्रांसिस स्कॉट की ब्रिज से टकरा गया। इसके बाद पुल टूटकर पटप्सको नदी में समा गया। टक्कर की वजह से कई वाहन और लोग भी नदी में गिर गए। डाली जहाज बाल्टीमोर से श्रीलंका की राजधानी कोलंबो के लिए रवाना हुआ था।

# देश में हिंदुओं के योगदान को.., विपक्षी लेबर पार्टी की भारतीयों से जुड़ने की कोशिश, होली पर दिया संदेश

**लंदन, 29 मार्च (एजेंसियां)।**

ब्रिटेन की विपक्षी लेबर पार्टी ने भारत को लेकर की गई अपनी पुरानी गलतियों को ठीक करने की कोशिश शुरू कर दी है। गौरतलब है कि ब्रिटेन में इस साल के अंत या अगले साल की शुरुआत में आम चुनाव होने हैं। ऐसे में लेबर पार्टी भारत के अंदरूनी मामलों पर अपने रुख को लेकर बड़े बदलाव शुरू कर रही है, ताकि उसे ब्रिटेन में बसे भारतीय समुदाय का समर्थन भी हासिल हो सके। इसी कोशिश में लेबर पार्टी के प्रमुख कियर स्टार्मर ने ब्रिटेन के भारतीय समुदाय को होली पर विशेष संदेश दिया है।

बताया गया है कि ब्रिटिश-भारतीय थिंक टैंक 1928 इंस्टीट्यूट की तरफ से इस हफ्ते लंदन में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस दौरान लेबर पार्टी के मुखिया कियर स्टार्मर खुद भारतीय समुदाय के बीच पहुंचे। उनके साथ होली मनाने के लिए लंदन के मेयर सादिक खान और स्टार्मर की शैडो कैबिनेट के कई साथी शामिल थे।



### होली का त्योहार राष्ट्रीय नवीनीकरण के संदेश के साथ बढ़ने का मौका

स्टार्मर ने इस कार्यक्रम के दौरान कहा कि यह त्योहार पार्टी के राष्ट्रीय नवीनीकरण के संदेश को आगे बढ़ाने का एक सही मौका है। उन्होंने कहा, जैसे हम वसंत ऋतु का स्वागत कर रहे हैं, यह समय नई शुरुआत के जश्न का, ताकि पुराने को पीछे छोड़ा जा सके और नए का स्वागत हो सके। और मुझे कहना होगा कि एक चुनावी साल में यह संदेश मेरे लिए अलग गूंज रखता है।

बता दें कि ब्रिटेन में चुनाव से पहले ही विपक्षी लेबर पार्टी सत्तासीन कंजर्वेटिव पार्टी के मुकाबले कई ओपिनियन पोल्स में आगे चल रही है। माना जा रहा है कि लेबर पार्टी अपनी बदली छवि के जरिए नाराज भारतीय समुदाय को मनाने की कोशिश में भी जुटा है, ताकि उसके भारत के साथ संबंध बेहतर हो सकें। बता दें कि कियर स्टार्मर से पहले जेरेमी कॉर्बिन के नेतृत्व में लेबर पार्टी का रुख भारत से विपरीत रहा है। बीते कुछ वर्षों में लेबर पार्टी के नेताओं ने जम्मू-कश्मीर से लेकर कई अन्य मुद्दों पर बयानबाजी की, जिसकी भारत की तरफ से निंदा की गई।

### होली का त्योहार भविष्य के लिए देता है उम्मीद

कियर स्टार्मर ने होली पर संदेश देते हुए कहा, यह हमार लिए समय है कि हम हिंदुओं की तरफ से ब्रिटेन के लिए दिए गए अनेकों योगदान के लिए उनका शुक्रिया अदा करें और होली की समावेशी, जोरदार मेहनत, नवीनीकरण, सुधार, जश्न और करुणा की भावना के प्रति प्रतिबद्धता जताएं। इस अनिश्चितताओं से भरी दुनिया में यह चीजें बेहद जबरदस्त अहमियत रखती हैं। यह त्योहार सिर्फ हमें खुशी नहीं देती, बल्कि हमारे भविष्य के लिए एक उम्मीद भी देता है कि अच्छाई की हमेशा बुराई पर जीत होती है और रोशनी हमेशा अंधेरे को खत्म कर देती है।

ऑल इन वन
शनिवार, 30 मार्च, 2024
बेंगलूरु
शुभ लाभ DAILY
खबरें जो सोच बदल दे

## सार-संक्षेप

### आंध्र के लोग वाईएसआरसीपी को हराने के लिए तैयार: नायडू

**अमरावती, 29 मार्च (एजेंसियां)।** आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के अध्यक्ष एन चंद्रबाबू नायडू गुरुवार को चुनावी जनसभी में सीएम वाईएस जगन मोहन रेड्डी पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश में लोग आगामी चुनावों में वाईएसआरसीपी प्रमुख जगन रेड्डी को हराने के लिए तैयार बैठे हैं। उन्होंने लोगों से राज्य की प्रगति के लिए टीडीपी, भाजपा और जनसेना के एनडीए गठबंधन का समर्थन करने की अपील की। आंध्र प्रदेश में लोकसभा चुनाव के साथ विधानसभा के लिए चुनाव होंगे। टीडीपी अध्यक्ष ने गुरुवार को अनंतपुर जिले में तीन जनसभाएं कीं। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश के सीएम वाईएस जगन मोहन रेड्डी का अहंकार 13 मई को होने वाले चुनाव के बाद टूट जाएगा। नायडू ने एनडीए गठबंधन के सत्ता में आने पर पांच साल के भीतर युवाओं के लिए 20 लाख नौकरियां सृजित करने और नौकरी न मिलने तक 3,000 रुपए मासिक बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया।

### भाजपा के लिए राहुल गांधी वरदान की तरह हैं : ठाकुर

**हमीरपुर, 29 मार्च (एजेंसियां)।** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बृहस्पतिवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी भाजपा के लिए वरदान की तरह हैं। क्योंकि भगवा पार्टी की जीत सुनिश्चित करने में उनका योगदान बहुत बड़ा है। एक मीडिया हाउस के शिखर सम्मेलन में वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि उनके मन में राहुल गांधी के लिए बहुत सम्मान है। वह एक बड़े नेता हैं। ठाकुर ने कहा, वह भाजपा की जीत सुनिश्चित करने में उतनी ही ऊर्जा खर्च करते हैं जितनी हम करते हैं। गांधी की भारत जोड़ो यात्रा पर कटाक्ष करते हुए ठाकुर ने कहा कि उन्हें खुशी है कि कांग्रेस नेता विदेशी स्थानों की यात्रा करने के बजाय देश का दौरा कर रहे हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, चूंकि अब उनकी भारत जोड़ो न्याय यात्रा पूरी हो चुकी है। आप कल्पना कर सकते हैं कि वे क्या खोने जा रहे हैं। ठाकुर ने आश्चर्य जताया कि जब उनकी अपनी पार्टी उन्हें बर्दाश्त करने में असमर्थ है, तो दूसरे लोग गांधी को क्यों बर्दाश्त करेंगे। ठाकुर ने यह भी कहा कि लोकसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन 400 से अधिक सीटें जीतकर लगातार तीसरी बार सत्ता में आएगी।

### प्रकाश अंबेडकर ने राउत पर लगाया छुरा घोंपने का आरोप

**मुंबई, 29 मार्च (एजेंसियां)।** वंचित बहुजन आघाड़ी (वीबीए) के अध्यक्ष प्रकाश अंबेडकर ने एकला चलो की राह चुनने के बाद शिवसेना पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने बृहस्पतिवार को महाविकास आघाड़ी (एमवीए) के साथ सीट बंटवारे पर जारी बातचीत के बीच संजय राउत पर पीठ में छुरा घोंपने का आरोप लगाया है। अंबेडकर ने उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी। इसके बाद आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। अंबेडकर ने सोशल मीडिया पर लिखा, संजय, कितना झूठ बोलेंगे? अगर आपके और हमारे विचार एक हैं तो हमें एमवीए की बैठक में क्यों नहीं बुलाया गया? आप वीबीए के किसी भी प्रतिनिधि को आमंत्रित किए बिना बैठकें क्यों कर रहे हैं? आपने तो राजनीतिक सहयोगी होते हुए पीठ में छुरा घोंपने वाला काम किया हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि एक तरफ तो राउत गठबंधन की बात कर रहे थे और दूसरी ओर हमारे खिलाफ साजिश रच रहे थे। प्रकाश अंबेडकर खुद अकोला से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। हालांकि शिवसेना (यूबीटी) पर हमला बोलने के साथ ही उन्होंने कहा कि वह नागपुर में एमवीए का समर्थन करेंगे, जहां कांग्रेस के विकास ठाकरे को मुकाबला भाजपा के दिग्गज नेता और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से है।

### महाठग सुकेश से धन उगाही की सीबीआई जांच होगी

**नई दिल्ली, 29 मार्च (एजेंसियां)।** आम आदमी पार्टी के नेता सत्येंद्र जैन के खिलाफ महाठग सुकेश चंद्रशेखर से 10 करोड़ रुपए की उगाही के मामले में गृह मंत्रालय ने सीबीआई जांच को मंजूरी दे दी है। आपा के मंत्री रहे सत्येंद्र जैन अभी तिहाड़ जेल में बंद हैं। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने इस साल फरवरी में पीओसी अधिनियम की धारा 17-ए के तहत जैन पर मुकदमा चलाने और जांच करने की मंजूरी देने के लिए सीबीआई का प्रस्ताव गृह मंत्रालय को भेजा था।

आरोप है कि तिहाड़ जेल में बंद रहने के दौरान शांति और आराम से रहने के नाम पर पैसे मांगे गए थे। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने जैन को गिरफ्तार किया था। वह भी सुकेश के साथ जेल में बंद थे। जेल में बंद जैन ने जेल अधिकारियों पर अपनी मालिश और दूसरी वीआईपी सुविधा प्रदान करने का दबाव डाला था।

# राबड़ी की राह पर सुनीता केजरीवाल: हरदीप पुरी

**नई दिल्ली, 29 मार्च (एजेंसियां)।** दिल्ली शराब नीति घोटाले में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद से सीएम पद को लेकर सियासत तेज है। केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल खासी सक्रिय हो गई हैं। शुक्रवार को सुनीता ने केजरीवाल को आशीर्वाद अभियान शुरू किया। उनकी सक्रियता को देखते हुए केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने सुनीता केजरीवाल पर कटाक्ष किया। हरदीप पुरी ने कहा कि सुनीता केजरीवाल ने दिल्ली की मुख्यमंत्री बनने के लिए अपनी तैयारी ठीक वैसे ही शुरू कर दी है, जैसे राबड़ी देवी ने की थी।

केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने कहा कि सुनीता केजरीवाल ने अब अपने पति का पद संभालने की तैयारी शुरू कर दी है। उन्होंने अपने साथियों को पीछे छोड़ दिया है। पुरी ने बिहार की पूर्व सीएम राबड़ी देवी से केजरीवाल की तुलना करते हुए कहा कि आप बिहार में ये पहले भी देख चुके हैं। वहां राबड़ी देवी ने लालू यादव के जेल जाने के बाद सीएम की कुर्सी संभाली थी। राजधानी दिल्ली में भाजपा के





चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के मौके पर केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने कहा, आप जिस मैडम का नाम ले रहे हैं, वह शायद बिहार में राबड़ी देवी की तरह पद संभालने की तैयारी कर रही हैं।

इस दौरान हरदीप पुरी ने दिल्ली में आपा-कांग्रेस गठबंधन को लेकर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि वे भ्रष्टाचार से लड़ने का वादा करके राजनीति में आए थे। अब उन्होंने सबसे भ्रष्ट पार्टी कांग्रेस के साथ गठबंधन किया है। वे भाजपा को चुनौती नहीं दे सकते। कांग्रेस ने तो अभी यहां उम्मीदवार के नाम जारी नहीं किए हैं। हरदीप पुरी ने प्रदूषण को लेकर भी आपा सरकार को दोषी ठहराया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आपा के शासन में लोग प्रदूषित हवा में सांस लेने को मजबूर हैं और पार्टी आरोप-प्रत्यारोप में लगी हुई है। पुरी ने आगे कहा कि दिल्ली में प्रदूषण को लेकर पहले ये लोग पंजाब की सरकार को दोषी ठहराते थे। अब तो वहां भी इन्हीं की पार्टी की सरकार है।

## केजरीवाल की पत्नी ने आशीर्वाद कैंप शुरू किया

**नई दिल्ली, 29 मार्च (एजेंसियां)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने लोकसभा चुनाव को लेकर नया अभियान शुरू कर दिया है। इस अभियान का नाम केजरीवाल आशीर्वाद कैंप है। इसके लिए उन्होंने एक व्हाट्सएप नंबर 8297324624 भी जारी किया है। केजरीवाल को आशीर्वाद देने के लिए आप इस नंबर पर व्हाट्सएप करें। अरविंद केजरीवाल को बृहस्पतिवार राउज एवेन्यू कोर्ट से राहत नहीं मिली। अदालत ने ईडी रिमांड चार दिन के लिए बढ़ा दी। सुनवाई के दौरान रिमांड बढ़ाने की मांग करते हुए जांच एजेंसी के वकील ने कहा कि मुख्यमंत्री जांच में नहीं कर रहे सहयोग हैं। मामले से जुड़े कुछ और लोगों से सीएम का सामना करवाना है। सुनवाई के दौरान मुख्यमंत्री ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि आबकारी नीति बनने के दौरान कोई घोटाला नहीं हुआ। साथ में आरोप भी लगाया कि ईडी का मकसद आम आदमी पार्टी (आपा) को खत्म करना है। ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एसवी राजू ने अदालत से सात दिन की हिरासत मांगते हुए कहा कि केजरीवाल जांच एजेंसी को सहयोग नहीं कर रहे हैं। उन्होंने अभी तक अपने खातों के पासवर्ड साझा नहीं किए हैं। ऐसे में ईडी के पास डिजिटल डेटा नहीं है। मुख्यमंत्री ने आयकर रिटर्न से जुड़े अपने दस्तावेज भी नहीं दिए हैं। वहीं, जांच एजेंसी को केजरीवाल का सामना कुछ अन्य लोगों से कराने की जरूरत है। इस घोटाले में जो भी पैसा आया है, उसका इस्तेमाल गोवा चुनावों में हुआ है। एजेंसी आपा के गोवा के चार और उम्मीदवारों के बयान दर्ज करने जा रही है। दोनों पक्षों का सुनने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुनाते हुए रिमांड की अवधि एक अप्रैल तक के लिए बढ़ा दी है। केजरीवाल का ईडी रिमांड एक अप्रैल सुबह 11:30 बजे तक रहेगा। इसके बाद केजरीवाल को अदालत में पेश किया जाएगा।

## असम के चार जिलों में छह महीने के लिए बढ़ाया गया अफस्पा

**दिसपुर, 29 मार्च (एजेंसियां)।** असम के चार जिलों में अगले छह महीनों के लिए अफस्पा (सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम) बढ़ा दिया गया है। गृह मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि तिनसुकिया, डिब्रूगढ़, चराइदेव और शिवसागर जिलों में एक अप्रैल 2024 से छह महीने की अतिरिक्त अवधि के लिए अफस्पा बढ़ाया गया है।

अधिसूचना में कहा गया कि असम राज्य में कानून और व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की गई है। इसलिए, अब तिनसुकिया, डिब्रूगढ़, चराइदेव और शिवसागर जिलों को अशांत क्षेत्र घोषित किया गया है। इन जिलों में 01.04.2024 से छह महीने की अवधि के लिए सशस्त्र बल (विशेष



शक्तियां) अधिनियम, 1958 की धारा 3 के तहत अफस्पा लागू रहेगा।

अफस्पा अशांत क्षेत्रों में काम करने वाले सशस्त्र बलों के कर्मियों को सार्वजनिक व्यवस्था के रखरखाव के लिए आवश्यक समझे जाने पर तलाशी लेने, गिरफ्तार करने की शक्तियां देता है। सशस्त्र बलों के संचालन को सुविधाजनक बनाने के लिए अफस्पा(-ऋद्ध-) के तहत किसी क्षेत्र या जिले को अशांत क्षेत्र के रूप में अधिसूचित किया जाता है।

**निर्मला सीतारमण ने साधा केरल सरकार पर निशाना**

## इनके भ्रष्टाचार की कीमत जनता को चुकानी पड़ेगी

**कोच्चि, 29 मार्च (एजेंसियां)।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केरल सरकार पर जमकर निशाना साधा। सीतारमण ने सत्तारूढ़ गठबंधन एलडीएफ के साथ-साथ विपक्षी गठबंधन यूडीएफ पर निशाना साधा। आरबीआई की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि केरल भारत के शीर्ष पांच आर्थिक रूप से संकटग्रस्त राज्यों में से एक है। गौरतलब है कि लोकसभा चुनावों की तारीखों का ऐलान हो चुका है, इसी के मद्देनजर सीतारमण ने एनडीए के लोकसभा चुनाव सम्मेलन का उद्घाटन किया।

सम्मेलन के दौरान, सीतारमण



ने राजनयिक बैगों के माध्यम से सोने की तस्करी, लाइफ मिशन घोटाला और करोड़ों रुपए के करुवन्नूर सहकारी बैंक घोटाले का मुद्दा उठाया। इन सब में वित्तीय घोटाले शामिल हैं। उन्होंने केरल की तुलना मैत्रियोश्का गुड़िया के रूप में की। उन्होंने दावा किया कि केरल में बेरोजगारी दर पिछले कई वर्षों से राष्ट्रीय औसत से दो-गुनी से अधिक रही है। उन्होंने कहा कि राज्य की ऐसी हालत है कि इसलिए एलडीएफ को राष्ट्रीय बेरोजगारी के बारे में बात करने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने राजनीतिक हत्याओं और पशु चिकित्सा छात्र की मौत का भी जिक्र किया।

सीतारमण ने दावा किया कि 2016-17 के बाद से पिछले छह वर्षों में, केरल सरकार ने 3 प्रतिशत की अपनी अनुमत उधार सीमा को पार कर लिया। राज्य सरकार ने 42,000 करोड़ रुपए से अधिक की अतिरिक्त-बजटीय उधारी का सहारा लिया है। यह ऑफ-बजट उधार केरल इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट फंड बोर्ड और केरल सोशल सिक्योरिटी पेंशन कंपनी लिमिटेड जैसी संस्थाओं के माध्यम से लिया गया, जिनका अपना कोई राजस्व ही नहीं है। दोनों संस्थाओं का खुद का कोई राजस्व नहीं है। वे ऋण चुका सकते नहीं हैं तो यह ऋण कौन चुकाएगाराज्य? केरल के लोगों को इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। इतने पैसे के बाद भी विकास पर कोई पैसा खर्च नहीं किया गया है। उन्होंने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि वामपंथी सरकार को निवेश में कोई दिलचस्पी ही नहीं है। उन्हें केवल रिश्वत में रुचि है।

# जो कांग्रेस बचाने आए थे, वे अपनी सीट तक नहीं बचा सके

## सियासत के अखाड़े में चित हो गए कन्हैया कुमार और पप्पू यादव

**पटना, 29 मार्च (एजेंसियां)।** जेएनयू छात्र नेता रहे कन्हैया कुमार ने 28 सितंबर 2021 को कांग्रेस की सदस्यता ली थी। कांग्रेस ने कन्हैया कुमार को कितनी गंभीरता से लिया था, इसका अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि उनकी कोई बड़ी राजनीतिक पहचान न होने के बाद भी राहुल गांधी उन्हें पार्टी में शामिल कराने के लिए पहुंचे थे। राहुल गांधी से मुलाकात के बाद जब कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला ने उन्हें पार्टी मुख्यालय में पार्टी का पटका पहनाया था, कन्हैया कुमार ने कहा था, वे कांग्रेस को बचाने आए हैं।

उनके कांग्रेस को बचाने के बयान पर जब खुसर-पुसर तेज शुरू गई, तब कन्हैया कुमार को महसूस हुआ कि वे शायद कुछ ज्यादा ही बोल गए। तब उन्होंने अपनी बात संभालते हुए कहा कि वे सबके प्रयास और सबके साथ से भाजपा को सत्ता से हटाने और कांग्रेस को बचाने की बात कह रहे थे। उन्होंने कहा कि 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा-कांग्रेस के बीच 200 से ज्यादा सीटों पर सीधा मुकाबला था। वे इन्हीं सीटों पर कांग्रेस को मजबूत करने का काम करेंगे।

जिस दिन कन्हैया कुमार कांग्रेस में शामिल हुए थे, ठीक उसी दिन सुबह ही नवजोत सिंह सिद्धू ने नाराजगी जाहिर करते हुए पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष के पद से इस्तीफा देने का ऐलान तक कर दिया था। इसलिए जब शाम तक कन्हैया कुमार, जिग्नेश मेवाणी और हार्दिक पटेल ने कांग्रेस में आने की घोषणा की, इसे पार्टी के लिए कुछ राहत के तौर पर देखा गया था। हालांकि जिग्नेश मेवाणी तकनीकी कारणों से कांग्रेस में शामिल नहीं हो पाए, लेकिन उन्होंने अपना समर्थन दिया और यही संदेश दिया कि वे अगला चुनाव कांग्रेस के टिकट पर लड़ेंगे। पार्टी का मानना था कि यदि नवजोत सिंह सिद्धू जैसे लोग



कांग्रेस से दूर जा रहे हैं, तो जिन युवाओं को लोकतंत्र की चिंता है, वे कांग्रेस की तरफ आ भी रहे हैं। कहा गया कि इन्हीं युवाओं के सहारे राहुल गांधी अपनी नई कांग्रेस खड़ी करेंगे और भाजपा को चुनौती देंगे।

इसी प्रकार जब पप्पू यादव ने अपनी जन अधिकार पार्टी का कांग्रेस में विलय किया, उन्होंने कांग्रेस को मजबूत करने की बात कही थी। हालांकि, अब उनकी दावेदारी वाली पूर्णिया लोकसभा सीट सहित सुपौल और मधेपुरा भी राजद के खाते में जा चुकी है। यानी पप्पू यादव के लिए कोई वैकल्पिक सीट भी नहीं छोड़ी गई है, जहां से वे अपनी किस्मत आजमा सकें। कांग्रेस में चर्चा है कि यह सब अकारण नहीं हो रहा है। कन्हैया कुमार और पप्पू यादव की दावेदारी वाली सभी सीटों का राष्ट्रीय जनता दल के पास चले जाना, एक सोची समझी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। पर्दे के पीछे इस खेल के असली खिलाड़ी के तौर पर लालू प्रसाद यादव को देखा जा रहा है।

वामदलों की पृष्ठभूमि से कांग्रेस में आए और एक महत्वपूर्ण पद पर काम कर रहे एक नेता ने को कहा कि शुक्रवार 29 मार्च को हुए बिहार महागठबंधन के सीट बंटवारे में लालू प्रसाद यादव ने उस बेगूसराय सीट को अपने कब्जे में कर लिया है, जहां से कन्हैया कुमार लोकसभा चुनाव में उतरना चाहते थे। इससे कन्हैया कुमार की राजनीतिक पारी को बड़ा नुकसान होगा। इसके साथ-साथ कांग्रेस को भी बिहार में लंबे समय में नुकसान होगा। यानी इस सीट बंटवारे से पार्टी को बिहार में मजबूत करने की संभावनाएं कमजोर हुई हैं। कांग्रेस की नाव डूबने से बचाने आए कन्हैया कुमार अपनी बेगूसराय सीट को भी आरजेडी के खाते में जाने से नहीं रोक पाए। कांग्रेस नेता के अनुसार, कन्हैया कुमार की सीट के लिए कांग्रेस नेतृत्व ने कोई लड़ाई नहीं लड़ी, इसके लिए उसे दोष दें या कन्हैया कुमार की कमजोरी को, लेकिन पार्टी को इसका बड़ा नुकसान होने वाला है।

ज्वाइन करते समय भी कन्हैया कुमार के कांग्रेस में आने और पार्टी के निर्णयों पर राहुल गांधी के निर्णय पर प्रश्न खड़े हुए थे। तब यही कहा गया था कि बिहार में लालू यादव हमेशा कांग्रेस के बड़े भाई की भूमिका में रहते हैं। लेकिन लालू के बाद जब राजद की कमान तेजस्वी यादव जैसे नेता के हाथ में आएगी, तब बिहार में कांग्रेस की कमान कन्हैया कुमार जैसे युवा लोकप्रिय और तेजतर्रार चेहरे के हाथ में होगी। कहा यही गया कि भविष्य में बिहार में कांग्रेस को मजबूत करने के लिए पार्टी कन्हैया कुमार जैसे चेहरों पर दांव लगा रही है। लेकिन कन्हैया कुमार की बेगूसराय सीट और पप्पू यादव की पूर्णिया-सुपौल सीटें अपने खाते में लेकर लालू प्रसाद यादव ने तेजस्वी यादव की राह का कांटा फिलहाल के लिए निकाल दिया है।

यूपी-बिहार में कांग्रेस फिलहाल इतनी कमजोर स्थिति में आ चुकी है कि उसे एक-दो सीट जीतने के लिए भी लालू प्रसाद यादव का साथ पाना अपरिहार्य है। कांग्रेस की इसी मजबूरी का लाभ उठाकर लालू प्रसाद यादव किसी ऐसे चेहरे को खड़ा नहीं होने देना चाहते, जो कल तेजस्वी यादव के लिए चुनौती बन सके। चूंकि, कांग्रेस भी उन्हीं मुद्दों की राजनीति करती है, जिस मुद्दे के सहारे आरजेडी की राजनीति चल रही है, यदि बिहार में कोई बड़ा यादव नेता उभरता है, तो बाद में तेजस्वी यादव को चुनौती मिल सकती है। संभवतः यही कारण है कि पप्पू यादव से मुलाकात करने के बाद भी लालू प्रसाद यादव ने उनकी कोई सीट कांग्रेस के पास नहीं छोड़ी।

तेजतर्रार कन्हैया कुमार को उनकी पूर्व पार्टी सीपीआई के नेताओं ने ही स्वीकार नहीं किया था, क्योंकि उन्हें लग रहा था कि कन्हैया के ज्यादा प्रासंगिक होने से वे स्वयं अप्रासंगिक हो जाएंगे। अब उनके सामने कांग्रेस में भी वही स्थिति आ गई है। जबकि असलियत यह है कि बिहार में प्रभावी नेतृत्व की कमी से जूझ रही कांग्रेस के लिए ये दोनों नेता ज्यादा उपयोगी साबित हो सकते हैं। कांग्रेस को अपने भविष्य के लिए इन्हें बिहार में मजबूत करने की हर संभव कोशिश करनी चाहिए।

पिछले कुछ चुनावों का अनुभव यही बताता है कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को देखने के लिए यूपी-बिहार में खूब भीड़ आती है, लेकिन जब वोट देने का मामला सामने आता है, तो जनता दूसरा विकल्प तलाशती है। इसकी सबसे बड़ी कमी प्रभावी स्थानीय नेतृत्व के रूप में दिखाई पड़ती है, जिसके असर में आकर लोग वोट करते हैं। यदि कांग्रेस को यूपी-बिहार में खड़े होना है, तो उसे मजबूत छत्रप विकसित करने होंगे।

भाजपा प्रवक्ता जयराम विप्लव ने कहा कि लालू प्रसाद यादव अपनी पूरी राजनीतिक यात्रा में कभी परिवार से आगे नहीं देख पाए। जब सांसद-विधायक बनाने की बात आती है, तो सबसे पहले अपने बेटे-बेटी, साले और परिवार के अन्य लोग उन्हें दिखाई पड़ते हैं। जब मुख्यमंत्री बनाने की बात आई, तो उन्हें अपनी पत्नी के अलावा किसी दूसरे पर भरोसा नहीं रहा। उन्होंने कहा कि नीतीश पर भी वे अपने बेटे को जल्द से जल्द मुख्यमंत्री बनाने का दबाव दे रहे थे, जिसके कारण नीतीश उनकी असलियत से वाकिफ होकर एनडीए में आए। विप्लव ने कहा कि लालू यादव बिहार में अपनी विचारधारा के बीच किसी दूसरे यादव नेता को उभरने नहीं देते। यही कारण है कि पप्पू यादव के प्रभाव वाली सीटों पर से कांग्रेस का कब्जा खत्म करा दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को यह समझ नहीं आ रहा है कि बिहार से लेकर महाराष्ट्र तक इंडी गठबंधन के दल उसकी जमीन पर अपनी राजनीति खड़ी कर रहे हैं। भाजपा नेता का दावा है कि भारत को कांग्रेस मुक्त करने का काम भाजपा नहीं, बल्कि उसके सहयोगी दल ही कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के आत्मघाती निर्णयों (बिहार के सीट बंटवारे पर) से इससे कांग्रेस धीरे-धीरे समाप्त हो जाएगी।

## आज का राशिफल

### मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ

आपका आकर्षक बर्ताव दूसरों का ध्यान आपकी तरफ़ खींचेगा। परिवार के साथ सामाजिक गतिविधियों में सहभागिता काफ़ी मानसिक दबाव पैदा कर सकती है। आप इस दिन को अपनी ज़िन्दगी में कभी नहीं भूलेंगे, अगर आप प्यार में डूबने के मौक़े को आज यूँ ही न गवाएँ तो। अगर आपका साथी अपना वादा न निभाए तो बुरा महसूस न करें– आपको बैठकर बातचीत के ज़रिए मामला सुलझाने की ज़रूरत है। बेवजह की उलझनों से दूर होकर आज आप किसी मंदिर धार्मिक स्थल पर अपना खाली समय बिता सकते हैं। आपका जीवनसाथी किसी ख़ूबसूरत सरप्राइज़ से आपका दिन बना सकता है।

### वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो

आपको ख़ुद पर नियंत्रण रखना चाहिए, क्योंकि नाराज़गी सभी के लिए नुक़सानदेह है और यह सोचने–समझने की ताक़त को ख़त्म कर देती है। इससे सिर्फ़ मुश्किल बढ़ती है। आपके पिता की कोई सलाह आज कार्यक्षेत्र में आपको धन लाभ करा सकती है. जो अपने प्रिय के साथ छुट्टियाँ बिता रहे हैं, ये उनकी ज़िन्दगी के सबसे यादगार लम्हों में से होंगे। नौकरी पेशा से जुड़े लोगों को आज कार्यक्षेत्र में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। आज आप न चाहते हुए भी कोई गलती कर बैठेंगे जिसकी वजह से आपको अपने सीनियर्स की डांट सहनी पड़ सकती है। कारोबारियों के लिए दिन सामान्य रहने की उम्मीद है।

### मिथुन – क,कि,कृ,घ,ङ,छ,के,को,ह

पैसे की अहमियत को आप अच्छे से जानते हैं इसलिए आज के दिन आपके द्वारा बचाया गया धन आपके बहुत काम आ सकता है और आप किसी बड़ी मुश्किल से निकल सकते हैं। पारिवारिक तनावों को अपनी एकाग्रता भंग न करने दें। बुरा दौर ज़्यादा सिखाता है। आपके प्रिय का मूड ठीक नहीं है, इसलिए सोच–समझ कर कोई भी काम करें। आप लम्बे समय से दफ़्तर में किसी से बात करना चाह रहे थे। आज ऐसा होना मुमकिन है। कार्यक्षेत्र में किसी काम के अटकने की वजह से आज आपका शाम का कीमती वक्त खराब हो सकता है। ज़्यादा ख़र्चे की वजह से जीवनसाथी से खट–पट हो सकती है।

### कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो

आज के दिन अपने धन का संचय करने का विचार बनाएं। पढ़ाई की क़ीमत पर घर से ज़्यादा देर तक बाहर रहना आपको माता–पिता के गुस्से का शिकार बना सकता है। करिअर के लिए योजना बनाना उतना ही आवश्यक है, जितना कि खेलना–कूदना। इसलिए माता–पिता को ख़ुश करने के लिए दोनों में संतुलन बनाना ज़रूरी है। प्यार के मामले में आज आप ग़लत समझे जा सकते हैं। आज जितना हो सके लोगों से दूर रहें। लोगों को वक्त देने से बेहतर है अपने आपको वक्त दें। लेकिन आज सारी शिकायतें दूर हो जाएंगी।

### सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे

आपका ऊर्जा–स्तर ऊँचा रहेगा। करीबी रिश्तेदारों के घर जाना आज आपकी आर्थिक स्थिति को बिगाड़ सकता है। वैवाहिक बंधन में बंधने के लिए अच्छा समय है। आपके प्यार को न सुनना पड़ सकता है। यदि आप नई जानकारी और क्षमताएँ विकसित करने की थोड़ी ज़्यादा कोशिश करेंगे, तो आपको बहुत लाभ होगा। सफ़र के लिए दिन ज़्यादा अच्छा नहीं है। लंबे समय से कामकाज का दबाव आपके वैवाहिक जीवन के लिए कठिनाई खड़ा कर रहा है। लेकिन आज सारी शिकायतें दूर हो जाएंगी।

### कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो

जो लोग लघु उद्योग करते हैं उन्हें आज के दिन अपने किसी करीबी की कोई सलाह मिल सकती है जिससे उन्हें आर्थिक लाभ होने की संभावना है। आज आपका ऊर्जा से भरपूर, ज़िंदादिल और गर्मजोशी से भरा व्यवहार आपके आस–पास के लोगों को ख़ुश कर देगा। बाहरी चीज़ों का अब कोई ख़ास मायने आपके लिए नहीं बचा है, क्योंकि आप ख़ुद को हमेशा प्यार की ख़ुमारी में महसूस करते हैं। कार्यक्षेत्र में आपके प्रतिद्वन्द्वियों को अपने ग़लत कामों का फल मिलेगा। वैवाहिक जीवन के लिहाज़ से यह बढ़िया दिन है। साथ में एक अच्छी शाम गुज़ारने की योजना बनाएँ।

### तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते

ठूँस–ठूँस कर खाने और ज़्यादा कैलोरी की चीज़ें खाने से बचिए। माली सुधार की वजह से ज़रूरी ख़रीदारी करना आसान रहेगा। ऐसे दोस्तों के पास जाएँ, जिन्हें आपकी ज़रूरत है। आज आप कोई दिल टूटने से बचा सकते हैं। पेशेवर तौर पर अपने अच्छे काम की पहचान आपको मिल सकती है। इस राशि के लोगों को आज अपने आप को समझने की जरुरत है। यदि आपको लगता है कि आप दुनिया की भीड़ में कहीं खो गये हैं तो अपने लिए वक्त निकालें और अपने व्यक्तित्व का आकलन करें।

### वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू

अपने पैसे को संचय करने के लिए आज अपने घर के लोगों से आपको बात करने की जरुरत है। उनकी सलाह आपकी आर्थिक स्थिति को सुधारने में मददगार होगी। आम परिचितों से व्यक्तिगत बातों को बांटने से बचें।
थोड़े बहुत टकराव के बावजूद भी आज आपका प्रेम जीवन अच्छा रहेगा और आप अपने संगी को खुश रखने में कामयाब होंगे। आज फ़ायदा हो सकता है, बशर्ते आप अपनी बात भली–भांति रखें और काम में लगन व उत्साह दिखाएँ। लंबे असरे के बाद जीवनसाथी के साथ काफ़ी वक़्त गुज़ारने का मौक़ा मिल सकता है।

### धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे

ध्यान और योग न केवल आध्यात्मिक तौर पर, बल्कि शारीरिक तौर पर भी आपके लिए फ़ायदेमन्द साबित होंगे। आज आपके माता–पिता में से कोई आपको धन की बचत करने को लेकर लेक्चर दे सकता है, आपको उनकी बातों को बहुत गौर से सुनने की जरुरत है नहीं तो आने वाले समय में परेशानी आपको ही उठानी पड़ेगी। दोस्तों और परिवार के साथ मज़ेदार समय बीतेगा। कोई आपको दिल से सराहेगा। कार्यक्षेत्र में परिस्थितियाँ आपके पक्ष में लगती हैं। जीवनसाथी से अच्छी बातचीत हो सकती है; आप महसूस करेंगे कि आप–दोनों में कितना प्यार है।

### मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि

बैंक से जुड़े लेन–देन में काफ़ी सावधानी बरतने की ज़रूरत है। घर में और आस–पास छोटे–मोटे बदलाव घर की सजावट में चार चांद लगा देंगे। आज आपको निराशा हाथ लग सकती है, क्योंकि मुमकिन है कि आप अपने प्रिय के साथ सैर–सपाटे पर न जा पाएँ। व्यापारियों के लिए अच्छा दिन है। व्यवसाय के लिए अचानक की गयी कोई यात्रा सकारात्मक परिणाम देगी। सफ़र के लिए दिन ज़्यादा अच्छा नहीं है। कोई व्यक्ति आपके जीवनसाथी में काफ़ी दिलचस्पी दिखा सकता है, लेकिन दिन के आख़िर तक आपको एहसास होगा कि इसमें कुछ ग़लत नहीं है।

### कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द

स्वास्थ्य के लिहाज़ से बहुत अच्छा दिन है। आपकी ख़ुशमिज़ाजी ही आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी करेगी। व्यापारियों को आज व्यापार में घाटा हो सकता है और अपने व्यापार को बेहतर बनाने के लिए आपको पैसा खर्च करना पड़ सकता है। घर पर आपके बच्चे आपके सामने किसी समस्या को तिल का ताड़ बनाकर पेश करेंगे– कोई भी क़दम उठाने से पहले तथ्यों की भली–भांति पड़ताल कर लें। जॉब करने वाले जातकों को आज कार्यक्षेत्र में सोच–समझकर चलने की जरुरत है। आपके जीवनसाथी का मिज़ाज आज बढ़िया है।

### मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची

आर्थिक रुप से आज आप काफी मजबूत नजर आएंगे, ग्रह नक्षत्रों की चाल से आज आपके लिए धन कमाने के कई मौके बनेंगे. घरेलू काम थका देने वाला होगा और इसलिए मानसिक तनाव की वजह भी बन सकता है। आपको अपने प्रिय के साथ समय बिताने की ज़रूरत है, ताकि आप दोनों एक–दूसरे को अच्छी तरह से जान व समझ सकेंगें। आपका खाली समय आज मोबाइल या टीवी देखने में बर्बाद हो सकता है। इससे आपके जीवनसाथी को आपसे खिन्नता भी होगी क्योंकि आप उनसे बात करने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाएँगे।

## शनिवार का पंचांग

दिनांक : 30 मार्च 2024 , शनिवार
विक्रम संवत : 2080
मास : चैत्र , कृष्ण पक्ष
तिथि : पंचमी रात्रि 09:16 तक
नक्षत्र : अनुराधा रात्रि 10:03 तक
योग : सिद्धि रात्रि 10:44 तक
करण : कौलव प्रात: 08:53 तक
चन्द्रराशि : वृश्चिक
सूर्योदय : 06:12 , सूर्यास्त 06:28 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 06:17 , सूर्यास्त 06:31 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 06:09 , सूर्यास्त 06:23 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 06:03 , सूर्यास्त 06:20 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**

शुभ : 07:30 से 09:00
चल : 12:00 से 01:30
लाभ : 01:30 से 03:00
अमृत : 03:00 से 04:30
राहुकाल : प्रात: 09:00 से 10:30
दिशाशूल : पूर्व दिशा
उपाय : उड़द खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : रंग पंचमी , गण्डमूल रात्रि 10:03 से , खरमास चालू हैं

* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *

पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com

# बागीदौरा विधानसभा: उपचुनाव के लिए भाजपा ने सुभाष तंबोलिया को दिया टिकट

**जयपुर, 29 मार्च (एजेंसियां)।**
राजस्थान में बांसवाड़ा जिले के तहत आने वाले बागीदौरा विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए बीजेपी ने सुभाष तंबोलिया को उम्मीदवार घोषित किया है। यह सीट 19 फरवरी को तत्कालीन कांग्रेस विधायक महेंद्रजीत सिंह मालवीय के इस्तीफा देने से खाली हुई थी। बता दें कि मालवीय कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में शामिल हो गए थे। मालवीय के इस्तीफे के बाद सीट खाली हुई है। इसके बाद अब बागीदौरा सीट पर उपचुनाव कराए जा रहे हैं। वहीं, मालवीय बांसवाड़ा–डूंगरपुर सीट से बीजेपी के लोकसभा प्रत्याशी हैं।



बता दें कि सुभाष तंबोलिया कांग्रेस पृष्ठभूमि से आते हैं और कुछ समय पूर्व उन्होंने महेंद्र जीत सिंह मालवीय का समर्थन करते हुए कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। वर्तमान में उनकी मां प्रधान के पद पर काबिज हैं। सुभाष तंबोलिया भाजपा प्रत्याशी महेंद्र जीत सिंह मालवीय के समर्थक माने जाते रहे हैं। विधानसभा चुनावों से यहां से भारतीय जनता पार्टी की ओर से कृष्णा कटारा ने प्रत्याशी बनाया था।

मालूम हो कि बांसवाड़ा में स्थित बागीदौरा विधानसभा सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। इस सीट से महेंद्र जीत सिंह मालवीय लंबे समय से विधायक बनते आए हैं। बागीदौरा को लोकसभा चुनाव से पूर्व कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए महेंद्र जीत का गढ़ माना जा रहा है।हालांकि, अभी तक मालवीय कांग्रेस में थे, अब वो भाजपा में हैं। ऐसे में उपचुनाव में वो भाजपा उम्मीदवार के लिए बड़ी मदद कर सकते हैं। बताते चलें कि बागीदौरा विधानसभा सीट पर 26 अप्रैल को मतदान होना है। बागीदौरा विधानसभा उपचुनाव के लिए भारत आदिवासी पार्टी (बाप) ने पहले ही प्रत्याशी की घोषणा कर दी है। बाप ने यहां से गत विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी रहे जयकृष्ण पटेल को फिर से मैदान में उतारा है। जय कृष्णा पटेल को विधानसभा चुनाव में 60 हजार 387 वोट मत प्राप्त हुए थे और दूसरे स्थान पर रहे थे। जबकि यहां पर भारतीय जनता पार्टी तीसरे स्थान पर रही थी।

# चौधरी की पहचान पूरे राजस्थान में, जनता भाजपा को देगी करारा जवाब : धर्मेंद्र राठौड़

**अजमेर, 29 मार्च (एजेंसियां)।**
अजमेर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रामचंद्र चौधरी की नौ नंबर पेट्रोल पंप के पास टोरेंटो पैलेस में आयोजित नामांकन जनसभा में पूर्व आरटीडीसी चेयरमैन धर्मेंद्र राठौड़ ने शिरकत की। नामांकन जनसभा को संबोधित करते पूर्व आरटीडीसी चेयरमैन धर्मेंद्र राठौड़ ने केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला और लोकसभा प्रत्याशी रामचंद्र चौधरी को भारी मतों से चुनाव जिताने का आह्वान किया।

राठौड़ ने कहा कि लोकसभा प्रत्याशी रामचंद्र चौधरी की अजमेर ही नहीं, वरन पूरे प्रदेश में किसान नेता के रूप में पहचान है। रामचंद्र चौधरी ने किसानों के लिए बहुत काम किया है। चौधरी पिछले 30 साल से लगातार डेयरी अध्यक्ष बनकर पशुपालकों और अजमेर वासियों की सेवा कर डेयरी का नाम रोशन कर रहे हैं। इसलिए अब हम सब को मिलकर भारी मतों से चुनाव जीताकर इनकी पगड़ी की लाज बचानी है।



उन्होंने कहा कि ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग कर विपक्ष को परेशान करने वाली केंद्र की भाजपा सरकार की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। देश की जनता लोकसभा में चुनाव इसका करारा जवाब देगी और कांग्रेस का भरपूर समर्थन करेगी। हमारे नेता राहुल गांधी देश का भविष्य हैं और देश की जनता हमारी पार्टी और हमारे इंडिया महागठबंधन के साथ है। देश की जनता चाहती है कि केंद्र में राहुल गांधी ही देश के प्रधानमंत्री बने। राठौड़ ने राज्य की भाजपा सरकार के कार्यकाल को भी कटघरे में खड़ा किया और कहा कि राज्य की सत्तारूढ़ भाजपा के तीन महीने के जनविरोधी कार्यकाल से जनता ऊब चुकी है, जिसका जवाब इस लोकसभा चुनाव में मिलेगा। उन्होंने कहा कि केंद और राज्य की भाजपा सरकार से जनता दुखी और त्रस्त है। इससे पहले पूर्व आरटीडीसी चेयरमैन धर्मेंद्र राठौड़ ने लोकसभा प्रत्याशी चौधरी का माल्यार्पण कर बधाई दी।

# अभिनेत्री मिशिका ने चूमी ख्वाजा की चौखट अकीदत के फूल और चादर की पेश



**अजमेर, 29 मार्च (एजेंसियां)।**
प्रसिद्ध मॉडल और फिल्म अभिनेत्री मिशिका चौरसिया ने अजमेर में महान सूफी संत हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के दरबार में हाजिरी देकर अपनी अकीदत का इजहार किया। ख्वाजा की दरगाह में मिशिका ने अपनी आने वाली फिल्म माफिया की कामयाबी की दुआ मांगी। दरगाह जियारत के बाद मिशिका ने बताया कि उनकी आने वाली फिल्म माफिया एक एक्शन प्रधान फिल्म है, जिसमें उनका रोल बहुत अच्छा बना है। मिशिका ने बताया कि वह एक मॉडल बनना चाहती थीं और मॉडलिंग में ही अपना कैरियर बनाना था। लेकिन जब मॉडल के रूप में मुबंई पहुंची तो एक कार्यक्रम में फिल्म निदेशक प्राची से मुलाकात हुई, जिन्होंने उन्हें फिल्म में काम करने का अवसर दिया। रंगीला राजा सहित अनेक हिंदी फिल्मों के साथ–साथ अनेक टीवी सीरियलों में काम करने से उनकी पहचान एक अभिनेत्री की बन चुकी है।

मिशिका ने बताया कि उनके परिवार में किसी का भी फिल्मी बैकग्रांउड नहीं है। मॉडलिंग के शौक ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचा दिया है। सूफी संत हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह के बारे में मिशिका ने कहा कि यहां आकर उन्हें बहुत सुकून मिला है। हम सब का मालिक एक है।

# यह चुनाव नाली और सड़क बिजली के लिए नहीं है : मदन दिलावर

**कोटा, 29 मार्च (एजेंसियां)।**
लोकसभा चुनाव में कोटा–बूंदी भाजपा प्रत्याशी ओम बिरला के समर्थन में राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने जनसंपर्क के दौरान रामगंजमंडी पहुंचे। जहां पर सभा (चौपाल) में मदन दिलावर ने कहा कि यह चुनाव नाली और सड़क बिजली के लिए नहीं है, उसके लिए तो मैं वोट मांगने आता हूं। विधानसभा चुनाव में जब मैं वोट मांगने आता हूं तो मुझसे बदला ले लेना मुझे मारना, पीटना, टोकना जो करना है, वह सब कर सकते हो। लेकिन अभी जो वोटिंग होगी, वह सड़क बिजली के लिए नहीं बल्कि देश के लिए होगी। आप मेरे से चुनाव के बाद में सारे गिले शिकवा दूर कर लेना। मैं आपके बीच में आपका ही सेवक हूं, जो हमेशा आपके और आपके गांव की सेवा के लिए तैयार रहूंगा।

कोटा के रामगंज मंडी इलाके में चौपाल पर



ग्रामीणों को संबोधित करते हुए मदन दिलावर ने कहा, जब मुगलों और अंग्रेजों का राज था, राम भक्त लगातार उनसे इस बात की लड़ाई करते रहे कि राम मंदिर यहीं बनाएंगे। राम जन्मभूमि में बनाएंगे, लेकिन उस समय नहीं बनने दिया गया। हमारे लोगों ने 78 युद्ध किया, उसे समय की सत्ता ने तीन लाख लोगों का कत्लेआम किया। हमारे लोगों ने सोचा था कि जब हमारे देश की सरकार आएगी, तब राम मंदिर बनाएंगे। फिर हमारे देश की सरकार आई, लेकिन दुर्भाग्य से कांग्रेस की सरकार आई। उन्होंने भी कारसेवकों पर गोलियां चलाकर मार दिया। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि वही लोग अब आपके बीच वोट मांगने आ रहे हैं। कारसेवकों के हत्यारे वोट मांगने आ रहे हैं। कश्मीर में एक लाख लोगों का कत्लेआम करवाने वाले वोट मांगने आ रहे हैं, क्या आपको वोट देना चाहिए या नहीं देना चाहिए। इस बार कांग्रेस को वोट नहीं देकर भाजपा को वोट दें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटियों को वोट दें एवं प्रधानमंत्री ने जो देश के लिए कार्य किया है, देश हित में कार्य किया है।

# रेवाड़ी में तेज आंधी व बारिश के साथ गिरे ओले, फसलों को नुकसान की आशंका

**रेवाड़ी, 29 मार्च (एजेंसियां)।**
जिले में शुक्रवार शाम को तेज आंधी व बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई है। रेवाड़ी के गांव गंगायचा जाट, बीकानेर व लिसाना में बारिश के साथ ओले गिरे हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग की ओर से हरियाणा में मौसम बदलने को लेकर चेतावनी जारी की गई थी। 28 मार्च से 31 मार्च तक बारिश की संभावना रहेगी। रेवाड़ी के अलावा झज्जर में भी बारिश दर्ज की गई है। जल्द ही गुरुग्राम और फरीदाबाद में भी बारिश की संभावना है। इसके बाद बादल दिल्ली, नोएडा की ओर चले जाऐंगे। ओलावृष्टि व बारिश से पकी फसलों को नुकसान की आशंका है। मौसम विशेषज्ञ डॉ. चंद्रमोहन ने बताया कि 29 मार्च से एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा।

इसके असर से पंजाब के मध्य में एक कम दबाव का क्षेत्र बनेगा। इससे पूरे प्रदेश में बिखराव वाली बारिश होगी। हालांकि पंजाब से सटे जिलों सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, कैथल आदि में इसका ज्यादा असर देखने को मिलेगा। इन जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

# जमीनी विवाद में पुत्र ने की पिता की हत्या, धारदार हथियार से किया हमला

**महेंद्रगढ़, 29 मार्च (एजेंसियां)।**
जमीन विवाद और रुपये के लेनदेन में गांव दौंगड़ा अहीर निवासी पुत्र ने अपने ही पिता पर तेजधार हथियार से हमला करके मौत के घाट उतार दिया। मृतक के दूसरे पुत्र की शिकायत पर पुलिस ने शुक्रवार को नागरिक अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करा आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। कनीना सदर थाना प्रभारी रामनाथ अपनी टीम के साथ नागरिक अस्पताल महेंद्रगढ़ पहुंचे। 85 वर्षीय मृतक भोजाराम निवासी दौंगड़ा अहीर के पुत्र रामपाल ने पुलिस को शिकायत देकर अपने भाई धर्मपाल पर पिता की हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस को दी शिकायत में रामपाल ने बताया कि हम तीन भाई दो बहनें हैं। भाई सुरेश की मृत्यु हो चुकी है तथा तीनों अलग–अलग रहते हैं।



उनकी कुछ जमीन राष्ट्रीय राजमार्ग 152डी में गई थी जिसके लिए पिता ने तीनों भाईयों को 4–4 लाख रुपये दिए थे। उसका भाई धर्मपाल इस बात से नाराज था जिसके चलते उसने पहले भी कई बार पिता से मारपीट की थी। उसका पिता बहन प्रेम से कहता था कि धर्मपाल मुझे जान से मारेगा। यह बात उसकी बहन प्रेम ने उसे बताई थी। धर्मपाल हमेशा पैसे व जमीन जायदाद के बंटवारे को लेकर उसके पिता के साथ झगड़ा करता था। रामपाल ने बताया कि वीरवार शाम को उसे सूचना मिली कि उसके पिता को किसी ने तेजधार हथियार से हमला कर घायल कर दिया है और वह खून से लथपथ हालात में पड़ा है। सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर देखा तो उसका पिता ओधे मुंह पड़ा था तथा उसकी आधी गर्दन काटी हुई थी। मौके पर पुलिस को सूचना दी गई जिसके बाद डीएसपी मोहम्मद जमाल, कनीना सदर थाना प्रभारी रामनाथ ने टीम के साथ पहुंचकर मौका मुआयना किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी थी।

# गुरुग्राम के ज्वाइंट कमिश्नर राजेश दुग्गल का पंचकूला तबादला

**चंडीगढ़, 29 मार्च (एजेंसियां)।**
हरियाणा निर्वाचन आयोग ने सिरसा से भाजपा की सांसद सुनीता दुग्गल के आईपीएस पति का गुरुग्राम से पंचकूला में तबादला कर दिया है। आईपीएस राजेश दुग्गल इस समय गुरुग्राम में ज्वाइंट कमिश्नर के पद पर थे। अब उन्हें पंचकूला स्थित पुलिस मुख्यालय में भेज दिया गया है। आईपीएस राजेश दुग्गल की चुनाव आयोग और हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से शिकायत की गई थी। राजेश दुग्गल सिरसा से भाजपा सांसद सुनीता दुग्गल के पति हैं। हालांकि, सुनीता दुग्गल को इस बार टिकट नहीं मिला है, लेकिन पंजाब सहित कई अन्य राज्यों का हवाला देते हुए चुनाव आयोग से दुग्गल को हटाने का आग्रह किया गया था।

इससे पहले भी दुग्गल के खिलाफ आयोग को शिकायत गई थी। जिसमें अपनी पत्नी के चुनाव में प्रचार करने संबंधी आरोप लगाए गए थे। बाद में इस पर भी आयोग ने संज्ञान लिया था। चुनाव आयोग ने एचसीएस अधिकारी एवं बराड़ा एसडीएम विजेंद्र सिंह को भी चुनावी ड्यूटी से हटाने के आदेश दिए हैं। विजेंद्र की सेवानिवृत्ति 31 मई, 2024 को है। चुनाव प्रक्रिया 4 जून तक चलेगी। इस मामले में एडवोकेट हेमंत कुमार ने चुनाव आयोग से शिकायत की थी। जिसके बाद ही आयोग ने संज्ञान लेते हुए हरियाणा सरकार को हटाने का आदेश दिया।

# अंबाला सीट से जीत की हैट्रिक की फिराक में भाजपा, कांग्रेस खोई जमीन पाने के लिए करेगी जद्दोजहद

**अंबाला, 29 मार्च (एजेंसियां)।**
अंबाला लोकसभा सीट भाजपा के लिए इस बार महत्व–पूर्ण है। पार्टी यहां से जीत की हैट्रिक लगाना चाहती है। दो बार सांसद रहे दिवंगत रतनलाल कटारिया के बाद अब यह जिम्मेदारी उनकी पत्नी बंतो कटारिया के कंधों पर है। यह इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि कांग्रेस का गढ़ मानी जाने वाली अंबाला लोकसभा सीट पर भाजपा की वापसी रतनलाल कटारिया और मोदी लहर के कारण ही संभव हो सकी। दूसरी तरफ कांग्रेस अपनी खोई जमीन पाने के लिए चुनाव मैदान में उतरेगी। हालांकि कांग्रेस बंतो कटारिया के मुकाबले में अभी अपना प्रत्याशी उतार नहीं पाई है।

अंबाला लोकसभा सीट पर जीत की लगातार हैट्रिक लगाने का रिकॉर्ड कांग्रेस के राम प्रकाश चौधरी के नाम दर्ज है। उन्होंने कांग्रेस की टिकट पर वर्ष 1984, 1989 और 1991 के लोकसभा चुनावों में लगातार तीन बार जीत दर्ज कराई थी। इस रिकॉर्ड को आज तक कोई नहीं तोड़ पाया। भाजपा की टिकट पर वर्ष 2014 और वर्ष 2019 में रतनलाल कटारिया लगातार दो बार इस सीट को जीत चुके थे। मगर तीसरी बार यह सीट जीत पाते इससे पहले ही उनका निधन हो गया। वह अंबाला सीट पर कुल तीन बार सांसद चुने गए। लगातार सीट जीतने वालों में रामप्रकाश चौधरी के तीन बार के अलावा चुन्नी लाल, सूरजभान, कुमारी सैलजा और रतनलाल कटारिया ही हैं जिन्होंने लगातार दो बार अंबाला लोकसभा क्षेत्र से जीत हासिल की है।



अंबाला लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस ने नौ बार जीत हासिल की है। सबसे पहले वर्ष 1952 में अंबाला सीट संयुक्त पंजाब में शामिल थी। तब यहां से पहले सांसद कांग्रेस के टेकचंद निर्वाचित हुए थे। इसके बाद कांग्रेस से जुड़ी सुभद्रा जोशी वर्ष 1957 में और फिर दो बार चुन्नी लाल यहां से जीत हासिल कर संसद पहुंचे। हरियाणा के गठन के बाद वर्ष 1967 में भारतीय जनसंघ से सूरजभान यहां से सांसद बने। मगर इसके बाद एक बार फिर कांग्रेस जीती और इस बार राम प्रकाश चौधरी सांसद बने।

वर्ष 1977 और 1980 में जनता पार्टी से सूरजभान लगातार दो बार सांसद चुने गए। इसके बाद कांग्रेस से राम प्रकाश चौधरी लगातार वर्ष 1984, 1989 और 1991 में सांसद बने और इस सीट पर कांग्रेस का दबदबा लौटाने का काम किया। इसके बाद वर्ष 1996 में सूरजभान ने भाजपा को उभारा। मगर वर्ष 1998 में कांग्रेस और भाजपा को ऐसा समय भी देखना पड़ा कि दोनों पार्टी सांसद नहीं दे सकीं और इस बार बहुजन समाज पार्टी के अमन कुमार नागरा जीतकर आए। वर्ष 1999 में भाजपा को इस सीट पर रतनलाल कटारिया ने जीत दिलाई। मगर इस टर्म के बाद एक बार फिर से कांग्रेस आ गई और इस बार कुमारी सैलजा ने लगातार दो बार (वर्ष 2004 व 2009) भाजपा को आगे नहीं आने दिया। इसके बाद मोदी लहर आई तो भाजपा की फिर से वापसी हुई और रतनलाल कटारिया ने वर्ष 2014 और 2019 में यह सीट भाजपा की झोली में डाल दी।

# 40,000 फ्रेशर्स को नौकरी दे सकती है टीसीएस :2024 में पासआउट होने वाले छात्रों को मौका मिलेगा

## 11 लाख रुपए तक सालाना पैकेज का ऑफर




**नई दिल्ली, 29 मार्च (एजेंसियां)।** भारत की टेक कंपनी टीसीएस यानी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज फ्रेशर्स को नौकरी देगी। कंपनी ने 2024 के बीटेक, बीई, एमसीए, एमएससी और एमएस के छात्रों से एप्लिकेशन मांगी हैं। हालांकि, अभी तक इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि फ्रेशर्स के लिए कितनी सीटें उपलब्ध हैं। पिछले साल, यह बताया गया था कि 40,000 तक वैकेंसीज उपलब्ध थीं।

टीसीएस ये हायरिंग तीन कैटेगरी- नींजा, डिजिटल और प्राइम में करेगी। निंजा कैटेगरी को 3.36 लाख रुपए, डिजिटल को 7 लाख रुपए और प्राइम को 9 लाख से 11 लाख रुपए सालाना पैकेज मिलेगा।

### 10 अप्रैल तक अप्लाई कर सकेंगे, 26 को टेस्ट होगा

इन कैटेगरी में जॉब के लिए आवेदन करने की आखिरी तारीख 10 अप्रैल है और टेस्ट 26 अप्रैल को होगा। टीसीएस के मैनेजमेंट ने जनवरी में कहा था कि वित्त वर्ष 2024-25 से लिए फ्रेशर्स की रिक्रूटमेंट प्रोसेस शुरू हो चुकी है। कंपनी अभी कॉलेजों में विजिट कर रही है।

### बिजनेस प्रोसेसिंग स्पेशलिस्ट के लिए भी निकाली वैकेंसी

कंपनी ने आर्ट, कॉमर्स और साइंस ग्रैजुएट्स के लिए भी हायरिंग शुरू की है। इन्हें बिजनेस प्रोसेसिंग स्पेशलिस्ट (बीपीएस) के तौर पर हायर किया जा रहा है। टीसीएस वेबसाइट के करियर पेज के अनुसार, सभी आवेदकों को 14 अप्रैल से पहले रजिस्टर होना होगा।

### तीसरी तिमाही के अंत में टीसीएस में 6.03 लाख कर्मचारी थे

टीसीएस में कर्मचारियों की संख्या तीसरी तिमाही के अंत में 10,669 घटकर 603,305 रह गई थी। टीसीएस 12 अप्रैल को वित्त वर्ष 2024 के लिए अपने चौथी तिमाही के वित्तीय नतीजों की रिपोर्ट जारी करेगी। इसमें एट्रीशन की जानकारी भी शामिल होगी।

चीफ एचआर बोले- नए लोगों को कंपनी से जुड़ने का उत्साह

टीसीएस के चीफ एचआर मिलिंद लक्कड़ ने दिसंबर में कहा था, हमने अगले साल के लिए अपनी कैंपस हायरिंग प्रोसेस शुरू कर दी है और नए लोगों के बीच टीसीएस से जुड़ने के लिए जबरदस्त उत्साह देखा है। तब उन्होंने हायरिंग की संख्या नहीं बताई थी। उन्होंने कहा था संख्या बड़ी होगी।

## गौतम अडाणी और मुकेश अंबानी पहली बार साथ आएः रिलायंस ने अडाणी पावर से मध्यप्रदेश पावर प्रोजेक्ट में 26 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी



**नई दिल्ली।** मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज ने गौतम अडाणी की अडाणी पावर से मध्यप्रदेश पावर प्रोजेक्ट में 26 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी है। इसके साथ ही रिलायंस इंडस्ट्रीज ने प्लांट की 500 मेगावाट बिजली (इलेक्ट्रिसिटी) का खुद इस्तेमाल (कैप्टिव यूज) करने के लिए एक एग्रीमेंट साइन किया है। यह पहला मौका है जब दो कॉम्पिटिटिव बिलेनियर इंडस्ट्रियलिस्ट के बीच किसी तरह की पार्टनरशिप हुई है। दोनों कंपनियों ने अलग-अलग स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में इसके बारे में जानकारी दी है। अडाणी पावर की सब्सिडियरी कंपनी के 5 करोड़ शेयर खरीदेगी रिलायंस रिलायंस, अडाणी पावर लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सब्सिडियरी कंपनी महान एनर्जेन लिमिटेड के 10 रुपए फेस वैल्यू वाले 5 करोड़ इक्विटी शेयर खरीदेगी, जिसके लिए वह 50 करोड़ रुपए खर्च करेगी। रिलायंस भारत की सबसे बड़ी प्राइवेट सेक्टर कंपनी रिलायंस भारत की सबसे बड़ी प्राइवेट सेक्टर कंपनी है, जिसका मार्केट कैप 20,14,010.63 करोड़ रुपए है। 31 मार्च 2023 के अनुसार, रिलायंस का कंसोलिडेटेड रेवेन्यू 9,74,864 करोड़ रुपए है। कैश प्रॉफिट 1,25,951 करोड़ रुपए और नेट प्रॉफिट 73,670 करोड़ रुपए है। रिलायंस अभी हाइड्रोकार्बन एक्सप्लोरेशन और प्रोडक्शन, पेट्रोलियम रिफाइनिंग और मार्केटिंग, पेट्रोकेमिकल्स, एडवांस मटेरियल और कंपोजिट, रिन्यूएबल एनर्जी (सोलर और हाइड्रोजन), रिटेल और डिजिटल सर्विस प्रोवाइड करने का काम करती है। भारत का सबसे बड़ा प्राइवेट थर्मल पावर प्रोड्यूसर है अडाणी पावर गौतम अडाणी का अडाणी पावर भारत का सबसे बड़ा प्राइवेट थर्मल पावर प्रोड्यूसर है। कंपनी ने अपनी ऑफिशियल वेबसाइट में बताया है कि हमारी बिजली उत्पादन कैपेसिटी 15,250 मेगावाट है, जिसमें गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और झारखंड में थर्मल पावर प्लांट और गुजरात में 40 मेगावाट के सोलर एनर्जी प्रोजेक्ट शामिल हैं। अडाणी पावर का कहना है कि वह क्योटो प्रोटोकॉल के क्लीन डेवलपमेंट मैकेनिज्म के तहत कोल बेस्ड सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर प्रोजेक्ट स्थापित करने वाली दुनिया की पहली कंपनी है। एक-दूसरे के कॉम्पिटिटर हैं ये दोनों इंडस्ट्रियलिस्ट गुजरात के इन दोनों इंडस्ट्रियलिस्ट (मुकेश अंबानी और गौतम अडाणी) को अक्सर मीडिया और कमेंटेटर्स एक-दूसरे का कॉम्पिटिटर बताते हैं। फोर्ब्स रियल टाइम बिलियनेयर्स लिस्ट के अनुसार, मुकेश अंबानी 9.72 लाख करोड़ रुपए की नेटवर्थ के साथ दुनिया के 11 वें सबसे अमीर व्यक्ति हैं।

## 73 साल के बुजुर्ग को गाना गाते देख फैन हो गए थार कंपनी के मालिक



**नई दिल्ली ।** थार व स्कोर्पियो बनाने वाली कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा के चेयरमैन आनंद महिंद्रा सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहते हैं। वह आए दिन कोई सीख, फनी वीडियो या अन्य कई तरह की चीजें शेयर करते रहते हैं। उन्होंने हाल ही में एक और वीडियो शेयर किया है जिसमें एक बुजुर्ग व्यक्ति को गाना गाते देखा जा सकता है। इन शख्स का नाम डॉ. सुरेश नांबियार है और वह 73 वर्ष के हैं। यह वीडियो आईसीआईसीआई बैंक के एक कार्यक्रम का है जिसका आयोजन पिछले साल किया गया था। आनंद महिंद्रा ने माइक्रो-ब्लॉगिंग साइट एक्स पर यह वीडियो शेयर किया है। महिंद्रा ने डॉ. नांबियार की उनकी प्रतिभा की सराहना की, और उन्हें हमें अपने जुनून को आवाज देने की याद दिलाने के लिए धन्यवाद दिया। इस वीडियो में डॉ. नांबियार को 1986 का क्लासिक गाना जवानिया ये मस्त मस्त गाते हुए देखा जा सकता है। उनके साथ वीडियो में जाने-माने गायक शान भी दिख रहे हैं। महिंद्रा द्वारा शेयर की गई इस वीडियो पर आईसीआईसीआई बैंक ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है. डॉ. नांबियार ने आईशाइन गायन श्रेणी प्रतियोगिता जीती थी।इस क्लिप को एक्स पर साझा किया गया और इसे एक्स पर 1 लाख से अधिक बार देखा जा चुका है। डॉ. नांबियार ने 2023 में यह वीडियो अपने यूट्यूब चैनल पर वीडियो पोस्ट किया था। उन्होंने वीडियो का शीर्षक दिया, आईसीआईसीआई आईशाइन गायन प्रतियोगिता। यूट्यूब पर उनके 2000 से ज्यादा सब्सक्राइबर हैं। डॉ. सुरेश नांबियार ने संयुक्त अरब अमीरात में एक चिकित्सा व्यवसायी के रूप में काम किया और वर्तमान में एक सेवानिवृत्त व्यक्ति हैं।

# नए वित्तीय वर्ष में बदल जाएंगे कई नियम जल्दी निपटा लें ये काम नहीं तो होगी परेशानी

**नई दिल्ली,29 मार्च (एजेंसियां) ।**

एक अप्रैल 2024 से नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत हो जाएगी। इसके साथ ही आपकी जेब पर असर डालने वाले कई नियम भी बदल जाएंगे। ऐसे में जरूरी है कि आप चालू वित्तीय वर्ष के बचे हुए दिनों में अपने कुछ पेंडिंग काम निपटा लें, नहीं तो आपको परेशानी हो सकती है। आइए जानते हैं एक अप्रैल 2024 से कौन-कौन से अहम बदलाव होने हैं।




### एनपीएस में बदलाव

नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत के साथ ही नेशनल पेमेंट सिस्टम से जुड़े नियमों में बदलाव होने वाला है। एक अप्रैल से एनपीएस के खाते में लॉगिन करने के लिए टू फैक्टर ऑर्थेटिकेशन जरूरी हो जाएगा। ऐसे में ग्राहकों के लिए समय रहते इससे जुड़ी प्रक्रिया के बारे में जान लेना जरूरी है।

### फास्टैग से जुड़े नियमों में बदलाव

एक अप्रैल 2024 से फास्टैग से जुड़े कुछ नियम भी बदल रहे हैं। अगर आपने अब तक अपनी कार के फास्टैग की बैंक केवाईसी पूरी नहीं की है तो एक अप्रैल से शुरू होने वाले नए वित्तीय वर्ष में आपको परेशानी झेलनी पड़ सकती है। ऐसे में जरूरी है कि आप 31 मार्च 2024 से पहले ही अपने फास्टैग की केवाईसी से जुड़ी प्रक्रिया पूरी कर लें। अगर आपने ऐसा नहीं किया तो आपका फास्टैग खाता बैंक की ओर से निष्क्रिय या ब्लैकलिस्ट किया जा सकता है। अगर ऐसा होता है तो फास्टैग खाते में मौजूद बैलेंस का इस्तेमाल करने में भी आपको परेशानी हो सकती है।

### ईपीएफओ के खाताधारकों को मिलेगी राहत

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन यानी ईपीएफओ से जुड़े नियम भी एक अप्रैल 2024 से बदलने वाले हैं। इस बदलाव से इपीएफओ ग्राहकों को राहत मिलने वाली है। दरअसल, एक अप्रैल से खाताधारकों को नौकरी बदलने पर मैनुअल तरीके से अपने पुराने पीएफ बैलेंस को नए अकाउंट में ट्रांसफर करने की जरूरत नहीं रहेगी। ऑटो मोड में ही पुराने पीएफ का बैलेंस नए अकाउंट के साथ जुड़ जाएगा। फिलहाल यूएएन नंबर होने के बावजूद पीएफ खाते का बैलेंस ट्रांसफर करने के लिए ग्राहक को अलग से अनुरोध करना पड़ता था।

### पैन-आधार लिंक

सरकार पैन कार्ड और आधार कार्ड को लिंक करने की डेडलाइन कई बार बढ़ा चुकी है। फिलहाल 31 मार्च 2024 को आधार पैन लिंक करने की आखिरी तारीख है। यदि 31 मार्च से पहले आपने अपना पैन और आधार कार्ड लिंक नहीं कराया तो आपका पैन कार्ड रद्द हो सकता है। पैन कार्ड निष्क्रिय होने पर आपको कई तरह की परेशानी हो सकती है। उसे दोबारा एक्टिव कराने के लिए आपको 1000 रुपये के जुर्माने का भी भुगतान करना पड़ेगा। ऐसे में जरूरी है कि आप 31 मार्च 2024 से पहले अपना पैन और आधार कार्ड आपस में लिंक करा लें।

### रसोई गैस की कीमतों में बदलाव

सरकार की ओर से हर महीने की एक तारीख को रसोई गैस के कमर्शियल और घरेलू सिलेंडरों के कीमत की समीक्षा की जाती है। हालांकि इस बार लोकसभा चुनाव के कारण आदर्श आचार संहिता लगी हुई है, इसलिए कीमतों में परिवर्तन की गुंजाइश कम है।

लेकिन केंद्र सरकार अगर चाहे तो चुनाव आयोग से अनुमति लेकर रसोई गैस की कीमतों में बदलाव का एलान भी कर सकती है।

### केडिट कार्ड के नियमों में बदलाव

एक अप्रैल 2024 से नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत होने के बाद क्रेडिट कार्ड से जुड़े नियमों में भी बदलाव होने हैं। एसबीआई क्रेडिट कार्ड के नियम एक अप्रैल 2024 से बदल जाएंगे। नए नियमों के अनुसार क्रेडिट कार्ड के जरिए किराए का भुगतान करने पर अब रिवार्ड प्वाइंड नहीं जारी किए जाएंगे। कई अन्य बैंकों के क्रेडिट कार्ड पर भी यह नियम 15 अप्रैल 2024 से लागू हो सकता है।

## 2047 तक 55 लाख करोड़ डॉलर होगी देश की जीडीपी, आईएमएफ में भारत के कार्यकारी निदेशक ने कही यह बात




**नई दिल्ली,29 मार्च ।**

भारतीय अर्थव्यवस्था 2047 तक 8 फीसदी की दर से बढ़ सकती है। अगर यह रफ्तार कायम रही तो इस अवधि तक भारत 55 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बन सकता है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में भारत के कार्यकारी निदेशक कृष्णमूर्ति वेंकट (केवी) सुब्रमण्यम ने बृहस्पतिवार को कहा कि यह तभी संभव है, जब देश पिछले 10 वर्षों में लागू की गई अच्छी नीतियों को दोगुना कर सके और सुधारों में तेजी लाए। सुब्रमण्यम ने कहा कि 8 फीसदी की वृद्धि दर महत्वाकांक्षी है क्योंकि भारत पहले लगातार इस रफ्तार से नहीं बढ़ पाया है, लेकिन इसे हासिल किया जा सकता है। अर्थव्यवस्था की रफ्तार उम्मीद से बेहतर भारतीय अर्थव्यवस्था 2023 के अंतिम तीन महीनों में उम्मीद से बेहतर 8.4 फीसदी की दर से बढ़ी। यह पिछले डेढ़ साल में जीडीपी वृद्धि की सबसे तेज रफ्तार है। अक्तूबर-दिसंबर में वृद्धि दर के दम पर चालू वित्त वर्ष के लिए विकास दर अनुमान को 7.6 फीसदी तक बढ़ा दिया गया है। इन क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता आईएमएफ में भारत के कार्यकारी निदेशक ने यह भी कहा कि भूमि, श्रम, पूंजी और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में सुधार की आवश्यकता है। विनिर्माण क्षेत्र में सुधार जरूरी है। इसके साथ ही, हमें विनिर्माण क्षेत्र को कर्ज देने के लिए बैंकिंग क्षेत्र में भी सुधार पर बल देना होगा। रोजगार सृजन पर देना होगा जोर, बढ़ेगी खपत सुब्रमण्यम ने कहा, 1991 के बाद से ऐतिहासिक रूप से भारत की औसत आर्थिक वृद्धि दर 7 फीसदी से थोड़ी अधिक रही है। भारत को अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की जरूरत है क्योंकि देश की जीडीपी का लगभग 58 फीसदी घरेलू उपभोग से आता है। इसलिए, आप जानते हैं...हमारे पास क्षमता है। अगर हम विनिर्माण क्षेत्र को प्रोत्साहित कर पर्याप्त नौकरियां पैदा कर सकें तो इससे बहुत अधिक खपत होगी।

## वीवो टी3 5जी फोन मिल रहा डिस्काउंट में एसबीआई कार्ड और एचडीएफसी पर कार्ड मिल रही छूट

**नई दिल्ली,29 मार्च (एजेंसियां) ।**

पिछले हफ्ते वीवो टी3 5जी फोन लॉन्च किया गया था। इस धांसू फोन की पहली सेल रखी गई है। अगर आपके पास एसबीआई कार्ड और एचडीएफसी कार्ड है तो आप फोन की खरीद पर 2,000 रुपये का फ्लैट डिस्काउंट पा सकेंगे। एक्सचेंज ऑफर के तहत भी फोन पर 2,000 रुपये का डिस्काउंट मिल जाएगा।

वीवो के इस फोन की सबसे खास बात इसका 50 मेगापिक्सल का सोनी आईएमएक्स 822 प्राइमरी कैमरा और 44 वॉट फास्ट चार्जिंग सपोर्ट दिया गया है। ग्राहक इस फोन को कॉस्मिक ब्लू और क्रिस्टल फ्लेक कलर ऑप्शन में खरीद सकते हैं। फीचर्स के तौर पर वीवो टी3 5जी में 6.67-इंच का एफएचडी+ अमोलेड डिस्प्ले दिया गया है। इसका डिस्प्ले 120 एचझेड रिफ्रेश रेट और 1800 निट्स की पीक ब्राइटनेस के साथ आता है। इस स्मार्टफोन में 8जीबी रैम और 256जीबी स्टोरेज दी गई है। ये फोन एंड्राएड 14 पर बेस्ड फनटच ओएस 14 पर काम करता है। साथ ही इसमें मीडियाटेक डायमेंसिटी 7200 5जी प्रोसेसर मौजूद है।



पावर के लिए वीवो के इस फोन में 5,000 एमएएच की बैटरी मिलती है और ये 44वॉट फास्ट चार्जिंग सपोर्ट के साथ आती है।कैमरे के तौर पर वीवो के इस लेटेस्ट फोन में 50 मेगापिक्सल का सोनी आईएमएक्स82 प्राइमरी कैमरा ओआईएस, 4के वीडियो रिकॉर्डिंग, 2एक्स पोर्ट्रेट जूम और सुपर नाइट मोड मिलता है। इसके अलावा इसमें एक 2 मेगापिक्सल का बोके कैमरा भी ग्राहकों के लिए मौजूद है। सेल्फी के लिए इस फोन के फ्रंट में 16 मेगापिक्सल का कैमरा दिया गया है।

## बैंक ऑफ इंडिया को तीसरी तिमाही में हुआ था 1870 करोड़ का मुनाफा, अब लग गया 550 करोड़ से ज्यादा का जुर्माना

**नई दिल्ली,29 मार्च ।**

आयकर विभाग टैक्स की चोरी के मामले में किसी को नहीं बख्शता है, चाहे वो आम करदाता हों या फिर कोई बड़ा बिजनेसमैन। यहां तक कि देश के बड़े वित्तीय संस्थानों को भी राहत नहीं मिलती।

Bank of India

नियमों के उल्लंघन को लेकर विभाग ने सार्वजनिक क्षेत्र के बड़े बैंक पर भारी-भरकम पेनल्टी लगाई है। आयकर विभाग ने बैंक ऑफ इंडिया के खिलाफ बड़ा एक्शन लिया है। कई नियमों के उल्लंघन को लेकर विभाग ने बैंक पर 564.44 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया। फरवरी में बैंक ऑफ इंडिया ने एक्सचेंज फाइलिंग में बताया था कि उसे चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 1,869.5 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। वहीं, अब बैंक को 564.44 करोड़ रुपये का जुर्माना भरना पड़ेगा। आयकर नियमों के उल्लंघन का आरोप लगने के बाद बैंक ने भी आयकर आयुक्त, राष्ट्रीय फेसलेस अपील केंद्र में अपील दायर की है। इस अपील में बैंक ने कहा कि उसके पास खुद को सही साबित करने के लिए पर्याप्त तथ्यात्मक और कानूनी आधार है। क्यों लगा बैंक पर जुर्माना बैंक ने शेयर बाजार को इस जुर्माने की सूचना दी। सूचना के अनुसार बैंक को इनकम टैक्स डिपार्टमेंट से एसेसमेंट ईयर 2018-19 से संबंधित आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 270 के आदेश मिला है। इसमें आदेश के अनुसार विभिन्न नियमों की उल्लंघन की वजह से बैंक पर 564.44 करोड़ रुपये का जुर्माना लगा है। बैंक ने इस आदेश पर प्रतिक्रिया भी दी है। बैंक ने कहा कि उम्मीद है कि जुर्माने की मांग कम हो जाएगी और इस पेनल्टी से बैंक के संचालन पर कोई असर नहीं पड़ेगा। बैंक ऑफ इंडिया की वित्तीय परफॉर्मेंस पब्लिक सेक्टर के बैंक ऑफ इंडिया ने 2 फरवरी 2024 को दिसंबर 2023 तिमाही के नतीजे जारी किये थे। बैंक द्वारा जारी नतीजों के अनुसार बैंक को अक्टूबर से दिसंबर में 1,869.5 करोड़ रुपये का कुल मुनाफा हुआ। दिसंबर, 2023 के अंत तक बैंक की सकल गैर-निष्पादित संपत्ति (एनपीए) घटकर कुल कर्ज का 5.35 फीसदी हो गया और नेट एनपीए 1.41 प्रतिशत पर आ गया।

# एफटीएक्स के संस्थापक सैम को 25 साल की जेल, अदालत ने कहा- यह इतिहास की बड़ी वित्तीय धोखाधड़ी में से एक

**वाशिंगटन,29 मार्च (एजेंसियां) ।**

अमेरिका में एफटीएक्स के संस्थापक सैम बैंकमैन फ्राइड को न्यायाधीश ने 25 साल के जेल की सजा सुनाई है। फ्राइड पर आरोप है कि उन्होंने अपनी कंपनी एफटीएक्स के माध्यम से क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज के ग्राहकों से आठ बिलियन डॉलर की चोरी की है, जो अब दिवालिया हो चुकी है। अभियोजकों ने इसे अमेरिकी इतिहास में सबसे बड़ी वित्तीय धोखाधड़ी में से एक कहा है।

मैनहट्टन अदालत की जिला न्यायाधीश लुईस कपलान ने सुनवाई के दौरान बैंकमैन-फ्राइड के इस दावे को खारिज कर दिया, जिसमें उसने कहा था कि एफटीएक्स ग्राहकों का पैसा नहीं खोया है और उनके खिलाफ झूठी गवाही दी गई है। जूरी ने बैंकमैन को एफटीएक्स के 2022 के पतन से जुड़े सात धोखाधड़ी और साजिश के मामलों में दोषी पाया। कपलान ने कहा कि बैंकमैन-फ्राइड ने कोई पश्चाताप नहीं दिखाया है। सजा सुनाने से पहले न्यायाधीश ने कहा कि बैंकमैन जानता था कि यह गलत है। वह जानता था कि यह आपराधिक था। लेकिन वह किसी भी बात को स्वीकार नहीं करेगा, जैसा कि उसका अधिकार है। सुनवाई के दौरान न्यायाधीश ने माना कि बैंकमैन ने मुकदमे के दौरान झूठ बोला है।



### कोर्ट ने पहले दिया था यह फैसला

कोर्ट ने अपने फैसले में पहले कहा था कि अमेरिकी जिला न्यायाधीश लेविस कपलान ने पाया कि प्रतिवादी ने गवाहों से छेड़छाड़ के प्रयास का संघीय अपराध किया है। इस अपराध का हवाला देते हुए बैंकमैन-फ्राइड को वापस संघीय हिरासत में भेजने का निर्देश दिया गया। अभियोजकों ने कैरोलिन एलिसन, जो पहले अल्मेडा रिसर्च में काम करती थीं, के निजी लेखन वाले एक लेख का हवाला देते हुए तर्क दिया कि द न्यूयॉर्क टाइम्स के स्रोत के रूप में बैंकमैन-फ्राइड की गतिविधियां गवाहों को डराने-धमकाने जैसी थीं। बता दें, बैंकमैन-फ्राइड को 2.5 करोड़ डॉलर की जमानत पर रिहा किया गया था। अभियोजकों ने बैंकमैन-फ्राइड पर आरोप लगाया कि उन्होंने निवेशकों को धोखा दिया और एफटीएक्स और अल्मेडा रिसर्च ग्राहकों के धन का दुरुपयोग किया।

### बहामास में अपार्टमेंट के बाहर से किया गया था गिरफ्तार

बता दें कि पूर्व एफटीएक्स प्रमुख फ्राइड वित्त और तकनीकी पत्रिकाओं के कवर पर दिखाई दिए थे। फॉर्च्यून ने उनकी तुलना वॉरेन बफेट से की थी और प्रमुख फंड प्रबंधकों और उद्यम पूंजीपतियों से भारी निवेश प्राप्त किया था। लेकिन यह सब नाटकीय रूप से तब बिगड़ गया जब एक मीडिया रिपोर्ट में कहा गया कि अल्मेडा की बैलेंस शीट बिना किसी स्वतंत्र मूल्य के एफटीएक्स द्वारा बनाए गए टोकन पर आधारित थी। साथ ही बैंकमैन-फ्राइड की कंपनियों को खतरनाक रूप से एक दूसरे से जुड़े होने के रूप में उजागर किया गया था। बैंकमैन-फ्राइड को न्यूयॉर्क में संघीय अभियोजकों के अनुरोध पर 12 दिसंबर को बहामास में उनके अपार्टमेंट से गिरफ्तार किया गया था। बहामास के स्थायी निवासी फ्राइड ने अमेरिका में प्रत्यर्पण के खिलाफ लड़ाई न लड़ने का निर्णय लेने से पहले अपनी पसंद पर विचार करते हुए नौ दिन जेल में बिताए थे।

## सैमसंग के कर्मचारी वेतन में 5.1 प्रतिशत वृद्धि पर हुए सहमत

**सोल।** इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के दुनिया के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक दक्षिण कोरियाई कंपनी सैमसंग के प्रबंधन और उसके कर्मचारी साल 2024 के लिए औसतन 5.1 प्रतिशत वेतन वृद्धि पर सहमत हो गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया की सबसे बड़ी मेमोरी चिप और स्मार्टफोन निर्माता ने अपने कर्मचारियों के प्रतिनिधियों के साथ वेतन और मातृत्व अवकाश बढ़ाने को लेकर एक समझौता किया है। इस वर्ष की 5.1 प्रतिशत वेतन वृद्धि पिछले वर्ष की 4.1 प्रतिशत वेतन वृद्धि से अधिक है। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने कहा कि उसने वैश्विक अनिश्चितता के बावजूद कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाने के लिए वेतन में लगभग 5 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने का फैसला किया है। वहीं, कुल 110,000 श्रमिकों में से लगभग 4 प्रतिशत यूनियन कर्मचारियों ने 6.5 प्रतिशत वेतन वृद्धि का आह्वान किया है वह पिछले साल के अंत से प्रबंधन के साथ वेतन को लेकर बातचीत कर रहे हैं।

संपादकीय

# चुनाव विपक्ष-मुक्त नहीं

सिर्फ केजरीवाल की गिरफ्तारी के आधार पर इस निष्कर्ष तक नहीं पहुंचा जा सकता कि 2024 के आम चुनाव 'विपक्ष-मुक्त' हैं अथवा चुनावी रण समतल नहीं है। केजरीवाल के मुद्दे पर तो संयुक्त विपक्ष की रैली का आह्वान किया गया है, लेकिन हेमंत सोरेन भी झारखंड के चुने हुए मुख्यमंत्री थे। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उन्हें इस्तीफा देने को बाध्य किया था। सोरेन की मासूमियत पर विपक्ष ने इतना शोर नहीं मचाया, जितना केजरीवाल को लेकर प्रलाप किया जा रहा है कि एक पदासीन मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया गया है। ईडी ने अदालत में बिंदुवार आरोप गिनाते हुए केजरीवाल को शराब घोटाले का 'सरगना' और 'मुख्य साजिशकार' करार दिया था। हवाला के जरिए करोड़ों रुपए कहां और कब पहुंचाए गए, उनके भी ब्योरे दिए गए हैं। दिल्ली उच्च न्यायालय के दो न्यायाधीशों ने जब ईडी के दस्तावेजों और साक्ष्यों को देखा, तो वे चौंक क्यों गए? केजरीवाल को संरक्षण देने से इंकार क्यों किया? परोक्ष रूप से मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी की अनुमति क्यों दी? यह कैसे संभव है कि केजरीवाल के समर्थक प्रवक्ता तो सही सवाल उठा रहे हैं कि जांच एजेंसियों को बीते दो साल के दौरान घोटाले की चवन्नी तक बरामद नहीं हुई और अदालतें गलत हैं? बुनियादी सवाल यह है कि क्या केजरीवाल ही विपक्ष का केंद्रीय मुद्दा हैं? क्या एक पदासीन मुख्यमंत्री को गिरफ्तार नहीं किया जा सकता, यदि वह करोड़ों के भ्रष्टाचार में संलिप्त है? विपक्ष के महत्वपूर्ण घटक उप्र, बिहार, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना और ओडिशा आदि राज्यों में सक्रिय और प्रासंगिक हैं। वे भाजपा-एनडीए के लिए चुनौती ही नहीं, उन्हें पराजित भी कर सकते हैं। फिलहाल वे 'इंडिया' गठबंधन की छतरी तले एकजुट होने का दिखावा कर रहे हैं, लेकिन ऐसा प्रतीकात्मक ही है, क्योंकि ताजा संकेतों के मुताबिक, उनमें बिखराव के हालात अभी समन्वय में तबदील नहीं हुए हैं। यकीनन केजरीवाल की उपस्थिति इन राज्यों में गायब है। वे केजरीवाल की राजनीति के मोहताज नहीं हैं, लिहाजा ऐसी व्याख्या करने से बचना चाहिए कि 2024 के चुनाव विपक्ष-मुक्त हैं। लोकतंत्र और संविधान भी बिल्कुल सुरक्षित हैं। कमोबेश इस वक्त का विपक्ष उन्हें बचाने का ढोंग नहीं कर सकता। लोकतंत्र और संविधान इतने कमजोर नहीं होते कि एक मुख्यमंत्री को जेल हो गई, तो वे ध्वस्त हो गए! ईडी, सीबीआई, आयकर आदि ने पहले की सरकारों के दौरान भी विपक्ष के खिलाफ कार्रवाइयां की थीं और आज भी सिलसिला जारी है। कुछ आंकड़ों का औसत कम-ज्यादा हो सकता है। केजरीवाल ही लोकतंत्र और संविधान की आधार-भूमि नहीं हैं। केजरीवाल और उनकी आम आदमी पार्टी (आप) राजधानी दिल्ली की 7 और पंजाब की 13 लोकसभा सीटों पर जनादेश की दिशा और दशा तय करने में सक्षम हो सकती हैं, लेकिन संसदीय चुनाव में दिल्ली के 50 फीसदी से अधिक मतदाता भाजपा के पक्ष में वोट करते रहे हैं, ऐसे चुनावी रुझानों का इतिहास साक्षी रहा है। दिल्ली और पंजाब में कुछ हद तक मतदाताओं की सहानुभूति केजरीवाल के पक्ष में कारगर साबित हो सकती है, लेकिन वह चुनावी लहर की दिशा नहीं बदल सकती। कांग्रेस अपने बैंक खातों को फ्रीज किए जाने को लोकतंत्र का दमन मान रही है। ये दुष्प्रचार भी विपक्ष की रणनीति का हिस्सा हो सकते हैं। दरअसल बैंक खाते पूरी तरह आयकर विभाग ने फ्रीज नहीं कराए हैं। अब भी खातों में पर्याप्त पैसा है और कांग्रेस 115 करोड़ रुपए छोड़ कर शेष राशि चुनाव या अन्य मदों पर खर्च कर सकती है। यह भी दुष्प्रचार किया जा रहा है कि भाजपा सरकार विपक्ष के उन मुख्यमंत्रियों अथवा नेताओं को भी जेल में डलवा सकती है, जो उसके लिए राजनीतिक खतरा पेश कर सकते हैं। भारत एक संवैधानिक देश है, जहां सर्वोच्च अदालत ने केंद्र सरकार के भी कई फैसलों को पलटा है। बहरहाल चुनाव अपेक्षाकृत निष्पक्ष व स्वतंत्र हों, चुनाव आयोग इस प्रयास में है।

केजरीवाल की राजनीति के मोहताज नहीं हैं, लिहाजा ऐसी व्याख्या करने से बचना चाहिए कि 2024 के चुनाव विपक्ष-मुक्त हैं। लोकतंत्र और संविधान भी बिल्कुल सुरक्षित हैं। कमोबेश इस वक्त का विपक्ष उन्हें बचाने का ढोंग नहीं कर सकता। लोकतंत्र और संविधान इतने कमजोर नहीं होते कि एक मुख्यमंत्री को जेल हो गई, तो वे ध्वस्त हो गए! ईडी, सीबीआई, आयकर आदि ने पहले की सरकारों के दौरान भी विपक्ष के खिलाफ कार्रवाइयां की थीं और आज भी सिलसिला जारी है। कुछ आंकड़ों का औसत कम-ज्यादा हो सकता है। केजरीवाल ही लोकतंत्र और संविधान की आधार-भूमि नहीं हैं। केजरीवाल और उनकी आम आदमी पार्टी (आप) राजधानी दिल्ली की 7 और पंजाब की 13 लोकसभा सीटों पर जनादेश की दिशा और दशा तय करने में सक्षम हो सकती हैं, लेकिन संसदीय चुनाव में दिल्ली के 50 फीसदी से अधिक मतदाता भाजपा के पक्ष में वोट करते रहे हैं, ऐसे चुनावी रुझानों का इतिहास साक्षी रहा है।

### जल की कमी दुनिया भर में पलायन का प्रमुख कारण है और विस्थापित लोग जिन स्थानों पर बसते हैं वहां संसाधनों पर दबाव पड़ता है

# जल संसाधनों का कुप्रबंध

डा. वरिंदर भाटिया

संयुक्त राष्ट्र ने विश्व जल दिवस के मौके पर जारी एक रिपोर्ट में यह चेतावनी दी है। यूएन की ओर से जारी रिपोर्ट 'यूएन वल्ड वॉटर डेवलपमेंट रिपोर्ट 2024' की थीम 'शांति और समृद्धि के लिए जल जरूरी' रखी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सभी के लिए स्वच्छ जल की उपलब्धता दुनिया में शांति के लिए जरूरी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया में फिलहाल करीब एक चौथाई मानवता यानी 2.2 अरब लोगों की पहुंच स्वच्छ पेयजल तक नहीं है और 3.5 अरब लोग स्वच्छ और साफ स्थितियों में जीवनयापन नहीं कर रहे हैं।

बाईस मार्च को विश्व जल दिवस मनाया गया। ताजा खबरों के अनुसार इस समय दुनिया में बढ़ता जल संकट वैश्विक स्तर पर तनाव और अस्थिरता में बढ़ोतरी कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र ने विश्व जल दिवस के मौके पर जारी एक रिपोर्ट में यह चेतावनी दी है। यूएन की ओर से जारी रिपोर्ट 'यूएन वल्ड वॉटर डेवलपमेंट रिपोर्ट 2024' की थीम 'शांति और समृद्धि के लिए जल जरूरी' रखी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सभी के लिए स्वच्छ जल की उपलब्धता दुनिया में शांति के लिए जरूरी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया में फिलहाल करीब एक चौथाई मानवता यानी 2.2 अरब लोगों की पहुंच स्वच्छ पेयजल तक नहीं है और 3.5 अरब लोग स्वच्छ और साफ स्थितियों में जीवनयापन नहीं कर रहे हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि जल संकट का पहला शिकार बालिकाएं और महिलाएं होती हैं, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली महिलाएं, क्योंकि परिवार के लिए पानी लाने और संग्रह करने की जिम्मेदारी मुख्य रूप से उन्हीं पर होती है। रिपोर्ट के अनुसार, लड़कियों को अस्वच्छ हालात में दिन के कई घंटे पानी लाने और ले जाने में बिताने पड़ते हैं। इस कारण उनका स्कूल छूट जाता है। इसे रोकना चाहिए। जल उपलब्धता में कमी के कारण दुनिया में अराजकता के हालात पैदा हो रहे हैं। जल की कमी दुनिया भर में पलायन का प्रमुख कारण है और विस्थापित लोग जिन स्थानों पर बसते हैं वहां संसाधनों पर दबाव पड़ता है। यूएन की रिपोर्ट में सोमालिया में एक अध्ययन का हवाला दिया गया है जिसमें विस्थापित लोगों के एक समूह के खिलाफ महिला उत्पीडन और हिंसा में 200 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में कम से कम 10 प्रतिशत वैश्विक पलायन जल संकट से जुड़ा हुआ है। अब जबकि दुनिया में जलवायु से जुड़ी अनियमितताएं बढ़ रही हैं, इससे जुड़ा पलायन भी बढना तय है। रिपोर्ट के अनुसार, जल संकट से सबसे ज्यादा प्रभावित गरीब देश हैं, जिनके लिए जलवायु परिवर्तन से अनुकूलन के समुचित साधन नहीं हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि गरीब देशों में 80 फीसदी नौकरियां पानी पर निर्भर होती हैं, क्योंकि यहां रोजगार सेक्टर की निर्भरता



कृषि पर होती है। जबकि विकसित देशों में रोजगार की पानी पर निर्भरता 50 फीसदी ही होती है। ऐसे में गरीब देशों में जल संकट से समूची अर्थव्यवस्था में संकट और तनाव खड़ा हो जाता है, जो कि दुनिया में अस्थिरता का कारण बनता है। बढ़ती जनसंख्या और पानी की अधिक खपत की प्रवृत्तियों पर गहराई से नजर डालें तो तो यह पता चल सकता है कि 1900 से वैश्विक तौर पर ताजे जल की खपत छह गुना क्यों बढ़ गई है? ताजे जल की निश्चित मात्रा की बढ़ती मांग से पानी से जुड़े कई विवाद पैदा हो रहे हैं। लेकिन अधिकतर जल संबंधी समस्याएं स्थानीय हैं, वैश्विक नहीं। अपने देश में भी गर्मी के मौसम से पहले भारत के 150 प्रमुख जलाशयों में भंडारण क्षमता उनकी कुल क्षमता का केवल 38 प्रतिशत है, जो पिछले दशक की इसी अवधि के औसत से कम है। बेंगलुरू जैसे शहर पहले से ही 2600 मिलियन (दस लाख) लीटर प्रतिदिन (एमएलडी) की मांग के मुकाबले लगभग 500 एमएलडी पानी की कमी से जूझ रहे हैं। साल 1947 में जब भारत स्वतंत्र हुआ था, तो प्रति व्यक्ति 5000 क्यूबिक मीटर पानी उपलब्ध था। साल 2021 से 2031 के बीच यह 1486 से गिरकर 1367 क्यूबिक मीटर हो जाएगा। इसका अर्थ यह है कि ऐसी कम उपलब्धता के साथ हम पानी के संकट में हैं। चिंताजनक यह भी है कि जितना कम पानी उपलब्ध होगा, उतना ही वह प्रदूषित भी होता चला जाएगा। हमें 4000 अरब क्यूबिक मीटर पानी जो बारिश की कृपा से मिलता है, उसका हम मात्र 1100 क्यूबिक मीटर ही उपयोग में ला पाते हैं। अपने देश में 70 फीसदी पानी उपयोग के लिए अयोग्य पाया गया है। यही कारण है कि बोतलबंद पानी का व्यापार लगातार बढ़ता जा रहा है। ध्यान रहे, एक लीटर पानी की बोतल के पीछे तीन लीटर पानी खराब होता है और बोतलें प्लास्टिक प्रदूषण भी पैदा कर रही हैं। इस समय धरती पर पानी का संकट लगातार बढ़ता जा रहा है। इसकी चपेट में भारत समेत दुनिया के कई देश हैं। भारत में ऐसे शहर हैं, जहां पानी के लिए हाहाकार मच सकता है। इन पांच शहरों में दिल्ली, राजस्थान का जयपुर, पंजाब का बठिंडा, मुंबई और चेन्नई शामिल हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि जल संकट एक राष्ट्रव्यापी मुद्दा है। भारत में दुनिया की आबादी का 18 प्रतिशत है, लेकिन जल संसाधन केवल 4 फीसदी हैं। भारत का जो मुख्य जल भंडार है, वह इस वक्त पांच साल में अपने सबसे निचले स्तर पर है। नीति आयोग की एक रिपोर्ट के मुताबिक 2030 तक 40 फीसदी भारतीयों को पीने का पानी उपलब्ध नहीं होगा। लगभग 600 मिलियन भारतीय पहले से ही गंभीर जल संकट से जूझ रहे हैं। रिपोर्ट में चिंताजनक भूजल उपलब्धता वाले 21 शहरों का उल्लेख किया गया है। इसमें दिल्ली, गुरुग्राम, गांधीनगर, जयपुर, चेन्नई, हैदराबाद, आगरा, इंदौर, अमृतसर, वेल्लोर, चेन्नई व लुधियाना शामिल हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली की आबादी 2.4 करोड़ है। यहां 600 मिमी प्रति मिनट वर्षा होती है, जो जरूरत से काफी कम है। दिल्ली 50 फीसदी पानी की जरूरतों के लिए हरियाणा, उत्तर प्रदेश और पंजाब पर निर्भर है। अगर इन राज्यों ने इनकार कर दिया तो दिल्ली बर्बादी के कगार पर पहुंच जाएगी। इसी तरह मुंबई समुद्र के किनारे बसा है। यहां भारी मात्रा में बारिश होती है। मुंबई अच्छे जल संसाधनों से समृद्ध है, लेकिन तेजी से हो रहे शहरीकरण और जनसंख्या विस्फोट के सामने जल संसाधन प्रबंधन प्रभावी नहीं हैं। इसलिए आने वाले समय में यहां भी पानी की किल्लत हो सकती है। और तो और, भले ही पंजाब में पांच नदियां हैं, लेकिन इसकी कृषि जल खपत वॉटर रिचार्ज की तुलना में बहुत अधिक है। नीति आयोग की रिपोर्ट में पंजाब के कई शहरों पर जल संकट का खतरा बताया गया है।

दृष्टि कोण

# हरित क्रांति में हिंसा की फसलें, भारी सामाजिक-आर्थिक विषमता थी प्रमुख वजह

भारत में किसानों का विरोध प्रदर्शन एक आम घटना-सी बन गया है। ये विरोध प्रदर्शन हिंसा की छिटपुट घटनाओं से चिह्नित हैं। हरित क्रांति में पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की, पर इसकी कथित सफलता के पीछे छिपी वास्तविक कहानी भयावह है। सुप्रतिष्ठित पर्यावरण कार्यकर्ता और विद्वान डॉ वंदना शिवा ने अपनी बहुचर्चित पुस्तक द वायलेंस ऑफ द ग्रीन रेवोल्यूशन (हरित क्रांति की हिंसा) में हरित क्रांति से उत्पन्न व्यापक पर्यावरणीय और सामाजिक परिवर्तनों के बीच की जटिलताओं को खोजा है। उन्होंने हरित क्रांति पद्धति में छिपी बहुआयामी हिंसा की पड़ताल अनेक घटनाओं का उदाहरण देते हुए की है। इस पुस्तक में उन्होंने पारिस्थितिक सिद्धांतों से जोड़ कर वर्तमान और भविष्य में हरित क्रांति से उबलते एक-एक पहलू की भविष्यवाणी कर दी थी। हरित क्रांति का प्रादुर्भाव 20वीं शताब्दी के मध्य महत्वाकांक्षी कृषि परिवर्तनों के साथ हुआ था। इसका उद्देश्य उच्च उपज वाली फसल किस्मों और कृषि रसायनों को अपनाकर कृषि उत्पादन को बढ़ाना और वैश्विक भूख को कम करना था, परंतु इसके परिणाम सकारात्मक नहीं थे। उस समय भविष्य में इसके क्या-क्या सामाजिक, आर्थिक, पर्यावरणीय और पारिस्थितिक परिणाम होंगे, इसका आकलन नहीं किया गया। हमने अपनी भौगोलिक सीमाओं में जन्मे तथा सदियों से पीढ़ियों को पोषित करते आए बीजों को तिलांजलि दे दी और अंधाधुंध पानी एवं अनेक जहरीले रसायनों के बल पर अधिक उत्पादन देने वाले बीजों को अपनाते चले गए। गहन रासायनिक कृषि पद्धतियों से उत्पन्न पारिस्थितिक विघटन, जिसमें मिट्टी का कटाव, भूजल की कमी और पर्यावरण जैसे मुद्दे शामिल हैं, ने पंजाब के सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और पारिस्थितिक ताने-बाने को गहराई से प्रभावित किया। बड़े कृषि व्यवसायों में धन और शक्ति का संकेंद्रण, छोटे किसानों का बड़े स्तर पर विस्थापन और ग्रामीण ऋणग्रस्तता में वृद्धि आदि हरित क्रांति के विनाशकारी प्रभाव हैं। गहन कृषि क्रियाओं को निर्बाध चलाना पंजाब के बड़े किसानों की क्षमता से बाहर हो गया, तो उन्हें देश के अन्य राज्यों से बड़े पैमाने पर मजदूरों को



बुलाना पड़ा। बिहार, मध्य प्रदेश और पूर्वी उत्तर प्रदेश से अधिकांश मजदूर जाकर पंजाब के खेतों में काम करने लगे। उनमें से कई कृषि मजदूर और उनके परिवारों ने पंजाब में ही बसना शुरू कर दिया, जिससे पंजाब की सामाजिक-संस्कृति संरचना पर भी प्रभाव पड़ने लगा। हरित क्रांति के साथ जो 'नया' पंजाब (बड़े किसानों और मजदूरों के साथ) बनता गया, उसमें भारी सामाजिक-आर्थिक विषमता थी। जब समाज में सामाजिक-आर्थिक असमानताएं एक सीमा से अधिक बढ़ जाती हैं, तब हिंसा भी सिर उठाने लगती है। बीती सदी के 1980 के दशक में पंजाब में जिस हिंसा ने उग्र रूप ले लिया था, उसके कल्ले हरित क्रांति से ही फूटे थे। इसका सबसे अधिक कहर पंजाब के किसानों और कृषि मजदूरों पर ही टूटा था। बेशक हरित क्रांति ने खाद्य उत्पादन में आत्मनिर्भरता पैदा की और देश को खाद्य-निर्यातक राष्ट्र की श्रेणी में ला खड़ा किया। लेकिन इस प्रणाली से जुड़े पर्यावरणीय, पारिस्थितिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और नैतिक प्रदूषण की अनदेखी नहीं की जा सकती। भूजल की अत्यधिक कमी, मिट्टी पर रेगिस्तानीकरण का साया, जैव विविधता का अकूत ह्रास और सामुदायिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव हरित क्रांति के ऐसे दुष्परिणाम हैं, जिनकी काली छाया भविष्य पर मंडराती रहेगी। वायुमंडल में कुल उत्सर्जित ग्रीनहाउस गैसों का लगभग एक-तिहाई हिस्सा केवल कृषि क्षेत्र की देन है, और वह भी हरित क्रांति वाली कृषि की। इस तरह कृषि ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन को बढ़ाने वाला मानवीय कार्यकलाप है। इस खेती को संभालने और परिवार की आजीविका के लिए उससे उत्पादन लेते रहने के लिए सभी आदानों (बीज, रासायनिक उर्वरक, रोगनाशक, कीटनाशक, और खरपतवार नाशक रसायन, ट्रैक्टर, कंबाइन, हार्वेस्टर और अन्य उपकरणों, आदि) के लिए बाजार पर बढ़ती निर्भरता ने किसानों को ऐसे चक्रव्यूह में फंसा दिया है, जिससे अनेक किसान आत्महत्या करके ही बाहर निकल पाते हैं। मानव समाज को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करने वाली हिंसा के और भी अनेक आयाम हैं।

कुछ अलग

# सरकार ही जज, अदालत

बीते दिनों केंद्रीय सूचना-प्रसारण मंत्रालय ने कुछ संदिग्ध और सवालिया न्यूज वेब पोर्टल, निजी न्यूज चैनलों पर पाबंदी लगाई थी। आरोप पुराने ही थे कि वे 'फेक न्यूज', 'भ्रामक सामग्री' और 'झूठी खबरें' परोस रहे थे। सरकार इसे 'आपराधिक कृत्य' मानती है। बीते एक अंतराल से ऐसी पाबंदियां ही चस्पा नहीं की गईं, बल्कि कुछ पत्रकारों, संपादकों, प्रकाशकों को भी, कड़ी कानूनी धाराओं में, जेल भी भेजा गया है। बहरहाल वे मामले अदालतों के विचाराधीन हैं। बेशक फेक न्यूज लंबे समय से एक गंभीर समस्या बनी हुई है। ऐसी खबरों या सूचनाओं से हिंसा भडक़ी है, दंगे हुए हैं, देश के खिलाफ युद्ध सरीखे अभियान तक छेड़े गए हैं। फर्जी खबरें चुनावों को भी एक निश्चित सीमा तक प्रभावित करती रही हैं। काली भेड़ें तो हर समाज और व्यवस्था में होती हैं, लेकिन उनकी आड़ में पत्रकारिता और खासकर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कुचलने की कोशिशें नहीं होनी चाहिए। दरअसल फेक न्यूज, भ्रामक खबरों, झूठी सूचनाओं के संदर्भ में भारत सरकार ही जज, ज्यूरी और कार्यान्वित करने वाली ईकाई की भूमिका निभाना चाहती है। गौरतलब है कि अप्रैल, 2023 में सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्रालय ने 2021 आईटी नियमों में कुछ संशोधनों को अधिसूचित किया था, ताकि एक 'फैक्ट चेकिंग यूनिट' बनाई जा सके। वह यूनिट ऑनलाइन सामग्री, खबरों, अन्य सूचनाओं को प्रभावी रूप से सेंसर कर सके। यदि केंद्र सरकार की किसी नीति, काम, फैसले को 'फर्जी' या 'भ्रामक' करार दिया गया हो, तो उस पर कार्रवाई की जा सके। जब ऐसी अधिसूचना जारी की गई थी, तब केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा था कि यदि लोगों के दिमाग में कोई संदेह होगा या मन में कोई शंका होगी कि सरकार के आधार पर शक्तियों का दुरुपयोग किया गया है, तो उसे जरूर संबोधित किया जाएगा। इसी सप्ताह केंद्र सरकार ने 'फैक्ट चेकिंग यूनिट' को, 'प्रेस सूचना ब्यूरो' के तहत एक वैधानिक संस्था के तौर पर अधिसूचित किया है। प्रेस सूचना ब्यूरो सरकारी विज्ञप्ति या कैबिनेट की कोई सूचना मीडिया तक पहुंचाने वाली संस्था है। हालांकि संशोधित नियमों की संवैधानिकता को सर्वोच्च अदालत में चुनौती दी गई है, फिर भी यह वैधानिक व्यवस्था करने से स्पष्ट है कि केंद्रीय मंत्री का आश्वासन बेमानी है। अदालत ने सरकारी प्रयास पर रोक लगा दी है, लेकिन बुनियादी समस्या यथावत है कि सूचना-प्रसारण मंत्रालय के पीआईबी के तहत एक संस्था को सेंसरशिप की ताकत दी गई है। दरअसल सरकार ही संविधान, जज, अदालत, फैसले को लागू करने वाली ईकाई और मौलिक अधिकारों की पैरोकार, सब कुछ बन जाना चाहती है। सरकार ही प्रत्येक स्थिति की व्याख्या करेगी कि क्या सही है, सच है और क्या फर्जी है? फर्जी, भ्रामक, झूठी खबर या सूचना क्या है, उन्हें लेकर नियमों में बिल्कुल भी स्पष्टता नहीं है। वे परिभाषित भी नहीं हैं। अखबार में तो संपादक ही अपने विवेक से खबरें तय करता है, लेकिन ऑनलाइन की दुनिया अभी निरंकुश है। वहां अधिकतर नौसीखिए, गैर-पेशेवर लोग ही सक्रिय हैं। कई अनुभवी पत्रकार सेवानिवृत्ति के बाद अपने चैनल चला रहे हैं। वहां सरकार वैचारिकता की आड़ में पत्रकारों को दबोचती रही है, लिहाजा पीआईबी में नई व्यवस्था को लेकर 'एडीटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया' ने भी असंतोष और नाराजगी जताई है। इनमें अधिकतर पत्रकार ऐसे हैं, जिन्हें पीआईबी ने दशकों तक मान्यता दिए रखी। यह मान्यता कई संदर्भों में आज भी बरकरार है। बहरहाल एक बार किसी खबर को भ्रामक या फर्जी घोषित कर दिया गया, तो सोशल मीडिया, मीडिया प्लेटफॉर्म और इंटरनेट सेवा प्रदाता कंपनियों को भी उसे अपने मंच से हटाना पड़ेगा।

देश दुनिया से

# इस्लामी पड़ोसियों से परेशान पाकिस्तान, अचानक मित्र बन गए शत्रु

भारत की सीमा पर दोनों ओर से हमले होते रहे हैं, जिससे दोनों तरफ के कश्मीरियों और उनकी संपत्ति को भारी नुकसान हो रहा था। लेकिन दिलचस्प बात यह है कि पिछले कुछ वर्षों से दोनों देशों ने नियंत्रण रेखा पर युद्धविराम लागू करने का निर्णय लिया। युद्धविराम संधि के कारण कई वर्षों से माहौल शांतिपूर्ण है। पाकिस्तान तब हैरान रह गया, जब कुछ हफ्ते पहले ईरान ने बलूचिस्तान के अंदरूनी इलाकों पर बमबारी की। जिन इलाकों पर बमबारी की गई, वे शहरों एवं कस्बों से बहुत दूर रेतीले रेगिस्तान और पहाड़ों में स्थित थे। ईरान ने कहा कि यह हमला पाकिस्तान के खिलाफ नहीं, बल्कि कुछ ईरान-विरोधी गुटों के खिलाफ था, जो पाकिस्तान से ईरान के खिलाफ आतंकवादी हमले करते थे। अगले ही दिन, पाकिस्तानी वायु सेना ने पाकिस्तान-ईरान सीमा पर हमला किया, जिसमें कई लोग हताहत हुए।

लोक ज्ञान कहता है कि कोई भी देश अपने पड़ोसियों को नहीं चुन सकता, उसे अपने पड़ोसियों के साथ सह-अस्तित्व में रहना होता है। वर्ष 2023 में पाकिस्तान के कुछ पड़ोसी, जो दशकों से मित्र थे, अचानक शत्रु बन गए, जबकि जिसे उसने हमेशा अपना दुश्मन माना, वह अच्छा मित्र बन सकता है। पाकिस्तान चार देशों से घिरा है, जिनमें से दो-ईरान और अफगानिस्तान इस्लामी मुल्क हैं। बाकी दो देश हैं-उसका सबसे करीबी सहयोगी चीन और उसके पूर्व में भारत, जिसके साथ नियंत्रण रेखा पर लगातार झड़पें होती रहती हैं। भारत की सीमा पर दोनों ओर से हमले होते रहे हैं, जिससे दोनों तरफ के कश्मीरियों और उनकी संपत्ति को भारी नुकसान हो रहा था। लेकिन दिलचस्प बात यह है कि पिछले कुछ वर्षों से दोनों देशों ने नियंत्रण रेखा पर युद्धविराम लागू करने का निर्णय लिया। युद्धविराम संधि के कारण कई वर्षों से माहौल शांतिपूर्ण है। पाकिस्तान तब हैरान रह गया, जब कुछ हफ्ते पहले ईरान ने बलूचिस्तान के अंदरूनी इलाकों पर बमबारी की। जिन इलाकों पर बमबारी की गई, वे शहरों एवं कस्बों से बहुत दूर रेतीले रेगिस्तान और पहाड़ों में स्थित थे। ईरान ने कहा कि यह हमला



पाकिस्तान के खिलाफ नहीं, बल्कि कुछ ईरान-विरोधी गुटों के खिलाफ था, जो पाकिस्तान से ईरान के खिलाफ आतंकवादी हमले करते थे। अगले ही दिन, पाकिस्तानी वायु सेना ने पाकिस्तान-ईरान सीमा पर हमला किया, जिसमें कई लोग हताहत हुए। पाकिस्तान ने कहा कि उसने ईरान के अंदर उन आतंकवादी शिविरों पर हमला किया, जिनका इस्तेमाल ये आतंकवादी पाकिस्तान के खिलाफ हमले करने के लिए करते थे। वैसे इस वाकये से हैरान ईरान ने अपनी ही सरकार के भीतर कुछ मजबूत तत्वों को दोषी ठहराया, जिन्होंने ईरान की घरेलू समस्याओं से ध्यान हटाने के लिए इस अवसर का उपयोग करने की कोशिश की थी। पाकिस्तान को ईरान की प्रतिक्रिया से यह स्पष्ट हो गया कि वह सीमा के दोनों ओर पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय संबंधों को सुधारना चाहता है और स्थिति नियंत्रण में प्रतीत होती है। जैसा कि एक विश्लेषक ने कहा, यह न केवल दोनों पड़ोसियों के लिए अच्छा है, बल्कि इस क्षेत्र के लिए भी अच्छा है। स्थिति को और अधिक बिगड़ने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए, क्योंकि इसका प्रभाव पाकिस्तान की आंतरिक और बाहरी सुरक्षा के लिए विनाशकारी होगा। उसके बाद अफगानिस्तान के साथ पाकिस्तान का विवाद बढ़ गया, क्योंकि पाकिस्तान के उत्तरी इलाके वजीरिस्तान में तहरीक-ए तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने आतंकवादी हमला किया, जिसमें सेना के दो अधिकारी मारे गए और कई घायल हो गए। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने धमकी देते हुए कहा कि पाकिस्तान पर हुए इस हमले को गंभीरता से लिया जाएगा और पाकिस्तान इसका जवाब देगा। अगली सुबह पाकिस्तानी वायु सेना के बमवर्षकों ने अफगानिस्तान के भीतर हमला किया और टीटीपी के कुछ शिविरों को नष्ट कर दिया। हालांकि फिलहाल वहां शांति और सन्नाटा है। जब तालिबान ने काबुल पर कब्जा किया था, तो पाकिस्तान ने अंतरिम सरकार का स्वागत किया था। उसे उम्मीद थी कि एक बार नई सरकार काम करने लगेगी और कानून-व्यवस्था में थोड़ा सुधार होगा, तो वह यह सुनिश्चित करेगा कि टीटीपी अफगानिस्तान से पाकिस्तान की धरती पर आतंकी हमले न करे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। पाकिस्तान ने यह संदेश देने के लिए हर कूटनीतिक उपायों का इस्तेमाल किया। कई उच्च स्तरीय सैन्य और असैन्य प्रतिनिधिमंडल काबुल गए। उन्होंने स्पष्ट रूप से बताया था कि पाकिस्तान को किन बातों पर आपत्ति है और वह अफगानिस्तान की जमीन से आतंकवादी हमलों को बर्दाश्त नहीं करेगा। पर अफगानिस्तान ने इन चेतावनियों को नजरंदाज कर दिया है। अंततः पाकिस्तान ने हजारों अवैध अफगान शरणार्थियों एवं प्रवासियों को वापस भेज दिया, जिससे काबुल नाराज हो गया। फिर पाकिस्तान ने खैबर पख्तूनख्वा में लैंडीकोटल सीमा और बलूचिस्तान में चमन सीमा पर ट्रकों को गुजरने की अनुमति नहीं देते हुए व्यापार बंद कर दिया। तालिबान सरकार ने इसकी शिकायत की और आश्वासन दिया कि वह टीटीपी को नियंत्रित करेगी। फिलहाल टीटीपी के लगभग 6,000 आतंकवादी अपने परिवारों के साथ अफगानिस्तान में शरण लिए हुए हैं, जिनमें से अधिकांश को तब सैन्य अभियान चलाकर पाकिस्तान से बाहर कर दिया गया था, जब वे सख्त शरिया नियमों और पाकिस्तान के और भी इस्लामीकरण की मांग करने लगे। जैसा कि एक विश्लेषक का कहना है, 'टीटीपी वस्तुतः अपने अफगान समकक्ष अफगान तालिबान का विस्तार बन गया है।

आप का नजरिया

# क्योंकि भरोसा नहीं है

देश-प्रदेश की तस्वीर में हम चंद नेताओं पर अपनी तकदीर का फैसला करना चाहते हैं और यही हमारी लोकतांत्रिक आस्था के स्वरूप को निर्धारित कर रहा है। सवाल जनता के विश्वास से परे हालात पर टिके हैं, इसलिए राजनीतिक सर्कस में भी हम प्रतिभा देखने की गुस्ताखी कर बैठते हैं। जनता राष्ट्रीय स्तर से हिमाचल तक केवल चलाई जा रही है और उम्मीदों तथा संभावनाओं के प्रश्न चुनाव दर चुनाव आगे सरकाए जा रहे हैं। ऐसे में जनता या अपने मतदान के भरोसे पर देश की सुनहरी तस्वीर के प्रति आशावान है या विकल्पों की कमी उसे मजबूरीवश आगे धकेल रही है। इस बीच दिव्य हिमाचल के साप्ताहिक प्रश्न के जवाब में अगर यथार्थ को कबूल करें तो 72 प्रतिशत जनता को अब राज्य के नेताओं पर भरोसा नहीं है। हमने पूछा था कि जनता को हिमाचल के नेताओं पर कितना भरोसा है और जवाब से निकला दबाव बता रहा है कि कहीं विश्वसनीयता का अभाव दर्ज है, फिर भी 25 प्रतिशत लोगों को अपने नेताओं पर भरोसा है तो उन्हें सलाम। यह उस राज्य की जनता का मत है जो अभी तक भोले-भाले लोगों के लिए जानी जाती है। यह उस प्रदेश की गणना है जहां जनादेश के फलक पर सरकारों को हर बार बदलने की परंपरा दिखाई देती है। यहां का मतदाता बेहद जागरूक समझा जाता है, फिर भी उसके भरोसे के अनुरूप प्रतिनिधि सामने नहीं आ रहे हैं, तो कारण यहां के सरोकारों तक जाता है। हम चुनाव में कूदने वालों को अलग नजरिए से देख रहे हैं या समाज के भीतर भी भरोसे की ईजाद कम हो गई। राजनीति की सीढियां और पीढियां इसके लिए दोषी मान भी ली जाएं, मगर उस जनता का क्या करें जो पंचायत से लोकसभा तक अपने जनप्रतिनिधि से केवल यही आशा करती है कि हर मत का कुछ तो दाम, कुछ तो ईनाम मिले। मर्ज हमने खुद पैदा किया और अब खुद के चुने हुए नेताओं पर भरोसा नहीं। हम नेताओं से चुनावी जीत का हद से ज्यादा भुगतान चाहते हैं, इसलिए सरकारों के गठन में गारंटियों या रेवडियों का चलन इस कद्र सामने आ रहा है कि गारंटी अब सत्ता प्राप्ति का मोलतोल है। अगर हिमाचल का मतदान मुफ्त के तीन सौ यूनिट बिजली पर फिदा हो जाए या महिलाओं के नाम पर पंद्रह सौ रुपए प्रति माह के नाम पर सौदेबाजी कर ले, तो विश्वसनीयता के लिए आखिर कब तक नए वादे बिकते रहेंगे। जनता के अपने पैमाने हैं और जब हम देखते हैं कि हर चुनाव का दहेज चुकाते चुकाते प्रदेश अति कर्जदार हो रहा है, तो किस आधार पर कुशल नेतृत्व पर भरोसा करें। आखिर सरकारों की बनावट और सजावट में नेताओं की काबिलीयत क्यों चौराहों पर नीलाम होने लगी है। चालीस विधायकों के बलबूते कांग्रेस की सरकार विपक्षी भाजपा की संख्या से कहीं अधिक सशक्त थी, लेकिन राज्यसभा चुनाव ने कांग्रेस का कद, नेताओं की भद पिटवा दी। ऐसे में ठगा कौन गया। जनता का भरोसा या राज्यसभा का चुनाव। अगर कांग्रेस जीत भी जाती तो हिमाचल को ऐसा सांसद मिलता जिसका ताल्लुक प्रदेश से ढूंढ पाना मुश्किल हो जाता। कुछ ऐसा ही आनंद शर्मा को राज्यसभा में भेजकर हिमाचल की जनता का भरोसा टूटता रहा होगा।

# पूजा में फूलों का विशेष महत्व होता है...


## जानिए कौन सा फूल है शुभ या अशुभ..

पूजा में फूलों का विशेष महत्व है। वे भक्ति, समर्पण और शुभकामनाओं का प्रतीक हैं। कई देवी-देवताओं की अपनी पसंद के फूल होते हैं, और पूजा में उन्हीं फूलों का उपयोग करना शुभ माना जाता है। फूलों का धार्मिक महत्व अत्यंत महत्वपूर्ण है, और इन्हें धार्मिक और आध्यात्मिक कार्यों में उपयोग किया जाता है। फूलों को हमारे जीवन में विशेषता से अभिव्यक्ति देने के लिए भी प्रशंसा किया जाता है। फूलों को भगवान की पूजा और उपासना में उपयोग किया जाता है। इन्हें ध्यान में लाने के लिए प्रसन्नता और भक्ति का प्रतीक माना जाता है। धार्मिक आयोजनों जैसे विवाह, श्राद्ध, व्रत आदि में फूलों का उपयोग किया जाता है। ये आयोजनों को सुंदर और पवित्र बनाने में मदद करते हैं। कई धर्मों में फूलों को आध्यात्मिक अर्थ में भी महत्वपूर्ण माना जाता है। ये मन, शांति, और आनंद के प्रतीक के रूप में स्वीकार किए जाते हैं। कुछ फूल जैसे कि जस्मीन और रोज़मेरी का अध्ययन करने से माना जाता है कि ये ध्यान और मेधा शक्ति को बढ़ाते हैं। कुछ फूलों को शुभता का प्रतीक माना जाता है जबकि कुछ को अशुभता का। उदाहरण के लिए, गुलाब को शुभ माना जाता है जबकि काला गुलाब को अशुभ।

### शुभ फूल

**कमल:-** कमल भगवान विष्णु, लक्ष्मी और सरस्वती का प्रिय फूल है। यह ज्ञान, पवित्रता और समृद्धि का प्रतीक है। कमल के फूल को पूजा में चढ़ाने से भगवान की कृपा प्राप्त होती है और मन शांत होता है।

**गेंदा:-** गेंदे का फूल भगवान गणेश और दुर्गा का प्रिय फूल है। यह शक्ति, सौभाग्य और समृद्धि का प्रतीक है। गेंदे के फूल को पूजा में चढ़ाने से भगवान की कृपा प्राप्त होती है और बाधाएं दूर होती हैं।



**गुलाब:-** गुलाब का फूल प्रेम, भक्ति और सुंदरता का प्रतीक है। यह भगवान शिव और कृष्ण को भी अर्पित किया जाता है। गुलाब के फूल को पूजा में चढ़ाने से भगवान की कृपा प्राप्त होती है और प्रेम संबंधों में मधुरता आती है।

**मोगरा:-** मोगरा का फूल अपनी सुगंध के लिए जाना जाता है। यह भगवान शिव और हनुमान को अर्पित किया जाता है। मोगरा के फूल को पूजा में चढ़ाने से भगवान की कृपा प्राप्त होती है और मन शांत होता है।

**चमेली:-** चमेली का फूल भगवान शिव और विष्णु को अर्पित किया जाता है। यह पवित्रता, सौंदर्य और सुगंध का प्रतीक है। चमेली के फूल को पूजा में चढ़ाने से भगवान की कृपा प्राप्त होती है और वातावरण में सुगंध फैलती है।

### अशुभ फूलों के कुछ उदाहरण:

**केतकी:-** केतकी का फूल भगवान शिव को अर्पित नहीं किया जाता है। यह मृत्यु और शोक का प्रतीक माना जाता है।

**बेल:-** बेल का फूल मृत्यु और शोक का प्रतीक माना जाता है। इसे पूजा में इस्तेमाल नहीं किया जाता है।

**तुलसी:-** तुलसी का फूल भगवान विष्णु को अर्पित किया जाता है, लेकिन इसे अन्य देवी-देवताओं को अर्पित नहीं किया जाता है।

**कनेर:-** कनेर का फूल जहरीला होता है और इसे पूजा में इस्तेमाल नहीं किया जाता है।

पूजा के लिए हमेशा ताजे फूलों का उपयोग करें। मुरझाए हुए या सूखे फूलों का उपयोग नहीं करना चाहिए। सुगंधित फूल पूजा में अधिक शुभ माने जाते हैं। पूजा के लिए खिले हुए फूलों का उपयोग करें। कलियों वाले फूलों का उपयोग नहीं करना चाहिए। पूजा के लिए फूलों को तोड़ना या कुचलना नहीं चाहिए। पूरे फूलों का उपयोग करना चाहिए। कुछ क्षेत्रों में, लाल रंग के फूलों को शुभ माना जाता है, जबकि अन्य क्षेत्रों में उन्हें अशुभ माना जाता है। कुछ परंपराओं में, सफेद रंग के फूलों को शुभ माना जाता है, जबकि अन्य परंपराओं में उन्हें शोक का प्रतीक माना जाता है। इसलिए, पूजा के लिए फूलों का चुनाव करते समय अपनी क्षेत्रीय और पारंपरिक मान्यताओं का ध्यान रखना महत्वपूर्ण है।



# भगवान कृष्ण को क्यों लगाया जाता है 56 भोग

## जानें इसका धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व

हिंदू धर्म में 56 भोग का महत्व बहुत उच्च माना जाता है। यह परंपरागत रूप से भोग प्रदान करने और भगवान को अर्पित करने का एक प्रमुख तरीका है। 56 भोग पूजा में भगवान को समर्पित किया जाता है और उन्हें आदर्श मानते हुए उन्हें भोगों से भोगिता है। यह 56 भोग कई प्रकार की आहार, मिठाई, फल, धूप, ध्वजा, चमक, गायन, नृत्य, आदि समाविष्ट होते हैं। इन भोगों को भगवान के सामने रखकर पूजा की जाती है और फिर इन्हें भक्तों को बाँटा जाता है। 56 भोग का महत्व है क्योंकि यह प्रेम और समर्पण का प्रतीक है। इसके माध्यम से भक्त अपने मन, वचन, और कर्म से भगवान की पूजा करते हैं और उनकी कृपा को प्राप्त करते हैं। यह भोग भगवान की कृपा, आशीर्वाद, और आदर का प्रतीक है और भक्तों को आध्यात्मिक उन्नति की ओर ले जाता है। सम्पूर्ण रूप से, 56 भोग का महत्व है क्योंकि यह भक्ति और समर्पण का एक महत्वपूर्ण रूप है जो भक्तों को भगवान के प्रति उनकी अधिक आसक्ति को बढ़ाता है। 56 भोग भगवान कृष्ण को चढ़ाए जाने वाले भोजन का एक विशेष प्रकार है। इसमें 56 अलग-अलग प्रकार के व्यंजन शामिल होते हैं।



**धार्मिक महत्व:-** माना जाता है कि भगवान कृष्ण को भोजन का बहुत शौक था और उन्हें अलग-अलग तरह के व्यंजन पसंद थे। 56 भोग भगवान कृष्ण को उनके प्रिय भोजन का भोग लगाने का एक तरीका है। 56 भोग भगवान कृष्ण के प्रति भक्ति और समर्पण का प्रतीक है। यह भगवान कृष्ण को धन्यवाद देने और उनसे आशीर्वाद प्राप्त करने का एक तरीका भी है। 56 भोग की शुरुआत भगवान कृष्ण के जीवन से जुड़ी कई धार्मिक कथाओं से जुड़ी है। इनमें से एक कथा गोवर्धन पूजा से जुड़ी है। इस कथा के अनुसार, भगवान कृष्ण ने इंद्र देवता के अहंकार को चूर करने के लिए गोवर्धन पर्वत को उठाया था। गोवर्धन पूजा के दिन, भक्त भगवान कृष्ण को 56 भोग चढ़ाकर उनका धन्यवाद करते हैं।

**सांस्कृतिक महत्व:-** 56 भोग भारतीय संस्कृति की समृद्धि और विविधता का प्रतीक है। यह विभिन्न प्रकार के व्यंजनों और खाद्य पदार्थों को एक साथ लाता है। 56 भोग कई हिंदू त्योहारों और उत्सवों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जैसे कि जन्माष्टमी, होली, और दीपावली। इसे सामाजिक समागम और भाईचारे का प्रतीक है। यह लोगों को एक साथ लाता है और उन्हें भोजन और उत्सव का आनंद लेने का अवसर प्रदान करता है।

**वैज्ञानिक महत्व:-** इस भोग में अलग-अलग तरह के व्यंजन शामिल होते हैं, जो कई प्रकार के पोषक तत्व प्रदान करते हैं। यह एक संतुलित भोजन का प्रतीक है। 56 भोग में कई स्वस्थ और पौष्टिक व्यंजन शामिल होते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए कई लाभ प्रदान करते हैं। 56 भोग हिंदू धर्म में एक महत्वपूर्ण परंपरा है। इसका धार्मिक, सांस्कृतिक और वैज्ञानिक महत्व है। यह भगवान कृष्ण के प्रति भक्ति, भारतीय संस्कृति की समृद्धि, और एक संतुलित और स्वस्थ भोजन का प्रतीक है।

# क्या आप जानते हैं भगवान सूर्य की पत्नी और उनके पुत्रों के नाम?

ब्रह्मांड में ऐसी कई चीजे हैं जिनके पास रौशनी और ऊर्जा है। लेकिन सूर्य इन सबसे गर्म और चमकीला है जो पूरे संसार को रौशनी देता है। एक तरफ जहां विज्ञान इसे तारा समझता है तो वहीं दूसरी ओर ज्योतिष शास्त्रों में सूर्य को देवता का स्थान दिया जाता है। सूर्य की पूजा करने की कई विधियां है और उनसे कई तरह का लाभ प्राप्त होता है और जिन्दगी में खुशहाली आती है। हालांकि सूर्य इस ब्रह्मांड में बहुत लम्बे समय से है और इसके निर्माण के पीछे कई तरह के तर्क दिए जाते हैं। ऐसे में आइए जानते हैं आखिर सूर्य के माता-पिता कौन हैं। यह भी कहा जाता है कि सूर्य देव की 10 संताने हैं। जानिए सूर्यदेव के विशाल परिवार के बारे में।



### सूर्यदेव के माता-पिता

सूर्य देव के माता पिता की बात करें तो वे महर्षि कश्यप और माता अदिति की सन्तान हैं। इसलिए सूर्य को आदित्य के नाम से भी जाना जाता है। सूर्य देव उनकी तेजस्वी और शूरवीर सन्तान है। सूर्य देव की पूजा करने से जिन्दगी में खुशियां और वैभव की प्राप्ति होती है और साथ में खूब यशगान होता है।

### सूर्य पुत्र कर्ण

सूर्य देव की संतानों की बात करें तो महाभारत काल की कुंती को सूर्य देव की कृपा से कर्ण की प्राप्ति हुई थी। कर्ण भी सूर्य देव की भांति ही एक महानायक बना। लेकिन जैसे ही कर्ण का जन्म हुआ था। समाज के डर से कुंती ने उसे पानी मे बहा दिया था क्योंकि वो उसके कुंवारी होने की सन्तान थी। लेकिन सूर्य देव द्वारा दिए गए कवच और कुंडल कर्ण की रक्षा करते रहे और वो बड़ा होकर एक शूरवीर योद्धा बना, जिसका मुकाबला कर पाना संभव नहीं था।

### अन्य संताने

आपको बता दें कि सूर्य देव की कुल दो पत्नियां थी जिनका नाम छाया और संज्ञा था। उनसे सूर्य देव को कुल 9 संताने प्राप्त हुई। यानी कि सूर्य देव के कुल 10 पुत्र थे। सूर्य की संतानो में शनि और यम भी शामिल है। इसके अलावा यमुना, अश्विनी कुमार, रेवंत,शनि, तपती, सवर्णि मनु, सुग्रीव, कर्ण और भद्रा भी सूर्य देव की ही संताने हैं।

# हिंदू धर्म में घंटी बजाने का क्या है महत्व, जानें इसके धार्मिक और वैज्ञानिक कारण

हिंदू धर्म में घंटी का विशेष महत्व है। यह पूजा-पाठ, आरती, और अन्य धार्मिक अनुष्ठानों का एक अभिन्न अंग है। घंटी बजाने के पीछे कई धार्मिक और वैज्ञानिक कारण हैं । घंटी की ध्वनि पूजा के समय मंदिर और पूजा स्थलों में उच्च मान्यता और सामर्थ्य का प्रतीक होती है। पूजा की घंटी की ध्वनि से देवी-देवताओं का सम्मान किया जाता है। घंटी बजाने से पूजा के समय देवी-देवताओं को आह्वानित किया जाता है और उनका स्वागत किया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, घंटी बजाने का महत्व उपासना, पूजा, ध्यान और समय की सूचना में स्थान बनाता है। यह धार्मिक आदत और सम्प्रदाय का हिस्सा है जो धार्मिक संवेदना को स्थापित और सुदृढ़ बनाता है।





### धार्मिक कारण

देवताओं का ध्यान आकर्षित करते हैं। घंटी की आवाज देवताओं का ध्यान आकर्षित करती है और उन्हें भक्तों की प्रार्थनाओं को सुनने के लिए प्रेरित करती है। नकारात्मक ऊर्जा को दूर की जा सकती है। घंटी की आवाज नकारात्मक ऊर्जा को दूर करती है और वातावरण को शुद्ध करती है। घंटी की आवाज एकाग्रता बढ़ाने और मन को शांत करने में मदद करती है। घंटी की आवाज भक्ति भावना को बढ़ाने और भक्तों को देवताओं के प्रति समर्पित करने में मदद करती है।

### वैज्ञानिक कारण

घंटी की आवाज ध्वनि चिकित्सा का एक रूप है। यह तनाव, चिंता, और अवसाद को कम करने में मदद करती है। इससे रक्त परिसंचरण में सुधार करती है और शरीर को ऊर्जावान बनाती है। घंटी की आवाज मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करती है और एकाग्रता और स्मृति शक्ति को बढ़ाती है।

हिंदू धर्म में घंटी बजाने का धार्मिक और वैज्ञानिक दोनों महत्व है। यह भक्तों को देवताओं के प्रति समर्पित करने, नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने, और मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करती है। घंटी को हमेशा साफ हाथों से बजाना चाहिए। इसे बजाते समय ध्यान केंद्रित करना चाहिए और मन में भगवान का ध्यान करना चाहिए। घंटी को बजाने की दिशा भी महत्वपूर्ण है। आमतौर पर, घंटी को पूर्व या उत्तर दिशा में बजाया जाता है।

# स्वातंत्र्य वीर सावरकर का बॉक्स ऑफिस पर बुरा हाल, छठे दिन लाखों में सिमटी कमाई



रणदीप हुडा के निर्देशन में बनी पहली फिल्म स्वातंत्र्य वीर सावरकर का रिलीज से पहले काफी बज था। स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर की लाइफ पर बेस्ड इस फिल्म के लिए रणदीप हुड्डा ने खूब मेहनत की यहां तक कि अपना 26 किलो वजन भी कम किया। फिल्म का खूब प्रमोशन भी किया गया था। हालांकि सिनेमाघरों में रिलीज के बाद इस बायोग्राफिकल फिल्म को दर्शकों से खास रिस्पॉन्स नहीं मिला और इसकी बॉक्स ऑफिस पर काफी धीमी शुरुआत हुई। फिलहाल ये फिल्म टिकट खिड़की पर टिके रहने के लिए खूब संघर्ष कर रही है। चलिए यहां जानते हैं रणदीप हुड्डा की फिल्म रिलीज के छठे दिन कितनी कमाई की?स्वातंत्र्य वीर सावरकर बॉक्स ऑफिस पर खास परफॉर्म नहीं कर पाई है। ये फिल्म सिनेमाघरों में ऑडियंस को खींचने में असफल साबित हो रही है और इसी के साथ ये कमाई के मामले में भी काफी पिछड़ गई है।फिल्म की ओपनिंग काफी निराशाजनक रही और इसके बाद भी ये टिकट खिड़की पर अपनी पकड़ मजबूत नहीं कर पाई।फिल्म को रिलीज हुए महज 6 दिन हुए हैं और ये बॉक्स ऑफिस पर दम तोड़ती हुई नजर आ रही है। फिल्म की कमाई की बात करें तो रिलीज के पहले दिन स्वातंत्र्य वीर सावरकर ने 1.05 करोड़ का कलेक्शन किया था। इसके बाद फिल्म ने 114.29 फीसदी की तेजी के साथ दूसरे दिन 2.25 करोड़ की कमाई की। वहीं तीसरे दिन फिल्म ने 20 फीसदी के उछाल के साथ 2।7 करोड़ रुपए कमाए।वहीं चौथे दिन फिल्म की कमाई में 20।37 फीसदी की गिरावट आई और इसने 2.15 करोड़ का कारोबार किया। इसके बाद पांचवें दिन फिल्म के कलेक्शन में एक बार फिर 51.16 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई और इसने 1.05 करोड़ रुपए कमाए। वहीं अब स्वातंत्र्य वीर सावरकर की रिलीज के छठे दिन यानी बुधवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं। सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक स्वातंत्र्य वीर सावरकर ने रिलीज के छठे दिन महज 86 लाख का बिजनेस किया है। इसके बाद स्वातंत्र्य वीर सावरकर का 6 दिनो की कुल कलेक्शन अब 10.06 करोड़ रुपए हो गया है।

# अवनीत कौर ने बैकलेस बॉडीकॉन ड्रेस पहन दिया सेक्सी पोज



बॉलीवुड और सीरियल स्टार अवनीत कौर ने हाल ही में अपनी बोल्ड तस्वीरें सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर कीं। जिसमें अदाकारा बैकलेस ड्रेस में अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करती दिखीं।बॉलीवुड और टीवी सीरियल अदाकारा अवनीत कौर ने हाल ही में अपनी बोल्ड तस्वीरों से इंटरनेट की दुनिया में तहलका मचा दिया अवनीत कौर ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपनी बोल्ड तस्वीरें शेयर कीं। इन बोल्ड तस्वीरों में एक्ट्रेस बैकलेस ड्रेस में अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करती दिखीं। जिसके बाद लोग एक्ट्रेस की बोल्डनेस को देख दांतों तले उंगली दबाते दिखे। अदाकारा की इन तस्वीरों पर फैंस ने भी जमकर किए। यहां देखें टीकू वेड्स शेरू स्टार की बोल्ड बैकलेस ग्रीन ड्रेस की फोटोज।अदाकारा अवनीत कौर ने हाल ही में अपना बोल्ड अवतार फैंस को दिखाया है। जिसमें एक्ट्रेस बेहद बोल्ड और सिजलिंग नजर आईं। अदाकारा अवनीत कौर ने अपने इस बोल्ड फोटोशूट के दौरान कई तरह की तस्वीरें करवाईं। जो इस वक्त फैंस का दिल धड़का रही हैं। सामने आईं अदाकारा की इन लेटेस्ट तस्वीरों में अदाकारा अवनीत कौर बेहद बोल्ड और ब्यूटीफुल नजर आईं। यही वजह है कि उनकी तस्वीरें धड़ल्ले से वायरल होती दिखीं। इस बैकलेस ड्रेस में अदाकारा अवनीत कौर अपनी पीठ पर बना फैंस को फ्लॉन्ट करती दिखीं। अदाकारा की इन तस्वीरों पर लोग दिल हार गए हैं। अदाकारा ने इस दौरान अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट किया है। वो कभी नीचे बैठकर तो कभी खड़े होकर तरह-तरह के पोज क्लिक करवाती दिखीं। अदाकारा अवनीत कौर की तस्वीरों पर फैंस भी दिल हार हैं। यही वजह है कि उनकी इन तस्वीरों पर लोगों ने जमकर कमेंट्स किए। अवनीत कौर की फोटोज पर कमेंट कर एक यूजर ने कमेंट कर लिखा, मार डाला तो कई यूजर्स फायर की इमोजी शेयर करते दिखे।



# बोल्डनेस छोड़ सिंपल लुक में नजर आईं नोरा फतेही

बी-टाउन की फेमस एक्ट्रेस और डांसर नोरा फतेही हमेशा अपनी खूबसूरती के लिए जानी जाती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनके लुक्स पर अपना दिल हार जाते हैं। हाल ही में अभिनेत्री ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका सादगी भरा अंदाज देखकर फैंस का एक बार फिर से दिल मचल गया है। साथ ही उनकी तस्वीरों पर से लो नजरें भी नहीं हटा पा रहे हैं। नोरा फतेही अपनी एक्टिंग से ज्यादा अपने डांस को लेकर मशहूर हैं। उनका हर एक अंदाज इंस्टाग्राम पर पोस्ट होते ही चंद मिनटों में वायरल होने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट सिंपल लुक में तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस उनके हुस्न के कायल हो गए हैं। नोरा फतेही ने इस फोटोशूट के दौरान व्हाइट कलर का फ्लोरल सूट पहना हुआ है, जिसमें वो काफी स्टनिंग और गॉर्जियस नजर आ रही हैं। ओपन हेयर को वेवी स्टाइल लुक देकर, कानों में छोटे इयररिंग्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। बता दें कि एक्ट्रेस नोरा फतेही सेशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी जबरदस्त फैन फॉलोइंग लिस्ट है। एक्ट्रेस नोरा फतेही को हर बार बोल्ड लुक में देखा जाता है लेकिन इस बार एक्ट्रेस को एथनिक लुक में देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं। नोरा फतेही की इन फोटोज पर एक यूजर ने कॉमेंट करते हुए लिखा- नामुमकिन।।।असंभव तो वहीं दूसरे यूजर ने लिखा क्या खूब लगती हो।




# दंगल गर्ल फातिमा सना शेख ने बॉलीवुड में पूरे किए 8 साल



2016 में आमिर खान स्टारर दंगल से डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस फातिमा सना शेख ने बॉलीवुड इंडस्ट्री में आठ साल पूरे कर लिए हैं।उन्होंने अपने एक्टिंग करियर में लूडो, अजीब दास्तां, थार, धक धक और सैम बहादुर जैसी शानदार फिल्में की हैं।एक्ट्रेस ने कहा कि वह भाग्यशाली हैं कि उन्हें इंडस्ट्री में काम करने का मौका मिला।अपनी एक्टिंग जर्नी के बारे में बात करते हुए फातिमा ने कहा, मैं बहुत भाग्यशाली महसूस कर रही हूं। बहुत से लोगों के लिए इंडस्ट्री में आना अभी भी सपना बना हुआ हैं। मैं खुद को सौभाग्यशाली मानती हूं कि मुझे यह अवसर मिला। मैंने ऑडिशन दिया और मेरी कड़ी मेहनत रंग लाई, मुझे कई शानदार फिल्में मिलीं।चाहे दंगल की गीता फोगाट हो या सैम बहादुर में शशि कुमार यादव, या फिर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका, फातिमा ने हमेशा स्क्रीन पर सशक्त महिलाओं का किरदार बेहतरीन तरीके से निभाया है।एक्ट्रेस ने कहा, ऐसे किरदार मुझे उत्साहित करते हैं। मैं किरदारों के साथ एक्सपेरिमेंट करते रहना चाहती हूं। एक्सप्लोर करना चाहती हूं लेकिन अगर मैं किसी रोल या करेक्टर या ग्राफ के बारे में एक्साइटिड नहीं हूं तो मैं उस पर बिल्कुल भी समय खर्च नहीं करती।एक्ट्रेस जल्द ही मेट्रो।।इन दिनों और उल जलूल इश्क में नजर आएंगी।

# फिल्म ओजी से सामने आया इमरान हाशमी का फर्स्ट लुक

## टाइगर 3 के बाद फिर विलेन बनेंगे एक्टर




बॉलीवुड के पॉपुलर एक्टर इमरान हाशमी अपनी सीरियल किसर वाली इमेज के साथ इमरान ने खूब पॉपुलैरिटी बटोरी। कभी एक्टर बनने की चाह ना रखने वाले इमरान आज ना सिर्फ बॉलीवुड में छाए हैं बल्कि साउथ की फिल्मों में भी छाने वाले हैं।इमरान हाशमी की आने वाली तेलुगु फिल्म दे कॉल हिम ओजी को हिंदी में भी रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म में इमरान हाशमी विलेन का किरदार निभा सकते हैं। फिल्म से उनका पहला लुक सामने आया है।इमरान हाशमी ने फिल्म दे कॉल हिम ओजी से अपना लुक शेयर किया है। उन्होंने कैप्शन में लिखा, गंभीरा, सुना है तू बंबई आ रहा है। वादा करता हूं, हम दोनों में से किसी एक का सिर जरूर कटेगा। इसके साथ ही इमरान ने पवन कल्याण को टैग भी किया है क्योंकि फिल्म में पवन कल्याण लीड एक्टर हैं। सुजीत के निर्देशन में बन रही फिल्म दे कॉल हिम ओजी में पवन कल्याण अहम रोल निभाते नजर आएंगे। वहीं इमरान हाशमी के लुक को देखकर लगता है कि वे इस फिल्म में विलेन का रोल प्ले करते नजर आएंगे। फिल्म ओजी 27 सितंबर 2024 को रिलीज होगी और फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।बॉलीवुड में सीरियल किसर के तौर पर अपनी पहचान बनाने वाले इमरान हाशमी ने पिछले कुछ सालों में अपनी इमेज बदली है। उनकी पिछली रिलीज फिल्म टाइगर 3 थी और उसमें भी उन्होंने विलेन का ही रोल प्ले किया था। इमरान के लुक और एक्टिंग की चर्चा सोशल मीडिया पर खूब रही और लोगों ने उनके काम की तारीफ भी की।इमरान हाशमी ने बॉलीवुड में मर्डर, मर्डर 2, हमारी अधूरी कहानी, राज: द मिस्ट्री, आवारापन, आशिक बनाया आपने, जन्नत, गैंगस्टर जैसी फिल्में की हैं। इमरान हाशमी की हाल ही में रिलीज हुई फिल्म ए वतन मेरे वतन है जो ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम कर रही है।

# फिल्म चमकीला का ट्रेलर जारी

## अमर सिंह चमकीला के किरदार में खूब जंचे दिलजीत दोसांझ

इम्तियाज अली के निर्देशन में बनी फिल्म अमर सिंह चमकीला पिछले लंबे वक्त से चर्चा में है। यह फिल्म पंजाबी गायक अमर सिंह चमकीला की बायोपिक है।इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा की जोड़ी बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा।अब इम्तियाज ने अमर सिंह चमकीला का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसे दर्शकों का प्यार मिल रहा है।चमकीला के किरदार में दिलजीत जंच रहे हैं। परिणीति फिल्म में चमकीला की पत्नी अमरजोत बनी हैं।अमर सिंह चमकीला सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इस फिल्म को आप 12 अप्रैल से देख सकते हैं।इम्तियाज ने मोहित चौधरी के साथ मिलकर फिल्म का निर्माण किया है।अमर सिंह चमकीला को पंजाब के अब तक के सबसे अच्छे लाइव स्टेज परफॉर्मर्स में से एक माना जाता है। वह गांव के दर्शकों के बीच बेहद लोकप्रिय थे।चमकीला एक बेखौफ गायक थे, जो अपनी बातों को अपने गीतों के जरिए समाज के सामने परोसते थे।8 मार्च, 1988 का दिन चमकीला के प्रशंसक कभी नहीं भूल सकते। 27 वर्षीय चमकीला अपनी पत्नी अमरजोत संग कार में जालंधर से महसामपुर में लाइव परफॉर्मेंस के लिए गए थे, लेकिन कार से बाहर निकलते ही दोनों को गोलियों से छलनी कर दिया गया





# तीनों प्रारूपों के साथ ही लीग क्रिकेट में नाम कमाना चाहते हैं शमार जोसेफ

**जमैका,29 मार्च (एजेंसियां) ।** वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमार जोसेफ ने कहा है कि वह तीनों ही प्रारुपों में अपनी टीम की ओर से खेलना चाहते हैं। जोसेफ के अनुसार इसी लिए वह अपनी फिटनेस को बनाये रखने का प्रयास करते हैं। इस तेज गेंदबाज ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चोटिल होने के बाद भी गाबा टेस्ट में सात विकेट लेकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। जोसेफ के अनुसार वह तीनों प्रारूपों के साथ ही विश्वभर की टी20 लीग में भी खेलना चाहते हैं वेस्टइंडीज के कई खिलाड़ियों की तरह ही वह भी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) और बिग बैश जैसे टी20 लीग में बेहतर प्रदर्शन करना चाहते हैं। आईपीएल लखनऊ सुपर जायंट्स टीम में मार्क वुड के विकल्प के तौर पर शामिल जोसेफ ने कहा कि मैं अपने कौशल को बढ़ाने के लिए दुनिया भर में खेलना पसंद करूंगा पर मुझे जब भी अवसर मिलेगा मैं वेस्टइंडीज की ओर से खेलने के लिए भी तैयार रहूंगा।

जोसेफ ने कहा कि अगले कुछ साल में उनकी फिटनेस से यह साबित होगा कि वह कितना क्रिकेट खेल पाएंगे। उन्होंने कहा कि मुझे अपनी फिटनेस पर भरोसा है और लगता नहीं है कि इससे मुझे कोई परेशानी होगी। मेरे सामने लंबा करियर है और ऐसे में फिटनेस काफी अहम होगी। मैं वेस्टइंडीज के लिए तीनों प्रारूपों में खेलना चाहूंगा। मैं निश्चित तौर पर उनके लिए समय निकालूंगा। उन्होंने अब तक के अपने करियर में गयाना अमेजन वॉरियर्स के लिए केवल दो टी20 मैच खेले हैं पर आईपीएल में उन्हें इस प्रारूप की बारिकियों को सीखने का अवसर मिलेगा।

जोसेफ ने कहा कि यह लाल गेंद से सफेद गेंद क्रिकेट में अपने को ढालने के बारे में है। इसमें कुछ अन्य बदलाव भी होंगे और मुझे मिलने वाले हर अवसर से सीखने को मिलेगा। मैंने टेस्ट खेलने का आनंद लिया और अब मैं अपने सफेद गेंद के खेल में सुधार करूंगा। इस तेज गेंदबाज ने कहा कि मैं सभी अनुभवी खिलाड़ियों से बात कर रहा हूं, अनुभवी खिलाड़ियों से सीख रहा हूं और इस पल का आनंद ले रहा हूं।

## न्यूज ब्रीफ

### राष्ट्रीय खो खो चैंपियनशिप के पहले दिन उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र का दबदबा



**नई दिल्ली ।** राजधानी दिल्ली में चल रही 56वीं राष्ट्रीय खो खो चैंपियनशिप में इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम और करनैल सिंह स्टेडियम में कई मुकाबले खेले गए जिसमें उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर अपनी टीमों को जीत दिलाई। पुरुष वर्ग में उत्तर प्रदेश ने एक रोमांचक मुकाबले में गुजरात को 2 अंकों से पराजित किया। अंतिम 10 सेकेंड में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने अपनी सर्वश्रेष्ठ तकनीक और अत्यंत फुर्ती से गुजरात के 30 अंक के मुकाबले 32 अंक प्राप्त कर बाजी मारी। इस मैच में बेस्ट डिफेंडर के रुप में यूपी के सुरेश और ऑलरॉउंडर शिवम पटेल ने शानदार प्रदर्शन किया। साथ ही गुजरात के भट्ट गोविंद का प्रदर्शन भी उल्लेखनीय रहा। एक अन्य लीग मैच में कर्नाटक ने उत्तराखंड पर 32-20 अंक से जीत हासिल की। वहीं एक अन्य रोमांचक मुकाबले में केरल के विषाख ने 2 मिनट 30 सेकेंड नॉट ऑउट रहते हुए 6 अंक टीम के लिए अर्जित किए और शिविन ने 2 मिनट 50 सेकेंड खेलते हुए 4 पॉइंट अर्जित कर केरल को 10 अंक और एक पारी से चंडीगढ़ के खिलाफ जीत दिला दी। महिला वर्ग में खेले गए एकतरफा मुकाबले में अश्विनि, संपदा और अपेक्षा के शानदार प्रदर्शन की बदौलत महराष्ट्र ने असम को 26 अंको से हराया। एक अन्य मुकाबले में पश्चिम बंगाल ने छत्तीसगढ़ को 4 अंक से हरा दिया। कोल्हापुर और उत्तराखंड के बीच हुए मुकाबले में कोल्हापुर ने 18 अंक से जीत हासिल की। डिफेंडर कोमल और रेडर प्राची के प्रभावशाली प्रदर्शन से राजस्थान ने तेलंगाना को 8 अंको से हर दिया। इस मुकाबले में तेलंगाना टीम की रेडर कृष्णा लाम्बा और अनुष्का ने बेहतरीन प्रदर्शन किया लेकिन अपनी टीम को जीत दिलाने में नाकामयाब रही। देर शाम हुए एक अन्य मुकाबले में आंध्रप्रदेश ने झारखंड को 14 अंकों से पराजित किया। आंध्रप्रदेश ने हेमवती के शानदार डिफेंस और पूजिता के शानदार अटैक के दमपर 34 अंक प्राप्त किये जबकि झारखंड को 20 अंक से ही संतोष करना पड़ा।

### दूसरी हार के बाद मुंबई इंडियंस के कप्तान ने खिलाड़ी में भरा जोश, सबसे कठिन सैनिकों की ही सबसे कठिन परीक्षा होती है



**हैदराबाद।** आईपीएल मैच में इंडियन सनराइजर्स हैदराबाद से हारने के बाद मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने अपनी टीम का आत्मविश्वास बढ़ाने की कोशिश की। हार्दिक ने सोशल मीडिया हैंडल पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें उन्होंने टीम की लगातार दूसरी हार के बाद अपनी टीम को हिम्मत दी है और लिखा कि टीम से बुरी या अच्छी स्थिति में एक-दूसरे की मदद करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि सबसे कठिन सैनिकों की ही सबसे कठिन परीक्षा होती है। हार्दिक ने कहा कि सबसे कठिन सैनिकों को सबसे कठिन परीक्षा मिलती है, हम इस टूर्नामेंट में सबसे कठिन टीम हैं, कोई भी जो बल्लेबाजी समूह के रूप में हम जहां तक पहुंचे है उसके करीब पहुंच सकता है या कुल मिलाकर हम ही हैं - आइए यह तय करें कि हम एक-दूसरे की मदद करेंगे; खराब या अच्छा। हम साथ रहेंगे। इंडियन सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेले मैच में मुंबई इंडियंस 31 रन से हार गया था। यह उसकी दूसरी हार थी। वहीं सचिन तेंदुलकर ने कहा कि मैच को लेकर कहा मैच अच्छा हुआ, भले ही मुंबई ने 277 रन दिए। उन्होंने कहा कि मुंबई ने अपनी पारी में अच्छी बल्लेबाजी की। तेंदुलकर ने कहा कि दूसरे हाफ में, 277 रन बनाने के बावजूद 10 ओवरों में कोई नहीं जानता था कौन जीतेगा। लक्ष्य हासिल किया जा सकता था। यह भी साफ है कि मुंबई इंडियंस ने अच्छी बल्लेबाजी की। सभी खिलाड़ी मजबूती से एक साथ रहें।

# आरसीबी के खिलाफ केकेआर का विजय रथ जारी, साधारण गेंदबाजी से हारा बेंगलुरु, कोहली की पारी बेकार



**बेंगलुरु, 29 मार्च (एजेंसियां)।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग-2024 (आईपीएल) में लगातार दूसरी जीत हासिल की है। टीम ने मौजूदा सीजन के 10वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को 7 विकेट से हराया। इस सीजन में यह होस्ट टीम की पहली हार है। इससे पहले, लगातार 9 मैचों में मेजबानों ने जीते थे। बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में शुक्रवार को कोलकाता ने 183 रन का टारगेट 16.5 ओवर में 3 विकेट पर हासिल कर लिया। श्रेयस अय्यर 39 और रिंकू सिंह 5 रन बनाकर नाबाद लौटे। जबकि वेंकटेश अय्यर ने 50, सुनील नरेन ने 47 और फिल सॉल्ट ने 30 रन की अहम पारियां खेलीं। यश दयाल, मयंक डागर और विजयकुमार वैशाख को एक-एक विकेट मिला।

आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 182 रन का स्कोर बनाया। आरसीबी से विराट कोहली ने 59 बॉल पर 83 रन की पारी खेली। उन्होंने 4 चौके और 4 छक्के मारे। लीग में 52वीं फिफ्टी लगाई। उनके अलावा कैमरन ग्रीन ने 33 और ग्लेन मैक्सवेल ने 28 रन का योगदान दिया। कोलकाता की ओर से आंद्रे रसेल और हर्षित राणा को 2-2 विकेट मिले।

183 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोलकाता को फिल सॉल्ट और सुनील नरेन ने दमदार शुरुआत दिलाई। दोनों ने आरसीबी के गेंदबाजों को निशाना बनाते हुए पहले विकेट के लिए 86 रन की साझेदारी निभाई। मयंक डागर ने इस साझेदारी को सातवें ओवर की तीसरी गेंद पर तोड़ा। नरेन 22 गेंदों में 47 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने 213.63 के स्ट्राइक रेट से दो चौके और पांच छक्के लगाए। वहीं, फिलिप सॉल्ट दो चौकों और दो छक्कों की मदद से 30 रन बनाने में कामयाब हुए।

इस मैच में वेंकटेश अय्यर और श्रेयस अय्यर के बीच अच्छी साझेदारी हुई। टीम को तीसरा झटका वेंकटेश के रूप में लगा। वह 29 गेंदों में अर्धशतक लगाकर पवेलियन लौटे। इस बल्लेबाज को यश दयाल ने 16वें ओवर की पहली गेंद पर अपना शिकार बनाया। कप्तान के साथ उन्होंने 75 रन की साझेदारी निभाई। पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए रिंकू सिंह आए जो पांच रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं, श्रेयस अय्यर ने छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाई। उन्होंने आरसीबी के खिलाफ 24 गेंदों का सामना किया और 162.50 के स्ट्राइक रेट से 39 रन बनाए। इस दौरान वह नाबाद रहे। आरसीबी के लिए विजयकुमार, मयंक डागर और यश दयाल ने एक-एक विकेट हासिल किया।

कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने दमदार प्रदर्शन किया। घरेलू मैदान का फायदा उठाते हुए टीम ने विराट कोहली की 83 रन की नाबाद पारी की बदौलत 20 ओवर में छह विकेट खोकर 182 रन बनाए और 183 रन का लक्ष्य तैयार किया। टीम के कप्तान फाफ डुप्लेसिस आठ रन बनाकर आउट हुए। वहीं, तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए कैमरन ग्रीन ने विराट कोहली के साथ दूसरे विकेट के लिए 65 रन की साझेदारी निभाई। ग्रीन 21 गेंदों में 33 रन बनाकर आउट हुए। रसेल ने नौवें ओवर की आखिरी गेंद पर ग्रीन को अपना शिकार बनाया। टीम को तीसरा झटका मैक्सवेल के रूप में लगा जिन्हें नरेन ने अपना शिकार बनाया। इस मैच में रजत पाटीदार और अनुज रावत तीन-तीन रन बनाकर आउट हुए। एक बार फिर पाटीदार फ्लॉप साबित हुए। वहीं, दिनेश कार्तिक ने छठे विकेट के लिए कोहली के साथ 31 रन की साझेदारी निभाई। कोलकाता के लिए आंद्रे रसेल और हर्षित राणा ने दो-दो विकेट चटकाए जबकि सुनील नरेन को एक सफलता मिली।

# कोलिन्स ने मियामी में अलेक्जेंड्रोवा को हराया, पहले डब्ल्यूटीए 1000 फाइनल में पहुंची



**नई दिल्ली,29 मार्च (एजेंसियां) ।** अमेरिकी डेनिएल कोलिन्स ने मियामी ओपन में 14वें नंबर की खिलाड़ी एकाटेरिना अलेक्जेंड्रोवा को 6-3, 6-2 से हराकर अपने करियर के पहले डब्ल्यूटीए 1000 फाइनल में प्रवेश किया। 2022 ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनलिस्ट, को इस टूर्नामेंट में गैरवरीयता प्राप्त अलेक्जेंड्रोवा को हराने के लिए सिर्फ 75 मिनट की जरूरत थी, जिन्होंने मियामी में अपने पहले सेमीफाइनल के रास्ते में विश्व नंबर 1 इगा स्वीयाटेक और नंबर 5 वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को हराया था। 2005 में किम क्लिस्टर्स के बाद मियामी में पहली गैरवरीयता प्राप्त चैंपियन बनने की कोशिश कर रही 30 वर्षीय खिलाड़ी हार्ड रॉक स्टेडियम में खिताब के लिए नंबर 4 वरीयता प्राप्त एलेना रिबाकिना से भिड़ेंगी। कोलिन्स ने अपने करियर में पहले दो खिताब जीते हैं, दोनों 2021 में थे। कोलिन्स 2018 में स्लोएन स्टीफंस के बाद मियामी फाइनल में पहुंचने वाली पहली अमेरिकी हैं - जिन्होंने खिताब जीता था। डब्ल्यूटीए की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले 15 वर्षों में केवल चार अमेरिकी ही इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचे हैं, जिसमें कोलिन्स और स्टीफंस भी विलियम्स बहनों के साथ शामिल हो गए हैं। इससे पहले शाम को, वर्ल्ड नंबर 4 रिबाकिना ने सेमीफाइनल में नंबर 27 सीड विक्टोरिया अजारेंका को 6-4, 0-6, 7-6(2) से हराकर सीजन के अपने चौथे फाइनल में प्रवेश किया। रिबाकिना ने ब्रिस्बेन, अबू धाबी में खिताब और दोहा में साल के अपने पहले डब्ल्यूटीए 1000 फाइनल के साथ, हार्ड कोर्ट पर अपने सीज़न की शानदार शुरुआत का आनंद लिया है। पिछले साल, रिबाकिना मियामी फाइनल में पेट्रा क्वितोवा से 7-6(14), 6-2 से हारकर सनशाइन डबल जीतने से एक जीत दूर रह गयी थीं। वह पिछले 10 वर्षों में सेरेना विलियम्स और एश्ले बार्टी के साथ लगातार मियामी फाइनल में जगह बनाने वाली तीसरी खिलाड़ी हैं।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### कुछ खास...

संस्था अपनी इज्जत प्रतिष्ठा का ख्याल रखे बगैर अनर्गल बयान जारी करने और बेमानी की रपटें प्रकाशित करने में लगी रहती है। किसी देश की अस्मिता का ख्याल रखे बगैर उसके आंतरिक मामलों में दखल देना और पागल प्रलाप करना संयुक्त राष्ट्र का काम रह गया है। इसीलिए इज़राइल ने अभी हाल ही में संयुक्त राष्ट्र को मानसिक दिवालिया और महासचिव को अहमक बता कर इस संस्था को भंग करने की सार्वजनिक सलाह दी थी। भारत भी बार-बार यह कह रहा है कि संयुक्त राष्ट्र संगठन बेमानी हो चुका है, उसकी वैधता और विश्वसनीयता संदेहास्पद है, लिहाजा इसका पुनरगठन होना चाहिए।भारत के परिप्रेक्ष्य में देखें तो संयुक्त राष्ट्र भारतवर्ष को लेकर हमेशा बेईमानी पर उतारू रहा है। भारत की छवि खराब करने के लिए वह झूठे रिपोर्ट प्रकाशित करता है। कभी भुखमरी को लेकर भारत पर उंगली उठाता तो कभी धार्मिक भेदभाव को लेकर। कभी वह कश्मीर पर भारत विरोधी एजेंडा सेट करता है तो कभी मणिपुर को लेकर भारत को कठघरे में खड़ा करता है। संयुक्त राष्ट्र एक धर्मांध ईसाई मिशनरी की भूमिका पर उतर आया है। उसकी हरकतें बिल्कुल उसी तरह की हैं जो अमेरिकी धनपशु जॉर्ज सोरोस करता है। सोरोस पैसे देकर भारत सरकार को अस्थिर करने का षडयंत्र करता है। भारत के खिलाफ वैसा ही षडयंत्र संयुक्त राष्ट्र करता है।अभी ही देखिए, संयुक्त राष्ट्र का एक अधिकारी स्टेफन दुजारिक भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तार हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के मसले पर टांग अड़ाने लगा। दुजारिक को इस बात का भी कष्ट है कि आयकर चोरी करने वाली कांग्रेस पार्टी का खाता क्यों फ्रीज किया गया। दुजारिक ने आम चुनावों से पहले भारत में राजनीतिक अशांति का आरोप लगा दिया। अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक मामलों के विशेषज्ञ मानते हैं कि दुजारिक का ऐसा बयान संयुक्त राष्ट्र के अधिकारी का नहीं, बल्कि कांग्रेस या आम आदमी पार्टी के दलाल की तरह सामने आया। आप संयुक्त राष्ट्र के स्तर का अंदाजा लगाइये कि स्टेफन दुजारिक संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस का आधिकारिक प्रवक्ता है। यानी, दुजारिक ने जो कहा उसे आप संयुक्त राष्ट्र महासचिव का बयान समझिए। अब गुतारेस यह ठेका भी लेने लगा है कि भारत में चुनाव कैसे हों और कैसे निष्पक्ष और स्वतंत्र माहौल रखा जाए। यह गुतारेस के पागल होने की आधिकारिक सनद है। जिस तरह राजनीतिक धार्मिक पूर्वाग्रह से ग्रस्त कुछ अमेरिकी नेता भारत के खिलाफ बोलता है, संयुक्त राष्ट्र भी बिल्कुल उन्हीं अमेरिकी नेताओं के दलाल की तरह बोलता है। भारत अमेरिकी राजनयिक को तलब कर फटकारता है तो थोड़े दिन तक वह ठीक रहता है।

### संयुक्त राष्ट्र पूरी ...

व्यापक चिंताओं को सामने रखने और उसका समाधान करने में पूरी तरह अक्षम है। संयुक्त राष्ट्र के जरिए कुछ शक्तियां अपने फायदे पर ध्यान केंद्रित किए हुई हैं। इसलिए संयुक्त राष्ट्र में बदलाव जरूरी है। जयशंकर ने आधिकारिक तौर पर कहा कि भारतवर्ष संयुक्त राष्ट्र के पुनरगठन की मांग करता हैं।इसके पहले भी भारत यह कह चुका है कि संयुक्त राष्ट्र और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद लंबे समय से लंबित सुधारों और इसके स्थायी और अस्थायी सदस्यों के विस्तार के बगैर बेकार है। क्योंकि यह संस्थान अब समकालीन वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित नहीं करता है और वैधता और विश्वसनीयता के घोर संकट का सामना कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र में अब संस्थागत जड़ता आ गई है।

### पूर्वाग्रहग्रस्त संस्थाएं ...

देने की कोशिश कर रहे हैं, जिनके खुद में 72 छेद हैं।

धनखड़ ने कहा कि नागरिकता संशोधन कानून पर भी कहानी बनाने की कोशिश की जा रही है। जमीनी हकीकत से जानबूझ कर आंखें मूंदे रहने वाले देश भारत जैसे संप्रभु देश को पाठ पढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। वह कह रहे हैं कि यह भेदभावपूर्ण है। हम उनके पाखंड का विरोध करते हैं। उन्होंने कहा, सीएए भारत के पड़ोस में धार्मिक आधार पर सताए गए लोगों को राहत देने के लिए है। यह सूझते हुए भी कुछ देश अबूझ बने हुए हैं। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने लोगों से राष्ट्रवाद के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता रखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि भारत दूसरों के धर्मग्रंथ पर चलने वाला देश नहीं है।

### भारत प्रौद्योगिकी...

अनुसार अब भारत जी-20 के मूल उद्देश्यों के साथ जुड़ गया है, इन उद्देश्यों को मुख्यधारा में लाया जा रहा है।इस चर्चा के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि एआई के दुरुपयोग की संभावनाएं तब और बढ़ जाती हैं, जब बिना प्रशिक्षण के यह किसी को सौंपी जाती है। प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया कि एआई-जनित सामग्री पर स्पष्ट वॉटरमार्क के साथ शुरुआत करनी चाहिए। ताकि कोई भी इसका दुरुपयोग न कर सके। उन्होंने कहा कि भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में कोई भी डीपफेक का इस्तेमाल कर सकता है। उन्होंने कहा कि अगर आप आलस्य की वजह से एआई पर भरोसा कर रहे हैं, तो यह गलत है। उन्होंने यह भी कहा कि अब एआई से आगे बढ़ना होगा और चैट जीपीटी से प्रतिस्पर्धा करनी होगी। बिल गेट्स ने कहा कि ये एआई के शुरुआती दिन हैं। जिन चीजों को आप कठिन समझते हैं, यह उनको आसान कर देगा, लेकिन जिन्हें आप आसान समझते हैं, वह वहां विफल हो जाएगा।पीएम नरेंद्र मोदी और बिल गेट्स ने भारत में डिजिटल क्रांति के साथ-साथ भारत में स्वास्थ्य, कृषि और शिक्षा क्षेत्रों पर चर्चा की। बिल गेट्स ने भारत में डिजिटल क्रांति की तारीफ करते हुए कहा कि भारत न केवल प्रौद्योगिकी को अपना रहा है बल्कि वास्तव में इसका नेतृत्व भी कर रहा है। शिक्षा के मुद्दे पर पीएम मोदी ने बताया मैं बच्चों तक श्रेष्ठ शिक्षा पहुंचाना चाहता हूं और शिक्षक की कमियों को तकनीकी से पूरी करना चाहता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि कृषि को आधुनिक और वैज्ञानिक तरीके से मजबूत बनाने की जरूरत है और इसके लिए हमने ड्रोन दीदी योजना सफलतापूर्वक चलाई है। स्वास्थ्य क्षेत्र को लेकर पीएम ने बताया कि उन्होंने देश के अलग अलग गांवों में 2 लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनवाए हैं। इन हेल्थ सेंटर्स को मैंने मॉर्डन टेक्नोलॉजी से देश से सबसे बेहतर अस्पतालों को जोड़ लिया है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स के बीच हुई मुलाकात में बिल गेट्स ने भारत के डिजिटल विकास की जमकर तारीफ की और पीएम मोदी को इस क्रांति के लिए बधाई दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था लगातार बढ़ रही है पूरा देश डिजिटल क्रांति को अपना चुका है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि कोरोना काल में भारत में कोविन एप के जरिए लोग ऑनलाइन ही वैक्सीनेशन के लिए बुकिंग करते थे और खुद ही समय लेते थे। इससे डिजिटल क्षेत्र ने कोरोना के समय में लोगों का काम आसान कर दिया। भारत की अर्थव्यवस्था लगातार बढ़ रही है पूरा देश डिजिटल क्रांति के दौर में है। पीएम मोदी ने भारत की डिजिटल क्रांति के बारे में बताते हुए कहा, देश के गांवों में दो लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनवाए हैं। इन स्वास्थ्य केंद्रों को मैंने मॉर्डन टेक्नोलॉजी से सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों के साथ जोड़ दिया है। पीएम ने बताया कि कृषि को आधुनिक और वैज्ञानिक बनाने की जरूरत है। इसलिए हमने ड्रोन दीदी योजना चलाई और ये सफलतापूर्वक चल रही हैं।पीएम मोदी ने कहा कि एआई के दुरुपयोग की संभावनाएं तब और बढ़ जाती हैं, जब बिना प्रशिक्षण के यह किसी को सौंपी जाती है। प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया कि एआई-जनित सामग्री पर स्पष्ट वॉटरमार्क के साथ शुरुआत करनी चाहिए। ताकि कोई भी इसका दुरुपयोग न कर सके। हिंदुस्तान के 6 लाख गांवों के किसानों से लोहे के टुकड़े इकट्ठे किए गए, उन्हें पिघलाया गया और उनका स्टैचू में उपयोग किया गया। हर गांव से मिट्टी लाई गई, उस मिट्टी से एक यूनिटी वॉल बनाई गई। हिंदुस्तान के 6 लाख गांवों की मिट्टी उसमें है। उसके पीछे हमारी एकता की भावना है। हमने इतने बड़े देश की विविधताओं के बीच एकता कैसे बनती है, उसे दर्शाने के लिए स्टैचू ऑफ यूनिटी का निर्माण किया गया। यह दुनिया का सबसे ऊंचा स्टैचू है, जिसे कम से कम समय में बनाया गया है।

### मोदी ने गेट्स...

उनका आभार जताया।नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल गिफ्ट हैम्पर में एक मोती का बॉक्स भी शामिल है, जिसमें तमिलनाडु के थूथुकुडी में बनाए गए मोती हैं। पीएम मोदी ने कहा कि तूतीकोरिन या थूथुकुडी को तमिलनाडु के पर्ल सिटी के रूप में जाना जाता है। वहां के मछुआरे इस क्षेत्र में बहुत बड़ा काम करते हैं। मोदी ने कहा, मैं एक बार तूतीकोरिन गया था, तभी वहां से यह लाया था। मैंने उसी वक्त सोचा था कि आपको यह दिखाऊंगा और आपके लिए लेकर भी आऊंगा। इस पर गेट्स ने पीएम धन्यवाद किया। पीएम ने गेट्स को टेराकोटा की मूर्ति भी दी। यह कला भारत की बहुत पुरानी परंपरा है। यह तमिलनाडु में भी काफी विकसित कला है। इन्हें वहां के मंदिरों, घरों में रखा देख सकते हैं। वो लोग पूजा के लिए भी इसी तरह की खास चीजें बनाते हैं। बिल गेट्स को पश्मीना देते हुए पीएम ने कहा कि यह हमारे यहां काफी प्रसिद्ध है। इसे कश्मीर से लाया गया है। इसके अलावा पीएम मोदी ने उन्हें कश्मीर की केसर और दार्जिलिंग की नीलगिरी चाय भी गिफ्ट में दी।पीएम मोदी ने गेट्स से कहा कि वे देश में वोकल फॉर लोकल और वन डिस्ट्रिक्ट प्रोडक्ट अभियान चला रहे हैं। वह देश में बनने वाली चीजों को बढ़ावा देना चाहते हैं। इसलिए जब भी कोई मेहमान आता है तो भारत के किसी जिले का सामान उसे उपहार में देते हैं। इससे जिले के लोगों को गर्व महसूस होता है।

### कांग्रेस ने ...

है। आयकर विभाग के नए कदम को लोकसभा चुनाव से ऐन पहले कांग्रेस के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है जो पहले ही धन की कमी का सामना कर रही है। इसी तरह से अरविंद केजरीवाल भी ईडी के समन को गैरकानूनी और अलोकतांत्रिक बता रहे थे।गौरतलब है कि आयकर विभाग कांग्रेस की आय का पुनर्मूल्यांकन कर रहा है। इसके खिलाफ कांग्रेस ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर चार साल में पुनर्मूल्यांकन किए जाने को चुनौती थी। इस पर सुनवाई करते हुए जस्टिस यशवंत वर्मा और पुरुषेन्द्र कुमार कौरव की खंडपीठ ने इस पर रोक लगाने से इन्कार कर दिया। अदालत ने टैक्स अधिकारियों की ओर से उनके खिलाफ चार साल की अवधि के लिए टैक्स पुनर्मूल्यांकन प्रोसिडिंग (टैक्स री-असेसमेंट प्रोसीडिंग्स) शुरू करने को चुनौती देने वाली कांग्रेस की याचिकाओं को खारिज कर दिया।कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि लोकसभा चुनाव से ठीक पहले आयकर विभाग ने पांच अलग-अलग वित्तीय वर्षों के टैक्स रिटर्न में कथित विसंगतियों के लिए 1823.08 करोड़ रुपए के भुगतान के नए नोटिस उसे जारी किए हैं लेकिन उसने भारतीय जनता पार्टी को लेकर आंखें बंद कर ली हैं, जबकि उस पर 4600 करोड़ रुपए का जुर्माना बनता है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि लोकसभा चुनाव से पहले कर-आतंकवाद (टैक्स टेररिज्म) के जरिए विपक्ष पर हमला किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने आरोप लगाया कि जिन मापदंडों के आधार पर कांग्रेस को जुर्माने के नोटिस दिए गए हैं, उन्हीं के आधार पर भारतीय जनता पार्टी से 4600 करोड़ रुपए से अधिक के भुगतान की मांग करनी चाहिए।

माकन ने कहा, कल हमें आयकर विभाग से 1823.08 करोड़ रुपए का भुगतान करने के लिए नए नोटिस मिले हैं। पहले ही आयकर विभाग ने हमारे बैंक खाते से जबरन 135 करोड़ रुपए निकाल लिए हैं। उनके मुताबिक, इन 1823 करोड़ रुपए में से 53.9 करोड़ रुपए की मांग वित्त वर्ष 1993-94 के कर आकलन के आधार पर की गई है जब सीताराम केसरी कांग्रेस के अध्यक्ष थे। माकन की ओर से उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, आयकर विभाग ने वर्ष 2016-17 के लिए 181.99 करोड़ रुपए, 2017-18 के लिए 178.73 करोड़ रुपए, 2018-19 के लिए 918.45 करोड़ रुपए तथा 2019-20 के लिए 490.01 करोड़ रुपए के नोटिस दिए हैं। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु किया जा रहा है।माकन ने कहा, आयकर विभाग के जिन नियमों की आड़ में कांग्रेस को परेशान किया जा रहा है, उन्हीं नियमों को लेकर भाजपा को छूट दी जा रही है। कांग्रेस का 14 लाख रुपए का उल्लंघन बताकर आयकर विभाग ने कांग्रेस के 135 करोड़ रुपए ले लिए। लेकिन भाजपा को 42 करोड़ रुपए का चंदा देने वालों का न कोई नाम है, न कोई पता है, उस पर कोई कार्रवाई नहीं की। माकन का कहना था कि आयकर विभाग ने भाजपा के 42 करोड़ रुपए से संबंधित नियमों के उल्लंघन पर तो आंख पर पट्टी बांध ली, लेकिन कांग्रेस के 14 लाख रुपए जो कि हमारे 23 नेताओं ने दिए हैं, जिनके नाम और पते भी हैं, उसके आधार पर हमारे 135 करोड़ रुपए छीन लिए। उन्होंने कहा कि भाजपा से 4617 करोड़ रुपए वसूले जाने चाहिए।

### हाईकोर्ट ने ...

चुनौती दी थी। इसमें आयकर विभाग का कहना था कि रिकॉर्ड पर मौजूद सामग्री यह दिखाने के लिए पर्याप्त है कि पार्टी की बची हुई आय 520 करोड़ रुपए से अधिक है। दिल्ली हाईकोर्ट ने इससे पहले तीन साल के लिए आयकर विभाग की टैक्स पुनर्मूल्यांकन प्रोसिडिंग के खिलाफ याचिका खारिज की थी। कांग्रेस ने पुनर्मूल्यांकन कार्रवाई का विरोध किया था। कांग्रेस के वकील अभिषेक सिंघवी ने कहा था कि कर पुनर्मूल्यांकन कार्रवाई पर समय सीमा लागू होती है। आयकर विभाग ज्यादा से ज्यादा छह मूल्यांकन वर्षों तक ही किया जा सकता है। पुनर्मूल्यांकन प्रोसिडिंग आयकर कानून के प्रावधानों के विपरीत की जा रही है। लेकिन दिल्ली हाईकोर्ट ने सिंघवी के इस तर्क को खारिज कर दिया।

### तमिलनाडु के ...

नेतृत्व वाले विकास के मॉडल पर काम कर रही है। हमारी प्रतिबद्धता भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की है। महिलाएं इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। मुझे खुशी है कि भाजपा की महिला कार्यकर्ता कड़ी मेहनत कर रही हैं।इस दौरान उन्होंने ड्रग्स को लेकर भी बात की। उन्होंने इसके दुष्परिणाम के बारे में भी बात की। ड्रग्स हमारे बच्चों और हमारे परिवारों के जीवन को बर्बाद कर देगा। पिछले दिनों में जितनी भी नशीली दवाओं का जखीरा जब्त किया गया है, वह कहीं न कहीं इसके गॉडफादर से जुड़ा हुआ है। तमिलनाडु के लिए, यह बहुत चिंता का विषय है और इसलिए आप सभी को लोगों को यह भी बताना चाहिए कि हमें अपने परिवारों, अपने बच्चों और अपनी आने वाली पीढ़ियों को बचाना है। तमिलनाडु में जो नशीले पदार्थ प्रवेश कर रहे हैं, उनके खिलाफ लड़ने के लिए भाजपा ही काफी है।

### खानपुरिया समेत ...

गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार आतंकवादी पंजाब में हत्याओं को अंजाम देने की साजिश सहित कई आतंकवादी मामलों में शामिल और वांछित था। वह नब्बे के दशक में कनॉट प्लेस नई दिल्ली में एक बम विस्फोट मामले और अन्य राज्यों में ग्रेनेड हमलों में भी शामिल था।एनआईए की जांच से पता चला था कि डेरा सच्चा सौदा से जुड़े प्रतिष्ठानों और पंजाब में पुलिस और सुरक्षा से जुड़े लोगों को निशाना बनाकर भारत में आतंकवादी हमलों को अंजाम देने की साजिश के पीछे खानपुरिया मुख्य रूप से शामिल था। इसके अलावा खानपुरिया पंजाब और पूरे देश में आतंक पैदा करने के समग्र उद्देश्य से भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड, चंडीगढ़ के वरिष्ठ अधिकारियों को भी निशाना बना रहा था।मामला शुरू में 30 मई 2019 को अमृतसर में दर्ज किया गया था और 27 जून 2019 को एनआईए ने केस अपने पास ले लिया और इसमें नई एफआईआर दर्ज की गई थी। खानपुरिया ने भारत और विदेशों में विभिन्न दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में स्थित अपने संचालकों और सहयोगियों के साथ मिलकर भारत में आतंकी हमला करने की योजना बनाई और साजिश रची थी। जिसके बाद खानपुरिया भारत से भागने में कामयाब रहा था। वह 2019 से फरार चल रहा था। एनआईए ने उसके बारे में सूचना देने पर पांच लाख रुपए के इनाम की घोषणा की थी।

सीएम योगी ने विपक्ष पर जमकर साधा निशाना, कहा

# 2014 के बाद देश की सीमाएं सुरक्षित हुईं

**बिजनौर, 29 मार्च (एजेंसियां)।** राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को बिजनौर के जेवीएम बैंक्वेट हॉल में लोगों को संबोधित करते हुए विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिजनौर लोकसभा से आरएलडी प्रत्याशी चंदन चौहान और नगीना सुरक्षित सीट से प्रत्याशी ओम कुमार के लिए वोट की अपील करता हूं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महात्मा विदुर की धरती को नमन करते हुए कहा कि अबकी बार बिजनौर लोकसभा के प्रत्याशी चंदन चौहान के सिर पर जीत का चंदन जरूर लगना चाहिए। उन्होंने कहा कि ओम कुमार नहटोर से हमारे विधायक हैं। ओम कुमार जो कि नगीना लोकसभा सीट से लोकसभा के प्रत्याशी हैं। लगातार यह जनता के बीच में रहते हैं और इन्हें आप वोट देकर जिताने का काम करें। अभी नामांकन की प्रक्रिया संपन्न हुई है। हम लोग पहले चरण में प्रबुद्ध लोगों के बीच में जा रहे हैं। प्रबुद्ध लोगों के बीच में जाने के साथ युवाओं और जनसभाओं में भी हम जाएंगे।



मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रबुद्ध लोगों की बात पर जनता जनार्दन विश्वास करती है। इसलिए हमने सबसे पहले प्रबुद्ध लोगों से आशीर्वाद लेने का काम किया। मुख्यमंत्री ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जब मैं बिजनौर को देखता हूं तो मुझे ऐसा लगता है कि जो बिजनौर के साथ न्याय होना चाहिए था वह अभी तक हुआ नहीं है। पहले लोग यह सोचते थे कि मुख्यमंत्री यहां पर दोबारा नहीं आएंगे, इसके बावजूद भी मैं यहां दोबारा आया।

यहां पर विदुर कुटी जाकर मंदिर के दर्शन भी किए। सीएम ने कहा कि बिजनौर जनपद में मैंने देखा है कि यहां बहुत कम संभावनाएं हैं, जिससे कि यहां की जनता का हित हो सकता है। हमारे जनप्रतिनिधि जो भी प्रस्ताव लाते थे, हमने उस पर काम किया। जब हमें मेडिकल कॉलेज के लिए कहा गया तो हमने तुरंत यहां पर मेडिकल कॉलेज देने का काम किया। बिजनौर सिर्फ बिजनौर नहीं है, बल्कि बिजनौर एक इतिहास की भूमि है। उन्होंने कहा कि महात्मा विदुर उसके अग्रिम पंक्ति के ऋषि मुनियों की परंपरा में आते हैं, जिन्होंने सत्य बोलने की प्रवृत्ति दिखाई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैंने इसीलिए महात्मा विदुर के नाम पर इस मेडिकल कॉलेज का नाम रखा और यह मेडिकल कॉलेज अब बनकर कर तैयार हो चुका है। मैं आपसे कहना चाहता हूं कि आपके यहां पहले चरण में मतदान है। पहले आप मतदान करना और उसके बाद अन्य लोगों को भी मतदान करने के लिए जागरूक करना। अगर आपका वोट सही जगह जाएगा तो बिजनौर का विकास नहीं रुकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया के अंदर भारत की छवि बहुत खराब थी। विकास बंद पड़ा हुआ था और यहां पर भ्रष्टाचार फैला हुआ था। 2014 के बाद देश की सीमाएं सुरक्षित हुईं हैं। कश्मीर में धारा 370 समाप्त हो गई और अब एक देश में एक निशान के साथ-साथ एक संविधान बना है। अयोध्या में आस्था का सम्मान हुआ। जब सही हाथों में जनता का वोट जाता है तो ऐसे ही जनता का सम्मान होता है। आज एमएसपी से ज्यादा किसानों को धान का मूल्य मिल रहा है। आपने कांग्रेस और भाजपा के सहित सभी पार्टी के लोगों के भी कार्यकाल को देखा है।

मुख्तार के वकील ने की शिकायत

# सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने की मांग की

**बाराबंकी, 29 मार्च (एजेंसियां)।** माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के 24 घंटे के भीतर ही उनके वकील ने बाराबंकी की एमपीएमएल कोर्ट में अर्जी देकर मुख्तार के कथन को मृत्युकालीन बताते हुए एफआईआर दर्ज करने व बांदा जेल में सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित करने की अर्जी दे दी है। शुक्रवार को गैंगस्टर मामले में मुख्तार अंसारी समेत उसके 12 अन्य साथियों की पेशी नियत थी। फिलहाल अदालत ने इस अर्जी पर कोई फैसला नहीं दिया है। बाराबंकी में मुख्तार अंसारी व उसके 12 साथियों पर फर्जी कागजों से एंबुलेंस पंजीकृत कराने के आरोप में जालसाजी व गैंगस्टर के मामलों में अलग-अलग अदालतों में सुनवाई चल रही है। मुख्तार अंसारी को बांदा जेल से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पेश किया जाता था। गैंगस्टर के मामले में शुक्रवार को एमपीएमएलए कोर्ट के विशेष जज अपर सत्र न्यायाधीश कमलकांत श्रीवास्तव की अदालत में पेशी



थी। इस दौरान मुख्तार अंसारी के वकील रणधीर सिंह सुमन ने एक अर्जी अदालत को दी। अर्जी में स्वर्गीय मुख्तार अंसारी को प्रार्थी बताते हुए कहा गया है कि 21 मार्च को मुख्तार अंसारी ने अदालत को एक पत्र दिया था। जिसमें मुख्तार ने 19 मार्च को बांदा जेल में विषाक्त पदार्थ खिलाए जाने की कही थी। अब रहस्यमय परिस्थियों में उसकी मौत हो गई इसलिए मुख्तार के कथन को मृत्यु कालीन मानकर वाद दर्ज किए जाने की आवश्यकता है। अर्जी में यह भी कहा गया हैं कि बांदा जेल में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज संरक्षित किए जाए। निरीक्षण को लेकर रात में आने वाले सभी अधिकारियों का ब्योरा व फोटो संरक्षित किया जाए। एफआईआर दर्ज करने का आदेश देने की मांग की गई है।

# सीएम योगी का आज हाथरस में आगमन स्थगित

## भाजपा प्रबुद्ध सम्मेलन में लेंगे भाग

**हाथरस, 29 मार्च (एजेंसियां)।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आज जिले में आगमन का कार्यक्रम स्थगित हो गया है। अब मुख्यमंत्री 1अप्रेल को यहां आएंगे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारी में भाजपाइयों के अलावा पुलिस-प्रशासन भी जुट गया है।

बता दें कि हाथरस के आगरा रोड स्थित अग्रवाल सेवा सदन में 30 मार्च को भाजपा के बैनर तले प्रबुद्ध सम्मेलन का आयोजन किया जाना था। सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित करना था, लेकिन एक दिन पहले किन्हीं कारणों से सीएम का कार्यक्रम दो दिन आगे बढ़ गया। अब मुख्यमंत्री 1 अप्रैल को यहां आएंगे। वह आगरा रोड स्थित अग्रवाल सेवा सदन में आयोजित होने वाले प्रबुद्ध सम्मेलन में शिरकत करेंगे।

29 मार्च को भी कार्यक्रम स्थल पर पुलिस-प्रशासन के



अधिकारी पहुंचे और सुरक्षा-व्यवस्था का जायजा लिया। सेफ हाउस बनाए जाने के लिए आगरा रोड स्थित एक निजी नर्सिंग होम पहुंचे और व्यवस्थाओं का खाका खींचा।

इधर, भाजपा पदाधिकारी भी कार्यक्रम की तैयारी में जुटे हैं। लोकसभा चुनाव के मतदान से पहले मुख्यमंत्री के इस दौरे को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

प्रबुद्ध सम्मेलन को किन्हीं कारणों से आज स्थगित कर दो दिन आगे बढ़ा दिया गया है। अब 1 अप्रैल को प्रबुद्ध सम्मेलन का आयोजन होगा, जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भाग लेंगे।

# बांके बिहारी के दर्शन के लिए लगी इतनी लंबी कतार, छूटे सुरक्षा कर्मियों के पसीने





**मथुरा, 29 मार्च (एजेंसियां)।** वृंदावन में शुक्रवार सुबह से ही बांकेबिहारी मंदिर में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं की पांच सौ मीटर लंबी कतार लग गई। बांकेबिहारी मार्ग पर जबरदस्त भीड़ के दबाव के बीच मिनटों का रास्ता लोगों ने घंटों में तय किया। धक्के खाते हुए श्रद्धालुओं ने जन-जन के आराध्य बांकेबिहारी के दर्शन किए।

गुड फ्राइडे की छुट्टी होने के साथ ही अगले दिन शनिवार और रविवार का भी अवकाश होने पर बांकेबिहारी मंदिर में सुबह से ही आस्था का सैलाब उमड़ा पड़ा। पट खुलने से करीब डेढ़ घंटे पहले से ही मंदिर की गलियां, बांकेबिहारी बाजार श्रद्धालुओं की भीड़ से खचाखच भर गया। बांकेबिहारी बाजार से लेकर मंदिर के द्वार तक पांव रखने की जगह नहीं रही। अपने निर्धारित समय से 15 मिनट पहले साढ़े सात बजे जैसे ही बांकेबिहारी के मंदिर के पट खुले, वैसे ही श्रद्धालुओं का रेला ने मंदिर में प्रवेश किया।

उसके बाद दोपहर में पट बंद होने तक मंदिर के द्वार से लगभग पांच सौ मीटर से अधिक दूरी तक प्रवेश गली और बांकेबिहारी बाजार खचाखच श्रद्धालुओं से भर गया। लोग धक्का मुक्की और भीड़ के दबाव के बीच लगभग दो घंटे में मंदिर पहुंचे। इस बीच गर्मी में भीड़ के दबाव में श्रद्धालुओं के साथ आए छोटे बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। मंदिर मार्ग पर लगे पंखे भी भीड़ के कारण बेअसर रहे। लोगों ने आपाधापी और मुश्किलों के बीच आराध्य बांकेबिहारी के दर्शन किए। मंदिर अपने निर्धारित समय दोपहर में आरती के बाद 12.30 बजे बंद हो गए। जिससे दर्शन की आस में घंटों से लाइन में भीड़ के दाबाव झेल रहे हजारों लोग दर्शन नहीं कर पाए और मायूस होकर शाम के पट खुलने का इंतजार लगे।

गुरुग्राम की श्रद्धालु सुरेखा तिवारी, नारायणी का कहना है कि छुट्टी वाले दिन श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए मंदिर के दर्शनों का समय भी बढ़ा देना चाहिए, जिससे अधिक से अधिक श्रद्धालओं को दर्शन हो सकें और भीड़ छटती रहे। पुरानी दिल्ली निवासी विकास रस्तोगी ने कहा कि श्रद्धालुओ की बढ़ती संख्या को देखते हुए मंदिरों की गलियों और द्वारों को बड़ा किया जाना चाहिए। दर्शनों का समय भी अधिक होना चाहिए। घुटन करने वाला भीड़ का दबाव हो सकता है।

बांकेबिहारी मंदिर के उप प्रबंधक उमेश सरस्वत ने बताया कि शुक्रवार को चार लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बांकेबिहारी के दर्शन किए। शनिवार और रविवार को भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए आने की संभावना है। लगातार तीन दिनों का अवकाशा होने के कारण श्रद्धालु ज्यादा संख्या में आए। शनिवार और रविवार को इससे भी अधिक श्रद्धालु आ सकते हैं।

आचार संहिता खत्म होने के बाद भर्ती की तैयारी

# शिक्षा सेवा चयन आयोग में अफसरों की हुई पहली बैठक

**प्रयागराज, 29 मार्च (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग में आचार संहिता खत्म होते ही भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी है। आयोग के गठन के बाद अफसरों की बृहस्पतिवार को पहली बैठक में पदों के विवरण तैयार करने के साथ अन्य प्रक्रिया पर चर्चा हुई। बैठक में चार सदस्य भी मौजूद रहे। कार्यवाहक अध्यक्ष प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा एमपी अग्रवाल और 12 सदस्यों की जल्द बैठक होने की बात कही जा रही है। उसमें आयोग की ओर से निर्णय लिए जाएंगे। इससे पहले विशेष सचिव उच्च शिक्षा गिरिजेश त्यागी ने बैठक कर आयोग की कार्यपद्धति व भर्ती प्रक्रिया शुरू करने को लेकर को चर्चा की। बैठक में नवनियुक्त चार सदस्य केसी वर्मा, कीर्ति गौतम, विनोद सिंह, विमल कुमार विश्वकर्मा के अलावा उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग की सचिव रत्नप्रिया, उपसचिव शिवजी मालवीय, माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड के प्रभारी उपसचिव नवल किशोर रहे।





उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग, माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड की ओर से पूर्व में विज्ञापित पदों व इनके सापेक्ष आए आवेदनों पर भी चर्चा हुई। बताया गया कि माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड की ओर से ही 4100 से अधिक पदों के लिए आवेदन मांगे गए थे। इसके लिए 13 लाख से अधिक आवेदन पहुंचे थे। हालांकि, भर्ती प्रक्रिया पर कोई निर्णय नहीं लिया जा सका। ये नीतिगत फैसले हैं। इसलिए आयोग की बैठक में इस पर निर्णय लिए जाएंगे।

बैठक में सदस्यों, अफसरों, अन्य कर्मचारियों के वेतन, बिजली बिल का भुगतान, बैठने की व्यवस्था, फाइलों के रखरखाव आदि बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। अफसरों का कहना था कि वित्त नियंत्रक की नियुक्ति के बगैर वेतन का भुगतान नहीं हो सकता। अफसरों ने बताया कि चयन बोर्ड में लेखाधिकारी रहे हैं, लेकिन उनके पास वेतन आदि स्वीकृत करने का अधिकार नहीं है। विशेष सचिव ने बताया कि शासन के संज्ञान में पूरी बात है। आयोग में सचिव व वित्त नियंत्रक की नियुक्ति की फाइलें आगे बढ़ा दी गई हैं। जल्द इन समस्याओं का समाधान किया जाएगा। विशेष सचिव की अध्यक्षता में बैठक में आयोग में पदों के सृजन पर भी चर्चा हुई। सचिव, परीक्षा नियंत्रक, वित्त नियंत्रक के अलावा कंप्यूटर सहायक, प्रधान सहायक, वरिष्ठ लिपिक, कनिष्क लिपिक आदि पद सृजित कर इन पर भर्ती किए जाने पर सहमति बनी। अफसरों के अनुसार आयोग में कुल 100 पद होंगे। विशेष सचिव ने चयन बोर्ड, उच्चतर आयोग में नियुक्त अफसरों एवं कर्मचारियों का विवरण भी एकत्रित किया। इन्हें नए आयोग में ही समायोजित किए जाने की तैयारी है।

बैठक में उच्चतर आयोग के अफसरों और कर्मचारियों को नवगठित शिक्षा सेवा चयन आयोग मुख्यालय में बैठने के लिए कहा गया।

# बेटे की मौत की खबर सुनी तो सदमा बर्दाश्त नहीं कर पाई मां, त्याग दिए प्राण

**आगरा , 29 मार्च (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश के एटा जिले में बेहद ही दर्दनाक मामला सामने आया है। यहां एक बुजुर्ग मां अपने बेटे की मौत का दर्द ने झेल सकी। बीमारी से पुत्र की मौत की खबर मिली तो बूढ़ी मां चक्कर खाकर गिर पड़ी। इसके बाद उठ न सकी। परिजन चिकित्सक के पास ले गए। जहां मृत बता दिया गया। एक ही दिन में दो सदस्यों की मौत से परिवार में चीत्कार मचा हुआ है।

मारहरा थाना क्षेत्र के नगला भूड़ निवासी रामखिलाड़ी (48) चार भाइयों में सबसे बड़े थे, जो कथावाचक थे। मंगलवार शाम उनकी तबीयत बिगड़ने पर परिजन उपचार के लिए चिकित्सक के पास ले गए। उन्हें हार्टअटैक बताया गया था। उनकी गंभीर हालत देखते हुए आगरा रेफर किया गया। वहां भी हालत में सुधार नहीं आया तो परिजन गुरुग्राम ले गए। जहां उपचार के दौरान बुधवार को निधन हो गया।

पुत्र के निधन की सूचना बुधवार सुबह के समय मां गायत्री देवी (70) को मिली तो बेटे के



वियोग में बेहोश होकर गिर पड़ीं। परिवार के लोग उनको मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद उनके शव का अंतिम संस्कार बुधवार की शाम कर दिया गया। जबकि बेटे का शव बृहस्पतिवार सुबह तक गांव में पहुंचेगा। जिसके बाद अंतिम संस्कार किया जाएगा।

गांव नगला भूड़ के रहने वाले रामखिलाड़ी लंबे समय से कथावाचन कर रहे थे। वर्तमान में प्रख्यात कथावाचक थे और एटा ही नहीं, दूर-दूर के जिलों में भी भागवत कथा का वाचन करने के लिए उन्हें बुलाया जाता था। उनके छोटे भाई सुरेंद्र शास्त्री और शैलेंद्र शास्त्री भी कथावाचक हैं। रामखिलाड़ी के दो पुत्र हैं। पुत्री की विवाह के बाद मृत्यु हो चुकी है।

ज्ञानी हत्याकांड: 10 साल बाद आया फैसला

# पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुधीर सहित सभी बरी

## झूठी साबित हुई पुलिस

**अलीगढ़, 29 मार्च (एजेंसियां)।** अलीगढ़ में टप्पल के गांव जहानगढ़ के बहुचर्चित भाजपा नेता और हिस्ट्रीशीटर ज्ञानचंद्र शर्मा उर्फ ज्ञानी हत्याकांड में 29 मार्च को फैसला आ गया। दस वर्ष पुराने इस हत्याकांड में आरोपी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुधीर चौधरी सहित सभी नौ आरोपियों को बरी कर दिया गया। सत्र न्यायालय में हुए ट्रायल में पुलिस की सियासी रंजिश और शूटरों से जुड़ी कहानी आरोप साबित न कर सकी। बता दें कि उस समय बसपा से जिला पंचायत अध्यक्ष और वर्तमान में भाजपाई सुधीर चौधरी पर इस हत्याकांड की साजिश का आरोप था। फैसला आने के बाद बचाव पक्ष के चेहरों पर खुशी देखी गई, जबकि वादी पक्ष मायूसी के साथ घर लौट गया।

बचाव पक्ष के अधिवक्ता नीरज चौहान व चौ.बलवीर सिंह के अनुसार ये घटना 25 अगस्त



2014 की देर शाम की है। जहानगढ़ प्रधानपति व टप्पल सघन सहकारी समिति अध्यक्ष ज्ञानचंद्र शर्मा उर्फ ज्ञानी अपने कुछ साथियों संग बोलेरो में सवार होकर टप्पल से गांव आ रहे थे। तभी गांव के बाहर तिराहे पर करीब साढ़े नौ दस बजे के मध्य उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस दौरान गाड़ी चला रहा जैदपुरा का राजू भी जख्मी हुआ। दोनों को आनन-फानन एएमयू के जेएन मेडिकल कॉलेज लाया गया, जहां ज्ञानी को मृत घोषित कर दिया गया।

इस घटना का मुकदमा ज्ञानी के बड़े भाई अमरचंद्र शर्मा ने चार-पांच अज्ञात आरोपियों पर दर्ज कराया। जिसमें उन्होंने कहा कि फायरिंग की आवाज पर जब वे घटनास्थल पर आए तो चार-पांच हमलावर हाथों में हथियार लहराते हुए हत्या कर भाग रहे थे। तहरीर में इलाके की राजनीतिक रंजिश में भाई की हत्या का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि उनके भाई से कुछ लोग राजनीतिक द्वेष रखते थे। इसी रंजिश में ये हत्या हुई है।

बचाव पक्ष के अनुसार पुलिस ने तब बसपा के बैनर तले सियासत कर रहे तत्कालीन जिला पंचायत अध्यक्ष सुधीर चौधरी (अब भाजपा में सक्रिय) निवासी ताहरपुर टप्पल को साजिश का आरोपी बनाते हुए घटना का खुलासा किया। कहा कि सुधीर के द्वारा ये हत्या शूटरों से कराई गई है। क्रमवार सुधीर सहित नौ नाम उजागर किए। कुछ आरोपी गिरफ्तार किए गए और कुछ ने कोर्ट में सरेंडर किया। लंबी जद्दोजहद के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष रहते सुधीर को भी जेल जाना पड़ा।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345



शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें।

# बदरीविशाल पन्नालाल पित्ती के आदर्श नए विधायकों का मार्गदर्शन कर सकते हैं : विधानसभा अध्यक्ष





**हैदराबाद, 29 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** बदरीविशाल पन्नालाल पित्ती ट्रस्ट के तत्वावधान में स्व.बदरीविशाल पन्नालाल पित्ती के 96वीं जयंती पर उनकी स्मृति में 18वां व्याख्यान समारोह बंजारा हिल्स स्थित ताज डेक्कन कोहिनूर हाल में संपन्न हुआ जिसमें बदरीविशाल पन्नालाल पित्ती के आदर्श जीवन, समाजसेवा, राजनीति के कार्यों पर प्रकाश डालते हुए उन्हें सच्चा समाजसेवक बताया गया।

इस बाबत अजीत गुप्ता द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार तेलंगाना विधानसभा अध्यक्ष गड्डम प्रसाद कुमार ने कहा कि विधायक के रूप में तत्कालीन आंध्र प्रदेश विधानसभा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले बदरीविशाल पित्ती का जीवन और उनके आदर्श नए विधायकों का मार्गदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि बदरीविशाल पित्ती पर प्रकाशित पुस्तक का लोकार्पण करते हुए वह इसलिए भी हर्ष महसूस कर रहे हैं कि यह पुस्तक विधानसभा से जुड़ी हुई है। इसमें जनहित के विभिन्न मुद्दों पर बदरीविशाल पित्ती द्वारा उठाए गए मुद्दों का वर्णन है। उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश बी. सुदर्शन रेड्डी ने 18वीं व्याख्यानमाला को संबोधित करते हुए विधायक के रूप में बदरीविशाल पित्ती के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वह बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। उन्होंने अनेक महत्वपूर्ण मुद्दे विधानसभा में उठाए। हैदराबाद नगर निगम के शहीद स्मारक के प्रस्ताव को रद्द करने पर मुख्यमंत्री का विरोध करते हुए निर्णय वापस लेने पर मजबूर किया। मजदूर नेताओं को हथकड़ी पहनाने का विरोध करते हुए उन्होंने इस प्रथा पर कड़ी आपत्ति जतायी। तेलंगाना के लिए संघर्ष करने वालों के लिए खतरनाक जैसे शब्द के उपयोग पर उनकी आपत्ति को स्वीकार किया गया। वह लोकतंत्र का व्यापक दृष्टिकोण रखते थे। सुदर्शन रेड्डी ने बताया कि सुरक्षा जाँच के मुद्दे पर आपत्ति जताने पर तत्कालीन प्रधानमंत्री चंद्रशेखर बदरीविशाल पित्ती का स्वागत करने के लिए पोर्टिको में खड़े थे।

ट्रस्ट के अध्यक्ष और प्रबंध न्यासी शरद पित्ती ने अपने संस्मरण सुनाते हुए कहा कि बदरीविशाल पित्ती में बड़े राजनेताओं के मुँह पर सच बोलने की हिम्मत थी। वह कट्टर हिन्दी समर्थक थे। जनहित के मुद्दों पर अड़ जाते थे। ग़रीबों के उद्धार के लिए उनके कामों को आगे बढ़ाने के लिए ट्रस्ट शुरू किया गया। उन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में ट्रस्ट द्वारा संचालित गतिविधियों की जानकारी दी। न्यासी लक्ष्मीनिवास शर्मा ने अपने संस्मरण सुनाते हुए पाँच पीढ़ियों के संबंध पर प्रकाश डाला। उन्होंने विशेष अतिथि का परिचय प्रस्तुत किया। न्यासी विजय कुमार ने बदरीविशाल पित्ती के मजदूर संघों के नेता के रूप में और राजनीतिक जीवन से जुड़े अनुभव साझा किये।

अजीत गुप्ता ने कहा कि एक व्यक्ति में इतनी सारी विशेषताएँ दुर्लभ होती है। उन्होंने बदरीविशाल पित्ती के जीवन के कई पहलुओं को साझा किया। शिक्षा, कला, संस्कृति, साहित्य, समाजसेवा के क्षेत्र में उनका योगदान भुलाया नहीं जा सकताख अवसर पर बदरीविशाल पन्नालाल पित्ती ट्रस्ट के तत्वावधान में बदरीविशाल पित्ती की 96वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में 'विधानसभा में बदरीविशाल' पुस्तक का लोकार्पण किया। विधानसभा अध्यक्ष ने पुस्तक के हिन्दी और तेलुगु संस्करणों का लोकार्पण किया। पुस्तक टी. गोपाल सिंह एवं अभिषेक रंजन सिंह द्वारा संकलित तथा अभिषेक राजा द्वारा संपादित है।

अवसर पर श्रीमती रमा पित्ती, अग्रवाल सेवा दल के रतन गुप्ता, विनय सी.अग्रवाल, अजीत गुप्ता, कैलाश केडिया, प्रदीप अग्रवाल, सुधीर गुप्ता, सुरेन्द्र गोयल, उर्मिला अग्रवाल, निखिल रानासरिया, दीपक गुप्ता, समाजसेवी गोपाल सिंह, शंकरलाल यादव, घनश्याम यादव, अभिषेक रंजन, सुशील नौलखसिया, वेणुगोपाल भट्टड़, वेणुगोपाल भट्टड़, राजीव सिंह, सुब्बाराव, जनार्दन, अग्रोहा बैंक के निदेशक विजय गुप्ता, राजेश अग्रवाल, किरण प्रकाश सहित नगर के गणमान्य लोग उपस्थित थे।






प्रेरणा फाउंडेशन संस्था की संस्थापिका एवं अध्यक्ष पूजा गुप्ता ने बताया कि संस्था के लोगो (चिन्ह) का विमोचन जूपाली कृष्ण राव मंत्री निषेध और उत्पाद, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री तेलंगाना द्वारा शुक्रवार को किया गया। इस अवसर पर मंत्री ने संस्था को शुभकामनाएं भी दीं।

# पारसनाथ जैन संघ रसूलपुरा के सामायिक मण्डल ने की महावीर धाम की यात्रा



**हैदराबाद, 29 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** श्री सहस्त्रफणा पारसनाथ जैन संघ रसूलपुरा की महिला विभाग के सामायिक मण्डल ने आदोनी के निकट श्री पार्श्व मणी तीर्थ जहां प्रभु की 1200 वर्ष प्राचीन दिव्य प्रतिमा विराजित है, कर्नूल के निकट नवनिर्मित महावीर धाम की यात्रा कर दर्शन-वंदन एवं अष्ट प्रकारी प्रभु पूजाकर यात्रा को सफल बनाया। संघ के ट्रस्टी जैनरत्न रमेश पी तातेड ने बताया कि यात्रा मे भाग लेने वालों में शशि जैन, रोहिणी भंडारी, पुष्पा आर तातेड, सविता सिंघी, पुष्पा गेमावत, प्रभा कोठारी, मंजु सिंघी, भाग्या बाफना, रेखा दोषी, नीता बाफना, लीला परमार, कला मेहता, रेखा शाह, अरुणा कामदार, उषा मेहता, रेखा मेहता, अनीता शाह, उर्मिला गुलेचा, संगीता ओस्वाल, कीर्ति, लकीशा, प्रनव बाफना आदि मुख्य हैं। संघ की तरफ से उनको बहुत-बहुत शुभकामनाएं व बधाई दी गई।

# सेवा शिविर में सिखाए जा रहे ठाकुरजी की प्रामाणिक सेवा के सरलतम उपाय




**हैदराबाद, 29 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भाग्यनगर मे पुष्टिमार्गीय सेवा शिविर का आयोजन श्रीवल्लभाचार्य मठ काचिगुडा में हो रहा है। इस सेवा शिविर में पुष्टिमार्गीय वैष्णवों के घर में सेवा, ठाकुरजी को जगाने का प्रकार, ठाकुरजी के भोग सजाने की विधि व्यवस्था, झारी भरना और उनकी दिन मेमें सेवा अनुसार क्रम, ठाकुरजी के स्नान व श्रृंगार, ठाकुरजी के आचमन/मुख वस्त्र और ठाकुरजी का पौढ़ाना और उनकी शैय्या सजावट सहित ठाकुरजी की सेवा सम्बंधित असंख्य प्रश्नों का समाधान स्वयं श्री जगद्गुरु महाप्रभु श्रीमद् वल्लभाचार्य वंशवतंस, पूज्य गोस्वामी गोविन्दरायजी (जेजे) पूज्य गोस्वामी श्रीमन्मथरायजी महाराजश्री (राय साहेब) के तत्वावधान में श्रीवल्लभाचार्य मठ (भाग्यनगर,काचिगुडा) पर शुक्रवार से 31 मार्च तक आयोजित हो रहा है।वैष्णवों के गृह रूपी निकुंज में विराजमान ठाकुरजी की प्रामाणिक सेवा की सरलतम् पद्धति एवं उसकी भावभावना तथा प्रभु साहित्य के प्रामाणिक नाम और उसके संबोधन इत्यादि वैष्णवों को इस शिविर में सिखाया जा रहा है। इस प्रकार के सेवा शिविर का आयोजन प्रथम बार भाग्यनगर में हो रहा है। जेजे श्री के मार्गदर्शन मे चल रही बालबोधोनि पाठशाला समय-समय पर इस प्रकार के आयोजन करने के संकल्प के साथ साथ भाग्यनगर- सौभाग्यनगर में 4 शाखाओं में (5-15 वर्ष के) बालक-बालिकाओं के लिए पाठशाला 7 साल से कार्यरत है।




अमीरपेट महिला मंडल ने शुक्रवार होटल इनर सर्किल में धूमधाम के साथ गणगौर महोत्सव मनाया। महोत्सव की मुख्य अतिथि शकुंतला राठी रहीं। इस अवसर पर मंडल की महिलाओं ने गौरा-शिव के साथ गणगौर पूजा की। महोत्सव में संयोजक श्वेता मानधना, दीपिका लोहिया, आरती बजाज, स्नेहा काबरा, अध्यक्ष, शीतला लड्डा, मंत्राणी पूजा झंवर, श्रुति भक्कड़, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, वंदना पुगलिया, सह मंत्राणी राधिका असावा, मंजू खेतान, रेखा काबरा, आरती लड्डा, अंजलि लोहिया, सरिता मूंदड़ा, प्रेमलता जालान, मंजू शुक्ला, संगीता असावा, स्वाति काबरा, सुमन अग्रवाल, उर्मिला भूतड़ा, निधि तापड़िया, मंजू राघव, अभिक्षा चांडक ईवा सलोनी भूतड़ा आदि मौजूद रहीं।

# अग्रवाल मानव सेवा मंच का 170वां नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर कल

**हैदराबाद, 29 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल मानव सेवा मंच के प्रचार-प्रसार संयोजक श्याम सुंदर अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि अग्रवाल मानव सेवा मंच द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर 31 मार्च रविवार को कबूतरखाना हैदराबाद स्थित श्री महेश्वरी विद्यालय में आयोजित होगा। जांच शिविर के प्रयोजक मनोहर लाल विद्याधर अग्रवाल (नलपुरिया) घांसीबाजार हैदराबाद है। इस जांच शिविर में केयर हॉस्पिटल बंजारा हिल्स के डाक्टरों द्वारा रक्तचाप, शुगर जांच, सामान्य रोगों संबंधित, हड्डियों के रोगों से संबंधित, स्त्री संबंधित रोगों, बच्चों संबंधित रोगों हृदय से संबंधित रोगों के मरीजों को सेवा प्रदान की जायेगी।

स्वरुप आई सेंटर के नेत्र विशेषज्ञो द्वारा नेत्र संबंधित सेवा प्रदान की जायेगी। डॉ. हरी बाबू स्किन एंड हेयर स्पेशलिस्टी सेंटर घांसी बजार हैदराबाद के डॉ. हरी बाबू द्वारा त्वचा रोगों से संबंधित सेवा प्रदान की जायेगी। एसएमएस ईएनटी हॉस्पिटल हिमायतनगर के विशेषज्ञों द्वारा नाक कान गला संबंधित रोगियों को सेवा प्रदान की जायेगी। दांतों संबंधित रोगियों को प्रियंका डेंटल क्लीनिक के डॉ. आशीष तोदी द्वारा सेवा प्रदान की जायेगी। वासवी फिजियोथैरेपी के डॉ रवी के नेतृत्व में फिजियोथैरेपी की सेवा प्रदान की जायेगी। बाल गो-विंद राय हेल्थ केयरके सरदार गोबिंद सिंह द्वारा प्राकृतिक विधी एकुप्रेशर के द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी रोगों के निराकरण हेतु सेवा प्रदान की जायेगी। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में नि:शुल्क दवाइयां का वितरण भवानी ग्रुप इंद्रबाग के अभिमन्यु अग्रवाल और पुष्पक अग्रवाल के नेतृत्व में पूरी टीम के द्वारा किया जाएगा। अग्रवाल मानव सेवा मंच ने स्थानीय वासियों से निवेदन कर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हो कर उपलब्ध सेवाओं को लाभ उठाने का निवेदन किया है।



कुमावत समाज एर्रागड्डा-बोराबण्डा शाखा के निर्विरोध अध्यक्ष बनने पर राजूराम बाकरेचा को बधाई देते हुए रामचन्द्र मावर, राकेश मावर, मोहनलाल मावर, भंवरलाल मावर, महेन्द्र आईस, गेपरराम मालीवाड़, चेनाराम रेणवाल एवं धर्माराम भोमावत।




काचीगुडा स्थित श्री रामा एन्क्लेव अपार्टमेंट मे भाजपा द्वारा घर-घर प्रचार कार्यक्रम मे केंद्रीय मंत्री एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और सिकंदराबाद लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार जी किशन रेड्डी की धर्मपत्नी एवं भाजपा नेत्री जी काव्या रेड्डीजी से मुलाक़ात करते हुए रिद्धिश जागीरदार, दिनेश गोसर एवं अन्य।

शुभ लाभ DAILY खबरें जो सोच बदल दे

# दलबदलुओं को मुंहतोड़ जवाब देगी तेलंगाना की जनता : केटीआर

**हैदराबाद, 29 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कई प्रमुख नेताओं द्वारा भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) से नाता तोड़ने के बाद पार्टी कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने शुक्रवार को कहा कि तेलंगाना के लोग उन लोगों को जवाब देंगे जो बीआरएस प्रमुख के.चंद्रशेखर को झटका देना चाहते हैं। एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से नवीनतम घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए केटीआर ने कहा कि केसीआर ने शून्य से सुनामी पैदा की और तेलंगाना राज्य हासिल किया जिसे असंभव माना जाता था।



बीआरएस नेता ने कहा कि केसीआर ने अपने साहस से अकेले यात्रा शुरू की और कई अपमानों, विश्वासघातों, साजिशों और साजिशों को तोड़ने के लिए लाखों लोगों की एक सेना बनाई। केटीआर ने कहा कि तेलंगाना के लोग उन राजनीतिक प्रवासियों को जवाब देंगे जो ऐसे बहादुर आदमी को कुछ कवर-अप और विश्वासघाती चालों से मारना चाहते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि लोग केसीआर को अपने दिलों में रखेंगे जिन्होंने जनता के आशीर्वाद और समर्थन से 14 साल तक संघर्ष किया, तेलंगाना राज्य हासिल किया और लाखों लोगों के जीवन को उज्ज्वल करने के लिए इसका चेहरा बदल दिया। केटीआर ने नेताओं की नई पीढ़ी तैयार करने और संघर्ष के रास्ते पर आगे बढ़ने का आह्वान किया।

चार महीने पहले कांग्रेस के हाथों सत्ता गंवाने वाली बीआरएस ने पांच मौजूदा सांसदों और एक विधायक सहित कई नेताओं को कांग्रेस या भाजपा के हाथों खो दिया है।

गुरुवार को बीआरएस को सबसे बड़ा झटका तब लगा, जब पार्टी महासचिव के.केशव राव और उनकी बेटी एवं हैदराबाद की मेयर विजयलक्ष्मी गडवाल ने कांग्रेस पार्टी में शामिल होने का फैसला किया। उसी दिन एक और झटका देते हुए, वारंगल लोकसभा सीट के लिए बीआरएस उम्मीदवार कादियाम काव्या ने घोषणा की कि वह चुनाव से बाहर हो रहे हैं।

केसीआर को लिखे पत्र में उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार, अतिक्रमण, फोन टैपिंग और शराब घोटाले के आरोपों के बारे में पार्टी नेताओं के बारे में हालिया मीडिया रिपोर्टों ने पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचाया है। काव्या वरिष्ठ नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री कादियाम श्रीहरि की बेटी हैं। उन्होंने कथित तौर पर कांग्रेस में शामिल होने का फैसला किया है।

काव्या या श्रीहरि के वारंगल से कांग्रेस के टिकट पर मैदान में उतरने की संभावना है। यदि श्रीहरि वफादारी बदलते हैं, तो वह ऐसा करने वाले दूसरे बीआरएस विधायक होंगे।

इससे पहले, हाल के चुनावों में खैराताबाद निर्वाचन क्षेत्र से चुने गए दानम नागेंद्र कांग्रेस में शामिल हो गए और कांग्रेस के टिकट पर सिकंदराबाद लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा केसीआर की बेटी के. कविता की गिरफ्तारी के बाद यह दलबदल और तेज हो गया।

# किशन रेड्डी को लोस चुनाव में राजग के 370 से 400 सीटें हासिल करने का भरोसा




**हैदराबाद, 29 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** केंद्रीय मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष जी. किशन रेड्डी ने विश्वास जताया है कि पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के साथ साझीदारी में 370 और 400 सीटें हासिल करेगी।

श्री रेड्डी ने शुक्रवार को शहर के तरनाका में आयोजित एक चुनावी बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा, राजग के साथ साझीदारी में 370 से 400 सीटें जीतने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने 13 मई को होने वाले आगामी तेलंगाना लोकसभा चुनावों के महत्व पर जोर देते हुए संसदीय चुनावों की तैयारी के लिए देश भर में चल रहे व्यापक अभियानों पर प्रकाश डाला।



वारंगल विधायक के कैंप कार्यालय में शुक्रवार को लोग अपनी समस्याएं बताने के लिए उमड़ पड़े क्योंकि शहर में लोगों की कई समस्याएं हैं। वहीं, जक्कुलोडी के गुडिसे के निवासी बड़ी संख्या में एकत्र हुए और पूर्व एमएलसी कोंडा मुरलीधर राव के सामने अपनी समस्याएं रखीं। बताया जाता है कि पूर्व एमएलसी कोंडा मुरलीधर राव ने कहा कि उनकी समस्या उनके संज्ञान में आने पर वह अधिकारियों से चर्चा कर समाधान करायेंगे।

# कागजनगर में मनाया गया तेलुगु देशम पार्टी पार्टी का 42वां स्थापना दिवस



**कागजनगर, 29 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलुगु देशम पार्टी के 42वें स्थापना दिवस के अवसर पर शुक्रवार को आदिलाबाद सांसद गुल्लापल्ली आनंद ने कागजनगर पार्टी कार्यालय में स्वर्गीय नंदमुरी तारक रामराव के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और पार्टी के झंडे का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 1982 से पहले आंध्र प्रदेश के तेलुगू लोगों को केंद्र द्वारा हेय दृष्टि से देखा जाता था। मुसीबत में फंसी तत्कालीन सरकारों ने इसकी परवाह नहीं की। उसी समय एनटीआर 29 मार्च, 1982 को उन्होंने तेलंगाना के मध्य में तेलुगु देशम पार्टी की स्थापना की। तेलुगु देशम पार्टी की स्थापना के नौ महीने के भीतर पार्टी ने सर्वोच्च बहुमत के साथ सत्ता संभाली और चारों दिशाओं में तेलुगु लोगों की महिमा दिखाई। उन्होंने कहा कि तेलुगु देशम पार्टी के कार्यकाल के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नारा चंद्रबाबू नायडू द्वारा गरीबों के कल्याण के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं जारी रखी गईं। जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि तेलुगू देशम पार्टी से ही विकास संभव है, आने वाले दिनों में हर गरीब को कल्याणकारी फल मिलेगा और तेलुगू देशम पार्टी का समर्थन करेंगे। उन्होंने कहा कि जनता के लिए मूल्यों वाली सरकार सिर्फ तेलुगु देशम पार्टी से ही संभव है। सबसे पहले पार्टी कार्यालय में केक काटा गया और जश्न मनाया गया। बाद में वरिष्ठ नेता चल्लूरी शंकर और रोज राव को शॉल बुके देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सांसद गुल्लापल्ली आनंद, पूर्व पार्षद गुल्लापल्ली लावण्या, सौभाग्य लक्ष्मी, राज्य बीसी सेल सचिव जय देवेंद्र, मंडल पार्टी के नेता गुलाब राव, मधुकर, नेता चल्लूरी शंकर, इलामनचिली श्रीनिवास, संजीव, सम्मागौड़, ताहेर, पूर्व एमपीटीसी रामचंदर सुरेंद्र, गुलाब, पोचम और अन्य ने भाग लिया।

# गुंडलकम्मा को दारसी से जोड़ने वाली नई रेलवे लाइन शुरू



**हैदराबाद, 29 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** दक्षिण मध्य रेलवे (एससीआर) ने गुंडलकम्मा और दारसी के बीच 27 किलोमीटर की दूरी तक नयी रेलवे लाइन पर रेलों का परिचालन शुरू कर दिया है। एससीआर द्वारा शुक्रवार को दी गई जानकारी के अनुसार यह नई रेलवे लाइन आंध्र प्रदेश राज्य में नादिकुडी-श्रीकालाहस्ती नयी रेलवे लाइन परियोजना का हिस्सा, इस नये परिचालन खंड द्वारा शुरू में ट्रेनों को अधिकतम 75 किमी प्रति घंटे की गति से संचालित करने की अनुमति दी गई है।

नादिकुडी-श्रीकालाहस्ती नई रेलवे लाइन परियोजना दक्षिण मध्य रेलवे द्वारा आंध्र प्रदेश राज्य में शुरू की गई महत्वपूर्ण और प्रतिष्ठित परियोजनाओं में से एक है। यह पहली बार गुंटूर, प्रकाशम और नेल्लोर जिलों के आंतरिक क्षेत्रों में कई नए क्षेत्रों को रेल नेटवर्क से जोड़ता है।

इस परियोजना को वर्ष 2011-12 में 309 किलोमीटर की 2,289 करोड़ की अनुमानित लागत पर इस प्रावधान के साथ स्वीकृत की गई थी कि परियोजना में रेलवे और आंध्र प्रदेश सरकार के बीच 50% लागत साझेदारी होगी और राज्य सरकार द्वारा आवश्यक भूमि निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी।

पिदुगुराल्ला-सावल्यापुरम के बीच 47 किलोमीटर का पहला खंड पहले ही पूरा हो चुका है और विद्युतीकरण के साथ चालू हो चुका है।

नादिकुडी- पिदुगुरल्ला के बीच का खंड बीबीनगर को गुंटूर से जोड़ने वाली मौजूदा लाइन में पड़ता है और सावल्यापुरम - गुंडलाकम्मा के बीच का खंड गुंटूर को गुंटकल से जोड़ने वाली मौजूदा रेल लाइन पर पड़ता है। अब, गुंडलाकम्मा-दारसी के बीच 27 किलोमीटर के खंड के पूरा होने और चालू होने के साथ ही नादिकुडी-दारसी के बीच 122 किलोमीटर की रेल लाइन का निरंतर विस्तार ट्रेन सेवाओं के संचालन के लिए उपलब्ध होगा।

यह परियोजना आंध्र प्रदेश राज्य में रेल नेटवर्क के विस्तार के लिए शुरू की गई है और इसे विजयवाड़ा और चेन्नई के बीच वर्तमान तटीय रेलवे लाइन के वैकल्पिक मार्ग के रूप में संकल्पित किया गया है। वर्तमान मार्ग संतृप्त है और कभी-कभी चक्रवात और बाढ़ के अधीन होता है, जिसके परिणामस्वरूप गंभीर परिणाम होते हैं और रेल यातायात में व्यवधान उत्पन्न होता है। प्रस्तावित नई लाइन न केवल एक वैकल्पिक मार्ग के रूप में कार्य करेगी, बल्कि पर्याप्त यात्री यातायात के लिए गुंजाइश प्रदान करने के अलावा, इस खनिज समृद्ध बेल्ट में माल परिवहन की सुविधा भी प्रदान करेगी। एक बार परियोजना पूरी हो जाने पर गुंटूर और मंदिर शहर तिरुपति के बीच सबसे छोटे मार्ग के रूप में काम करेगा।

# कविता को तिहाड़ जेल में नहीं मिला घर का खाना और गद्दे

## *बीआरएस नेता ने कोर्ट में लगाई याचिका*



**नई दिल्ली, 29 मार्च (एजेंसियां)।** भारत राष्ट्र समिति की नेता के कविता ने तिहाड़ जेल सुपरिटेंडेंट के खिलाफ राऊज एवेन्यु कोर्ट में याचिका लगाई है। कविता की मांग है कि उन्हें कोर्ट ऑर्डर के मुताबिक घर का बना खाना और गद्दे उपलब्ध कराने की अनुमति दी जाए।

कविता ने कहा कि उनकी सेहत के लिए यह जरूरी है कि उन्हें घर का खाना दिया जाए। कविता ने जेल में अपना चश्मा, जप माला, चप्पल, बेडशीट, किताबें, कंबल, पेन, आभूषण, दवा आदि उपलब्ध कराने के लिए तिहाड़ अधिकारियों को निर्देश देने का भी अनुरोध किया है। हालांकि, 26 मार्च के आदेश के मुताबिक कविता को जेल में इनमें से कुछ भी नहीं ले जाने दिया है। कविता की याचिका पर जस्टिस कावेरी बावेजा ने गुरुवार को तिहाड़ जेल अधिकारियों से जवाब मांगा और मामले की सुनवाई 30 मार्च को तय की है।

# तेलंगाना में ईसाइयों ने मनाया गुड फ्राइडे



**हैदराबाद, 29 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हैदराबाद, सिकंदराबाद और अन्य क्षेत्रों में ईसाइयों ने विशेष प्रार्थनाओं और उपवास के माध्यम से, यीशु मसीह को सूली पर चढ़ने के प्रतीक के रूप में गुड फ्राइडे मनाया। शहर के सभी चर्चों में विशेष सेवाएं आयोजित की गईं, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्र हुए। इस दौरान, जो लोग चर्च में उपस्थित होने असमर्थ थे, उन्हें प्रार्थना में शामिल करने के लिये विभिन्न प्लेटफार्मों पर लाइव प्रसारण का इंतजाम किया गया है।

# दमरे ने नांदेड़ डिवीजन में पूर्ववर्ती ब्रॉड गेज का 100% विद्युतीकरण का कार्य किया पूरा

**हैदराबाद, 29 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मिशन विद्युतीकरण की दिशा में एक बड़ा जोर देते हुए दक्षिण मध्य रेलवे युद्ध स्तर पर अपने नेटवर्क में अपनी संपूर्ण व्यस्त रेलवे लाइनों का विद्युतीकरण कर रहा है। इसके हिस्से के रूप में, जोन द्वारा मनमाड-मुदखेड़-धोन परियोजना को सफलतापूर्वक पूरा किया गया है। इस परियोजना के हिस्से के रूप में 43.3 रूट किलोमीटर की दूरी के लिए मिर्खाल-मालटेकडी के बीच अंतिम गैर-विद्युतीकृत रेलवे लाइन को विद्युतीकृत किया गया है।

934 आरकेएम विद्युतीकरण परियोजना के इस अंतिम खंड के पूरा होने के साथ महाराष्ट्र राज्य में नांदेड़ डिवीजन ने एक मील का पत्थर हासिल किया है, क्योंकि इसकी पूर्ववर्ती ब्रॉड गेज रेल लाइनों में से 100% अब विद्युतीकृत हैं, उन रेल लाइनों को छोड़कर जिन्हें हाल ही में मीटर गेज से ब्रॉड गेज में परिवर्तित किया गया है।

एससीआर पर मनमाड-मुदखेड़ खंड मराठवाड़ा क्षेत्र में देश के पश्चिमी हिस्सों को देश के दक्षिणी हिस्से से जोड़ने वाला महत्वपूर्ण रेल लिंक है। यह खंड मराठवाड़ा क्षेत्र को पश्चिम में वित्तीय राजधानी मुंबई, दक्षिण में हैदराबाद, बेंगलुरु और चेन्नई जैसे महत्वपूर्ण शहरों और पूर्व में नागपुर और बिलासपुर से जोड़ता है। इसके महत्व को ध्यान में रखते हुए, मनमाड-मुदखेड-धोन विद्युतीकरण परियोजना के हिस्से के रूप में मनमाड-मुदखेड खंड के विद्युतीकरण को मंजूरी दी गई है।

इस परियोजना को वर्ष 2015-16 में 783 किलोमीटर की दूरी के लिए 865 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत पर मंजूरी दी गई थी। पूरे खंड का विद्युतीकरण विभिन्न हिस्सों में शुरू किया गया है।



इस परियोजना में महाराष्ट्र, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश शामिल हैं और इसे विभिन्न चरणों में क्रियान्वित किया जा रहा है। तेलंगाना में परियोजना की लंबाई धर्माबाद-कुरनूल शहर (मनोहराबाद-महबूबनगर को छोड़कर) के बीच लगभग 406 किलोमीटर है, कुरनूल-धोन के बीच 54 किलोमीटर की दूरी का खंड आंध्र प्रदेश में पड़ता है। मनमाड-मुदखेड के बीच का खंड मोटे तौर पर मराठवाड़ा क्षेत्र में आता है और 406 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए महाराष्ट्र राज्य का हिस्सा है।

ट्रेनों की निर्बाध आवाजाही की सुविधा प्रदान करते हुए पूरी परियोजना अब सफलतापूर्वक पूरी हो गई है। यह एससीआर में केंद्रीय रेलवे विद्युतीकरण संगठन (कोर) द्वारा की जा रही सभी रेल परियोजनाओं के विद्युतीकरण के 100% पूरा होने का भी प्रतीक है।

रेल लाइनों का विद्युतीकरण कर्षण शक्ति में परिवर्तन से बचाकर ट्रेनों की निर्बाध आवाजाही प्रदान करने में मदद करता है।

इससे कोचिंग और मालगाड़ियों दोनों की मार्ग में रुकावट कम हो जाती है जिससे ट्रेनों की औसत गति में सुधार होता है।

अनुभागीय क्षमता में वृद्धि के कारण इन अनुभागों में अधिक ट्रेनें शुरू करने की क्षमता है। यह ईंधन लागत बचाने के साथ-साथ ट्रेनों को ऊर्जा प्रदान करने का एक पर्यावरण-अनुकूल साधन भी है।

# अलग-अलग जातियों को साधेंगे एनडीए के घटक दल

**नई दिल्ली, 29 मार्च (एजेंसियां)।**
बिहार में जीत की गारंटी की राह में दलों-गठबंधनों के लिए सबसे बड़ी पहेली जातिगत समीकरण हैं। बीते करीब साढ़े तीन दशक का इतिहास रहा है कि जिसने भी इसे साधने में सफलता हासिल की, जीत की चाबी उसी के हाथ लगी। इस सच्चाई को भांपते हुए भाजपा की अगुवाई वाले एनडीए ने सहयोगियों को अलग-अलग जाति और वर्ग को साधने की जिम्मेदारी दी है। टिकट वितरण में भी जाति समीकरण को साधने की रणनीति साफ तौर पर झलकती है।



भाजपा, जदयू, हम और आरएलएम ने 40 लोकसभा सीटों वाले बिहार में अब तक 35 उम्मीदवार घोषित किए हैं। इनमें भाजपा ने अगड़ों और पिछड़ों में यादव बिरादरी को प्राथमिकता दी है। नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले जदयू ने अपने हिस्से की 16 सीटों में से 11 सीटें पिछड़ा वर्ग (ओबीसी 6, अति पिछड़ा 5), एक-एक सीट अल्पसंख्यक और महादलित को दी है। गया सीट पर महादलित बिरादरी के जीतनराम मांझी, तो काराकाट सीट पर कुशवाहा बिरादरी के उपेंद्र कुशवाहा खुद उम्मीदवार होंगे। लोजपा अध्यक्ष चिराग पासवान ने अपने हिस्से की पांच सीटों पर उम्मीदवार घोषित नहीं किए हैं। हालांकि उनके हिस्से की तीन सीटें एससी सुरक्षित है। इन पर दलित उम्मीदवार का आना तय है। बाकी की दो सीटों में से एक सीट अल्पसंख्यक, तो एक अगड़ा को दिया जाना तय है। ऐसे में 40 सीटों के गणित को देखें, तो एनडीए में टिकट पाने वालों में ओबीसी के 18, सामान्य वर्ग के 14, एससी से 6 और अल्पसंख्यक बिरादरी के 2 उम्मीदवार होंगे।

एनडीए ने अपनी सूची में अगड़ा वर्ग के 14 नेताओं को मौका दिया है। इनमें राजपूत बिरादरी (6 सीट) को वरीयता मिली है। भाजपा ने इस बिरादरी के पांच, तो जदयू ने एक को मौका दिया है। ब्राह्मण बिरादरी से भाजपा ने दो, तो जदयू ने एक, भूमिहार बिरादरी से भाजपा ने दो, तो जदयू ने एक, जबकि कायस्थ बिरादरी से भाजपा ने एक नेता को मौका दिया है। एनडीए की नजर राज्य की आबादी में पिछड़ी जातियों में सबसे बड़ी बिरादरी यादव पर है। इसी यादव और मुस्लिम समीकरण पर विपक्षी महागठबंधन की नींव खड़ी है। खासतौर से यादव बिरादरी में सेंध लगाने की जिम्मेदारी भाजपा की है। पार्टी ने तीन उम्मीदवार केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय, पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव, अशोक यादव को यादव बाहुल्य सीटों पर उम्मीदवार बनाया है। इस बिरादरी के ही गिरिधारी यादव को जदयू ने बांका से टिकट दिया है।

# तमिलनाडु में दिखा भाजपा-तमिल मनीला कांग्रेस का भाईचारा

## अन्नामलाई ने वेणुगोपाल के लिए किया प्रचार

**चेन्नई, 29 मार्च (एजेंसियां)।**
तमिलनाडु के भाजपा अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने तमिल मनीला कांग्रेस उम्मीदवार वीएन वेणुगोपाल के लिए श्रीपेरुमबुदुर में चुनाव प्रचार किया। प्रचार के दौरान भाजपा नेता ने वेणुगोपाल की तारीफ भी की। उन्होंने कहा कि वेणुगोपाल के अलावा इस क्षेत्र का विकास कोई और नहीं कर सकता है।

चुनाव प्रचार के दौरान श्रीपेरुमबुदुर में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अन्नामलाई ने कहा, अगर वीएन वेणुगोपाल के अलावा कोई और जीतता है तो इस निर्वाचन क्षेत्र में कुछ भी अच्छा नहीं होगा। श्रीपेरुमबुदुर एक उद्योग आधारित इलाका है। अन्नामलाई ने भाजपा सरकार की सराहना करते हुए द्रमुक पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार ने सब्सिडी दी है। उन्होंने किसानों को 45 लाख रुपए की राशि भी दी है, लेकिन द्रमुक सरकार किसानों के खिलाफ है। द्रमुक ने सिपकॉट (तमिलनाडु उद्योग निगम) के लिए किसानों से उनकी जमीनें ले ली। द्रमुक ने पेट्रोल-डीजल के दामों को कम करने का वादा किया था, लेकिन उन्होंने ऐसा कुछ भी नहीं किया। लेकिन इसी दौरान



हमारे प्रधानमंत्री ने कीमतें कम कीं।

अन्नामलाई ने कहा, तमिलनाडु के लोग राष्ट्रीय दृष्टिकोण के साथ वोट देने जा रहे हैं। तमिलनाडु मोदी जी की राह पर चलेगा। अगर आप हमारे 2019 का घोषणापत्र देखें तो हमने अपने सभी 295 वादों पर अमल किया है। द्रमुक ने 511 वादे किए, लेकिन उनमें से 20 भी वह पूरा नहीं कर पाए। हम सीएम एमके स्टालिन से अपने सभी चुनावी वादों और पिछले 33 महीनों में उन्होंने क्या किया है, इस पर एक श्वेत पत्र पेश करने की मांग कर रहे हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि द्रमुक ने अबतक अपने चुनावी वादे का 20 फीसदी भी पूरा नहीं किया है, लेकिन मुख्यमंत्री का कहना है कि उन्होंने 90 फीसदी काम पूरा कर लिया है।

# एफआईआर कराने पहुंची महिला से पुलिसकर्मियों ने किया गैंगरेप, एसपी ने दिए जांच के आदेश

**बीकानेर, 29 मार्च (एजेंसियां)।**
बेटे की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने गई एक महिला के साथ थाने में तैनात तीन पुलिसकर्मियों द्वारा दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद जब महिला ने इस संबंध में पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करानी चाही तो थाना स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद महिला ने पुलिस अधीक्षक के पास मामले की शिकायत दर्ज की।

पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम ने मामले पर तुरंत संज्ञान लेते हुए बंद लिफाफे में थाने में परिवाद भेजकर मुकदमा दर्ज कराया। साथ ही गुरुवार देर रात वे स्वयं भी बीकानेर से छतरगढ़ के लिए रवाना हो गईं।




महिला ने रिपोर्ट में बताया कि चार साल पहले उसका बेटा गुम हो गया था। उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने महिला छतरगढ़ थाने गई थी। तब वहां मौजूद सिपाहियों ने महिला की रिपोर्ट दर्ज नहीं की और उसे वहां से टरका दिया। इसके बाद वह पुलिस के उच्चाधिकारियों से मिली, तो पिछले साल उसकी शिकायत दर्ज की गई। रिपोर्ट दर्ज होने बाद वह फिर थाने के चक्कर लगाती रही। इस दौरान थाने के रीडर विनोद बिश्नोई, सिपाही दिलीपदास व करम सिंह ने उसे नशीला पेय पिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। जब महिला को होश आया, तो आरोपी पुलिसकर्मियों ने बताया कि उन्होंने उसके अश्लील फोटो और वीडियो बना लिए हैं। इसके बाद वे उसे धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगे और घर आकर भी बार-बार दुष्कर्म करते रहे। बार-बार हो रही इस प्रताड़ना से तंग आकर महिला ने जिला पुलिस अधीक्षक से मिलकर अपनी आपबीती बताई। जिला पुलिस अधीक्षक ने मामले की गंभीरता को देखते हुए बंद लिफाफा थाने भेजकर एफआईआर दर्ज करने और मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

# महिला आयोग की वाइस चेयरपर्सन पहुंची झज्जर, महिला थाने का निरीक्षण

**झज्जर, 29 मार्च (एजेंसियां)।**
हरियाणा महिला आयोग की वाइस चेयरपर्सन सोनिया अग्रवाल शुक्रवार को झज्जर पहुंची। उन्होंने महिला थाने और वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने नहिला थाने में आए हुए शिकायतकर्ताओ से भी बात की। उन्होंने महिला थाने और वन स्टॉप सेंटर का रिकॉर्ड भी चेक किया। उन्होंने महिला थाने में मेस, महिला सेल, मुंशी रूम की जांच की। उन्होंने महिला कर्मियों की बैठक ली और उनकी समस्याओं को भी जाना। वाइस चेयरमैन ने दो शिकायतकर्ताओ से फोन पर बात की और मशीला थाने की कार्रवाई की जानकारी ली। दोनों शिकायतकर्ता ने अपनी संतुष्टि जाहिर की।

वाइस चेयरपर्सन ने वन स्टॉप सेंटर का रिकॉर्ड भी चेक किया। उन्होंने पिछले सालों में खर्च हुई राशि का रिकॉर्ड भी देखा और सुविधाओं का निरिक्षण किया।

# पेट्रोल पंप डीलर एसोसिएशन ने हड़ताल की स्थगित पेट्रोलियम मंत्रालय ने 15 जुलाई तक का मांगा समय

**पानीपत, 29 मार्च (एजेंसियां)।**
डीलर्स ने तेल कंपनियों पर पिछले सात साल से कमीशन न बढ़ाने का आरोप लगाया है। अब हरियाणा-पंजाब के पेट्रोल डीलर एसोसिएशन ने 30 और 31 की हड़ताल स्थगित कर दी है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने कमीशन को लेकर 15 जुलाई तक का समय मांगा है। हरियाणा पंप डीलर एसोसिएशन के बैनर तले शुक्रवार को पानीपत के जिमखाना क्लब में बैठक हुई। हरियाणा पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन के प्रधान संजीव चौधरी और पंजाब पेट्रोलियम डीलर जत्थेबंदी के प्रधान परमजीत सिंह दोआबा पहुंचे। बैठक में हरियाणा और पंजाब के पंप डीलर शामिल हुए।

उन्होंने बैठक में कंपनियों की अनदेखी और पंप संचालकों की परेशानी को लेकर खुलकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि हरियाणा में करीब चार हजार और पंजाब में दस हजार पेट्रोल पंप हैं। पंप संचालक लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर स्थानीय और आला अधिकारियों के सामने अपनी मांग रख चुके हैं, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं की जा रही है। अंबाला में 16 और 17 मार्च को बैठक कर आगामी रणनीति बनाने का फैसला लिया था। इसी कड़ी में शुक्रवार को पानीपत में बैठक की।

संजीव चौधरी ने बताया कि तेल कंपनियों को हर छह महीने में कमीशन बढ़ाए जाने हैं।

बैठक



श्रीमती कौशल्या देवी

श्रीमती कौशल्या देवी
(धर्मपत्नी स्व. निरंजनलाल जी सिंघल)

हमारी आदरणीय बहन श्रीमती कौशल्या देवी का
स्वर्गवास दि. 29-03-2024 शुक्रवार को
मंडी अटेली (हरियाणा) में हो गया।
भगवान उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे।

* बैठक *
दिनांक : 30-03-2024 शनिवार
समय 3 से 5 बजे सायंकाल, हमारे निवास स्थान पर होगी।

- शोकाकुल -
विष्णु दयाल, सुरेश कुमार, गोपाल, रमेश, नन्दलाल (भाई)
नरेश कुमार, बजरंग लाल, रवीन्द्र दिलीप, अनिल (भतीजे)
एवम समस्त रामस्वरूप परिवार बसई वाले।

-निवास स्थान-
केदारमलजी मालीरामजी
Flat 402 वामसीराम BRKR, बरकतपुरा चमन
बीजेपी ऑफिस के पास
मो.: 9948122252, 8125758925, 9293942656

शुभ लाभ — खबरें जो सोच बदल दे — हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# एनएमडीसी ने पूर्व कर्मचारी पोर्टल सम्मान का किया अनावरण

**हैदराबाद, 29 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**



अपने आदर्श विचारों नौकरी के साथ भी, नौकरी के बाद भी को मूर्त रूप देते हुए जिम्मेदार खनिक एनएमडीसी ने पूर्व कार्मिकों के लिए सम्मान पोर्टल लॉन्च करके डिजिटल नवाचार में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस पहल का शुभारंभ गुरुवार 28 मार्च को हैदराबाद में कंपनी के मुख्यालय में अमिताभ मुखर्जी अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार) ने विनय कुमार, निदेशक (तकनीकी), बी. विश्वनाथ, सीवीओ, परियोजना प्रमुखों, मुख्यालय के विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में किया।भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक के रूप में एनएमडीसी न केवल औद्योगिक उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध है बल्कि मानव संसाधन को भी अत्यधिक महत्व देता है जो इसकी सफलता का प्रमुख कारक है। सम्मान इस प्रतिबद्धता का एक सूचक है, जो पूर्व कर्मचारियों को विभिन्न चिकित्सा दावों का प्रबंधन करने, व्यक्तिगत प्रोफाइल, आश्रितों के विवरण और आवेदन की स्थिति देखने के लिए एक सहज, डिजिटल प्लेटफॉर्म ऑनलाइन प्रदान करता है। प्रयोक्ता अनुकूल इस पोर्टल को समय पर प्रतिपूर्ति और सभी सेवानिवृत्ति सेवाओं तक आसान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिससे एनएमडीसी के पूर्व कर्मचारियों को उनकी दहलीज तक आरामदायक और सुविधाजनक सेवा मिलती रहे।

लॉन्च के अवसर पर बोलते हुए अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार) ने कहा, अपने पूर्व कर्मचारियों के जीवन को आसान बनाने की दिशा में योगदान करके हमें प्रसन्नता हो रही है।

सम्मान सेवानिवृत्ति के बाद भी एनएमडीसी परिवार को परे-शानी के बिना लाभ प्रदान करने की हमारी मूल भावना का प्रतिनिधित्व करता है। यह पहल उन लोगों के योगदान का सम्मान करने के हमारे विश्वास की पुष्टि करता है जो हमारी यात्रा का एक अभिन्न हिस्सा रहे हैं। सम्मान की शुरूआत न केवल एनएमडीसी की डिजिटल यात्रा में एक नया अध्याय है, बल्किएनएमडीसी परिवार के अतीत और वर्तमान के सभी सदस्यों के लिए एक देखभाल युक्त और समावेशी वातावरण को बढ़ावा देने के लिए कंपनी के समर्पण को भी मजबूत आधार प्रदान करता है।

# गारंटी के नाम पर बाजीगरी कर रहे हैं सीएम रेवंत : प्रवीण कुमार

**कागजनगर, 29 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**



बीआरएस नेता और पूर्व आईपीएस अधिकारी डॉ. आरएस प्रवीण कुमार ने कहा कि सत्ता में आए मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने 100 दिनों में छह गारंटी लागू करने का वादा किया था पर वह उन्हें आज तक पूरा नहीं कर पाई। संसदीय चुनावों की तैयारी बैठकों के हिस्से के रूप में उन्होंने काग़ज़नगर शहर में सिरपुर टी निर्वाचन क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की एक बैठक में भाग लिया और संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी पर किसी को विश्वास नहीं है और वह वादों को पूरा नहीं कर पाने के लिए विपक्षी दल के नेताओं की आलोचना कर रही है। अगर सरकार से किये गये वादों के बारे में सवाल किया जाता है तो वे अवैध मामले बना रहे हैं और उन्हें डरा रहे हैं।

उन्होंने घोषणा की कि वह संविधान के अधिकारों की रक्षा के लिए बीआरएस पार्टी में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि बहुजनवाद और तेलंगानावाद एक ही हैं और केंद्र में भाजपा इन तर्कों को खत्म करने की कोशिश करेगी। उन्होंने कहा कि अगर संविधान को निरस्त कर दिया गया और आरक्षण हटा दिया गया तो लोगों को आजादी नहीं मिलेगी और उनके अधिकार खत्म हो जायेंगे।





ध्यान फाऊंडेशन गौशाला के तत्वावधान में अत्तापुर के एसएनसी कन्वेंशन में शुक्रवार से आयोजित नानी बाई को मायरो के कथावाचक श्री राधा कृष्ण जी महाराज एवं एवं पंजाब से पधारे राष्ट्रीय गौरक्षा दल के अध्यक्ष सतीश शर्मा से रूबरू हो सम्मान करते हुए श्री राजस्थानी नव जागृति मंच के पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल जोशी एवं श्री श्याम मित्र मंडल के संरक्षक पवन नालपुरिया, गौरक्षा दल के राष्ट्रीय महामंत्री कोटी श्रीधर, गोरक्षा दल तेलंगाना के अध्यक्ष कालू सिंह, सतीश सिंह सहित अन्य।

# आंध्र प्रदेश में टिकट मिलने पर रोए भाजपा नेता,पार्टी सिंबल को किया दंडवत प्रणाम

## बोले-30 साल की मेहनत का फल मिला



**अमरावती, 29 मार्च (एजेंसियां)।**

आंध्र प्रदेश के नरसापुरम से बीजेपी नेता भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा को पार्टी ने इस बार चुनाव में टिकट दिया है। भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा भाजपा, टीडीपी और जनसेना के संयुक्त उम्मीदवार हैं। वे पिछले 30 साल से भाजपा में काम कर रहे हैं और वर्तमान में आंध्र प्रदेश में भाजपा राज्य सचिव हैं। इस साल होने वाले लोकसभा चुनाव में वे नरसापुरम से चुनाव लड़ने वाले हैं। सीट मिलने की खबर सुनते ही भूपतिराजू भावुक हो उठे और भाजपा के चुनावी चिह्न को दंडवत प्रणाम किया। इस वीडियो को भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर शेयर करते हुए लिखा, मेरा जीवन कमल को समर्पित है। यह मान्यता 30 वर्षों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। भूपतिराजू का ये वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है।


Manav Seva Madhav Seva
Badrivishal Pannalal Pitti Trust
Agarwal Seva Dal
in coordination with
Sree Adinath Bhaktamber Shakthi Dham
Managed By : Jain Madanraj Padmavathi Kanchandevi Rai Sony Charitable Trust (Reg.)
Organises
126th Camp MEGA MEDICAL CAMP FREE
In Associates with
SHRI BHAGWAN MAHAVEER VIKLANG SAHAYATA SAMITI, Hyderabad
TX Hospital, Banjara Hills, Hyd.
LCS Dundoo Eye Institute, West Marredpally, Hyd.
Free Aids & Appliances
Artificial Limbs | Hand Kits | Callipers | Hands
Specialities at the Camp
•EYE CHECKUP (FREE CATARACT SURGERY & OPTICALS TO THE NEEDY)
•GENERAL PHYSICIAN
•DENTAL (LALITHA DENTAL CLINIC, DR. SANJAY SURYAVAMSHI)
•PHYSIOTHERAPY BAJAJ PHYSIO CARE (DR. MEETA BAJAJ)
•ORTHOPAEDIC
•CARDIOLOGY
•GYNECOLOGY
•ECG / BMD
•RBS / BP CHECKUP
रविवार 31 मार्च 2024
प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक
VENUE : The Jain International School
Survey No. 349/364, Kalakal Viilage
REGISTRATION 10.00 AM to 12 NOON
शिविर में जरूरतमंद रोगियों के लिए निःशुल्क डायलिसिस की सेवा भी उपलब्ध करवायी जायेगी।
: संयोजक :
प्रदीप अग्रवाल 9246504222 | सुधीर गुप्ता 9550522277 | सुरेन्द्र गोयल 9866493222 | रवी 8501877158 | गौरा रेड्डी 9849009409 | मधू 8247798340
AGROHA BANK
AGROHA CO-OPERATIVE URBAN BANK LTD.
Opp. High Court, Rikabgunj, Hyderabad - 500002 Ph-040-24511322, 7093326428
Deposit more than 3 years upto 7 Years 8.85%
Sr. Citizen, REGD Trusts 0.50 Extra



Dhyan Foundation
Journey of Spirit
ध्यान फाउण्डेशन गौशाला
पेद्दाशापुर, गोलुरू रोड, स्टैच्यू ऑफ इक्वालिटी के समीप, शमशाबाद
के तत्ववाधवान में ध्यान फाउण्डेशन के अश्विनी गुरुजी
की प्रेरणा से गौशाला के सहायतार्थ
नानी बाई का मायरा
29 से 31 मार्च 2024
दोपहर 3:30 से 6:30 बजे
कथा स्थल : एस.एन.सी. कन्वेंशन
पिल्लर नं.268, अत्तापुर, हैदराबाद
सस्नेह निमंत्रण
गोवत्स प.पू. श्री राधाकृष्णजी महाराज
के मुखारविंद से
सभी भक्तगण, गौभक्त, धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारी एवं सदस्यों से सविनय निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारकर धर्म लाभ प्राप्त करें।
मुख्य यजमान श्री मदनलाल चन्द्रकांत डाकोतिया
मायरा यजमान श्री तिरुपति बालाजी
दैनिक यजमान
श्री राजकुमार सारडा इन्द्रा सारडा
श्री महेन्द्र खेतान (Lodha Casa Paradiso, Sanathnagar)
श्री साकेत सुरेशचन्द्र अग्रवाल (Lodha Casa Paradiso, Sanathnagar)
श्री हनुमानप्रसाद गोयल अमीरपेट, हैदराबाद
श्री धनुंनजय अग्रवाल नामपल्ली, हैदराबाद
श्री कृष्णकुमार गर्ग (DSR Fortune Prime, Madhapur)
श्री विकास मित्तल (DSR Fortune Prime, Madhapur)
श्री अमित अग्रवाल अंजनी टॉवर्स, अमीरपेट, हैदराबाद
श्री नन्दकिशोर दरक श्रीमती पुष्पा देवी दरक
श्री राकेश नालपुरिया हिमायतनगर, हैदराबाद
ध्यान फाउण्डेशन गौशाला के निरंतर परम सहयोगी
मुकुन्दलालजी डोबा, जगदीशजी सर्राफ, विशम्बरजी अग्रवाल, विकासजी अग्रवाल (एम्बीयंस फोर्ट), महेन्दरजी डाकोतिया, प्रदीपजी अग्रवाल (सौंथलिया, शमशाबाद), शंकरजी अग्रवाल (पर्ल काउंटी), राजेशजी अग्रवाल, विजय आनन्दजी, देवाशीषजी, सुनन्दाजी, विश्वनाथजी, घनश्यामजी पटेल, दिव्य शक्ति (सुशीलजी), दीपकजी विजयवर्गीय (फाउण्डर ट्रस्टी), शैलेशजी (फाउण्डर ट्रस्टी), विनयजी (फाउण्डर ट्रस्टी), अंकितजी (फाउण्डर ट्रस्टी), दीपकजी मनोकामना (फाउण्डर ट्रस्टी), संदीपजी टिबारुमल, पंकजजी टिबारुमल, शंकरलालजी (महालक्ष्मी ज्वेलर्स), आनन्दजी मोर (मोर ज्वेलर्स), सागरमलजी विनोदकुमारजी धूलिया, बंकटजी भाटी, विट्ठलदासजी मीठु सेठ (बड़ेगाँववाले), आशीषजी सर्राफ, ऑप्टिमस ड्रग्स प्रा. लि. (श्रीनिवास रेड्डी), मुरलीधरजी पलोड, जसमत भाई पटेल, जगन्नाथजी रामकिशनजी (बेल्लमपल्ली वाले), नरेशजी विजयवर्गीय, महेन्दरजी विजयवर्गीय, दामोदरजी विजयवर्गीय, बजरंगलालजी सुनीलकुमारजी (श्री ज्वेलर्स), आशीषजी मोदी, दर्शनजी अग्रवाल (कोमपल्ली), विजयकुमारजी अंजनेशजी सिंघानिया, विजयलक्ष्मीजी अग्रवाल, जगन्नाथजी सरस्वतीजी अग्रवाल (बेल्लमपल्ली), सत्यनारायणजी गोपालदासजी बंग, मिश्रीलालजी शिवशंकरजी अग्रवाल (बेरी वाले), छगनलाल ज्वेलर्स, बालाजी हाऊसिंग वैल्यू (विकासजी), एस.के. मामाजी (स्व. बालकिशनजी विजयवर्गीय), हितेषजी अग्रवाल, सुरेन्दरजी गोयाल, शिवानीजी सिंघानिया, शिवानीजी (माताजी), विमलजी भैय्या (करनी टेसोरो, अत्तापुर), संतोषजी व संजयजी (बेगम बाजार), अतुलजी, राजकुमारजी सारडा, हनुमानप्रसादजी गोयल, महेन्दरजी खेतान (सिकन्दराबाद), साकेतजी, किशनजी अग्रवाल (गर्ग), विकासजी मित्तल, अमितजी अग्रवाल, मनोजजी मित्तल, रुपेशजी सोनी, नरेन्दरजी गोयल, चिमनलालजी सुरेशकुमारजी अग्रवाल, करणजी अग्रवाल, दीपक बाबु (सनराइस), पंकजजी अग्रवाल (एम्बीयंस फोर्ट), डॉ. संजय तापडिया, प्रतापजी जडेजा (एस.एन.सी. कन्वेंशन), लक्ष्मीप्रसाद (गौलीपुरा), रविजी सिंघानिया, अनिलजी अग्रवाल, हार्दिक दर्गा, रमाकान्त गोयल, सुशील पचेरिया, सुरेन्दरजी गुप्ता, सुरेशजी बंसल, नितिनजी अग्रवाल (स्टोन फारेवर), किशनकुमारजी अग्रवाल (गुड्डु), चेतनजी मंडोलिया, रोहित गुप्ता (लाला दवासाज), सुनीलजी अग्रवाल (बिनोदीलाल अग्रवाल), आनन्दजी अग्रवाल, पवनजी भुवानिया, राजेश गुप्ता (हीरा मसाला), रविकांतजी सिंघानिया, नारायणलालजी अग्रवाल, नरेशजी भगेरिया, रमेशचन्दजी नवीनजी अग्रवाल, मोनीषजी अग्रवाल (नवदुर्गा ज्वेलर्स), प्रवीणजी गुप्ता (डीएसआर फार्चून प्राइम), बाबुजी गोपालदासजी बंसल, प्रमोदजी अग्रवाल, संदीपजी विजयवर्गीय, दीपकजी विजयवर्गीय (मुन्नालाल दवासाज), अभयजी मोतीवाल, माणिकचन्दजी गुप्ता, आदित्य भाई, बीजुजी तुलस्यान, मनोहरलालजी गुप्ता, मुरारीलालजी अग्रवाल, श्री ब्रिजगोपालजी लाहोटी, संजयजी अग्रवाल, गिरधारीलालजी, दीपकजी अग्रवाल, लक्ष्मीनारायणजी राठी, दीपकजी सिंघानिया, संजयजी चौहान, मनीषजी (अल्कलायड्स प्रा. लि.), नरेशजी बागरोडिया, गोविन्दजी अग्रवाल (श्री बालाजी ज्वेलर्स), शिवचरणजी अग्रवाल, हेमाजी तायल गोवत्स फाउण्डेशन, अग्रवाल केयर फाउण्डेशन, अमावस्या डोनेशन ग्रुप, माँ दुर्गा कृपा संस्थान चैरिटेबल ट्रस्ट एण्ड 16 नित्य अमेरिका, राम राम ग्रुप, रामजी के भरोसे ग्रुप, मॉर्निंग वॉकर्स ग्रुप (अमीरपेट), लौह पुरुष सेवा समिति, 10 जेम्स सेवा समिति, लव फॉर काव फाउण्डेशन
संपर्क सूत्र : मीनाक्षी विजयवर्गीय 9959996677, दीपक विजयवर्गीय 9848046793


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.